सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

वार्षिक रिपोर्ट

2020-2021

मुखपृष्ठ चित्र



रिकवरी प्रचालनों के दौरान पृष्ठभूमि में ओआरवी सागर निधि के साथ इनकॉइस फ्लक्स बुआय। यह हिंद महासागर में अपने प्रकार का प्रथम है, बुआय ने मॉनसून मौसम के दौरान वायु-समुद्र अंत:क्रियाओं को समझने के लिए प्रत्यक्ष सहचरता अभिवाहों समेत उच्च विभेदन सतही समुद्री मौसम-विज्ञानीय एवं उप-सतही महासागरीय डेटा का मापन किया।

पार्श्वपृष्ठ चित्र

मुक्तेश्वर (उत्तराखण्ड) में संस्थापित एक स्वेदशी निर्मित एक्स बैंड, ड्युअल बैंड पोलाराइज्ड डॉपलर मौसम राडार। यह राडार उत्तराखण्ड के मध्य एवं पूर्वी क्षेत्र में तथा 100 किमी तक के निकटवर्ती क्षेत्रों में प्रचण्ड मौसम घटनाओं के द्रुत विकास पर सूचना प्रदान करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



सत्यमेव जयते

वार्षिक रिपोर्ट

2020-2021

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

भारत सरकार

अनुक्रम

1. सिंहावलोकन 1

2. वायुमंडल तथा जलवायु अनुसंधान, प्रेक्षण, विज्ञान तथा सेवाएं (ACROSS)..... 7

3. समुद्री सेवाएँ, मॉडलिंग, अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी (ओ-स्मार्ट) 25

4. ध्रुवीय और हिमांकमंडलीय अनुसंधान (पेसर) 40

5. भूकंप विज्ञान और भू विज्ञान अनुसंधान (सेज) 49

6. रिसर्च, एज्यूकेशन, ट्रैनिंग एण्ड आउटरीच (रीचआउट) 59

7. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग 66

8. प्रकाशन, पेटेंट्स, पुरस्कार एवं सम्मान 73

9. प्रशासनिक सहायता 114

10. आभार 120

अध्याय 1 | सिंहावलोकन

पृथ्वी प्रणाली विज्ञान, पृथ्वी प्रणाली के सभी पाँच घटकों अर्थात वायुमंडल, जलमंडल, हिमांक मंडल स्थलमंडल एवं जैवमंडल और उनकी जटिल अंतःक्रियाओं पर कार्य करता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) मौसम, जलवायु, महासागर, तटीय अवस्था, जलीय एवं भूकंप संबंधी सेवाएँ प्रदान करने के लिए पृथ्वी प्रणाली विज्ञान से संबंधी सभी पहलुमो को समग्र रूप से ध्यान देता है। सेवाओं में पूर्वानुमान और बहुत–सी प्राकृतिक आपदायें जैसे कि चक्रवातीय तूफान, झंझा महोर्मि, बाढ़, ऊष्मा तरंगें, तड़ित झंझा एवं तड़ित और भूकंप इत्यादि के लिए चेतावनी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मंत्रालय के पास महासागरीय सर्वेक्षण करने और सजीव एवं निर्जीव संसाधनों के लिए अन्वेषण और सभी तीन ध्रुवों (आर्कटिक, अंटार्कटिक एवं हिमालय) के अन्वेषण करने का अधिदेश भी प्राप्त है। मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सेवाओं का उपयोग विभिन्न निकायों एवं राज्य सरकारों द्वारा प्राकृतिक आपदाओं के कारण मानव जीवन को बचाने एवं क्षति को न्यूनतम बनाने के लिए प्रभावी रूप से किया जा रहा है। कई नवीन अनुप्रयोग क्षेत्रों को मौसम पूर्वानुमान के लिए पहचाना गया है जैसे कि ऊर्जा क्षेत्र। विगत वर्षों में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने पाँच प्रमुख कार्यक्रमों के अधीन कई मुख्य उपलब्धियाँ प्राप्त की गई हैं, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:

1.1 वायुमंडलीय एवं जलवायु अनुसंधान–मॉडलिंग प्रेक्षणी प्रणालियाँ और सेवाएँ (ACROSS)

आपदा प्रबंधन निकायों द्वारा क्षेत्रकार्य से संयुक्त आईएमडी द्वारा अम्फान, निसर्ग एवं निवर के विशुद्ध एवं सामायिक पूर्वानुमान ने हज़ारों मूल्यवान जिंदगियों को बचाने में सहायता की है। उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के पदचिह्न एवं तीव्रता पूर्वानुमान विगत कुछ वर्षों में विशेष रूप से उन्नत हो गए हैं। ट्रैक के पूर्वानुमान और भू-दर्श में 24 घंटे के पूर्वानुमान में त्रुटियाँ वर्ष 2006 एवं 2020 के बीच क्रमशः 141 कि.मी. से 73 कि.मी. और 99 कि.मी. से 18 कि.मी. तक घट गयी हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने दक्षिण एशियाई देशों भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल एवं श्रीलंका के लिए अपने तरह की पहली आकस्मिक बाढ़ निर्देशन सेवाओं की शुरूआत की।

देश में मौसमविज्ञानी प्रेक्षणात्मक नेटवर्क निम्नलिखित को शामिल करने के लिए बढ़ाया गया:

i) मौसमविज्ञानी प्रेक्षणशाला(MO) लेह, 31 अक्तूबर 2019 को लद्दाख के एक केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद, को पूर्ण विकसित मौसम विज्ञानिकीय केंद्र (MC) में दर्जा बढ़ाया गया। लेह के विज्ञानिकीयकेंद्र का उद्घाटन पृथ्वी विज्ञान के माननीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा दिनांक 29 दिसंबर 2020 को किया गया।

ii) सत्रह उच्च पवन गति अभिलेखी (HWSR) विशाखापट्टनम, मछलीपट्टनम, चेन्नई, गोवा, कुडालोर, भुवनेश्वर, काकीनाडा, पुरी, ओनगोले, दीघा, कवली, हाल्दिया, पामबन, गोपालपुर, कन्याकुमारी, वेरावल एवं भुज में संस्थापित किए गए।

iii) भारत मौसम विज्ञान विभाग(IMD) ने 25 देशव्यापी नेटवर्क स्थापित कि है। "पृथ्वी एवं वायुमंडलीय अध्ययन" के लिए वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणाली (GNSS) स्टेशन संस्थापित किए गए हैं और एकीकृत अवक्षेपणीय जल वाष्प (IPWV) को चालित करने के लिए अधिकृत हैं।

iv) शीतकालीन कोहरा अभियान(WIFEX) का छठा चरण नवंबर 2020 - मार्च 2021 के दौरान आई.जी.आई. विमानपत्तन, नई दिल्ली और हिसार में संचालित किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने मेसर्स एंट्रीक्स कार्पोरेशन लि. इसरो के साथ एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से इनसैट–3 डी, इनसैट-3 DR, इनसैट-3 DR एवं इनसैट-3 DSउपग्रहों के लिए बहु–मिशन मौसमविज्ञानी डाटा अभिग्राही एवं प्रक्रमण प्रणाली (MMDRPS) स्थापित की है। समर्पित नवीन पृथ्वी स्टेशनों को MMDRPS परियोजना के अधीन स्थापित किया गया है, जिनके पास इनसैट–3 D, इनसैट-3 DR एवं इनसैट-3 DS उपग्रहों के लिए बहु–मिशन मौसमविज्ञानी डाटा अभिग्राही एवं प्रक्रमण प्रणाली (MMDRPS) स्थापित की है। समर्पित नवीन पृथ्वी स्टेशनों को MMDRPS परियोजना के अधीन स्थापित किया गया है, जिनके पास इनसैट-3D, इनसैट-3 DR एवं इनसैट-3 DS उपग्रह से डाटा प्राप्त करने की क्षमता है।

वर्ष 2020 में, 45 जिला एग्रोमेट इकाईयाँ आई.एम.डी. एवं आई.सी.ए.आर. द्वारा संयुक्त रूप से कृषि विज्ञान केंद्रों के परिसर में स्थापित किए गए। वर्तमान में, 310 जिला एग्रोमेट इकाईयाँ एवं प्रखंड स्तर पर अर्धसाप्ताहिक एग्रोमेट बुलेटिन आधारित मध्यम परास मौसम पूर्वानुमान तैयार करती हैं। वर्तमान में, ऐसे बुलेटिन देश में 690 जिलों एवं 2256 प्रखंडों के लिए जारी किए जाते हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग का नया मोबाइल एप्प "मौसम" डॉ. हर्षवर्धन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और पृथ्वी विज्ञान

के माननीय मंत्री द्वारा दिनांक 27 जुलाई को लॉन्च किया गया। इस मोबाइल ऐप का प्रयोग व्यापक तौर पर स्थान विशिष्ट पूर्वानुमानों के लिए उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है।

एन.सी.एम.आर.डब्ल्यू.एफ. ने इस अवधि के दौरान अपने वैश्विक एवं क्षेत्रीय वायुमंडलीय डाटा एसिमिलेशन प्रणाली में कई नवीन प्रेक्षणों को प्राप्त करना एवं उपयोग करना शुरू कर दिया है। वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणाली–उपग्रहों से रेडियो ग्रहणों (GNSS-RO) डाटा, यूरोप इत्यादि के ऊपर पवन परिच्छेदिका प्रेक्षणों से प्राप्त डाटा ऐसे नवीन वैश्विक डाटा समुच्चय हैं जो वैश्विक डाटा एसिमिलेशन प्रणाली में अब स्वांगीकृत हो गए हैं। एन.सी.यू.एम. की दोनों वैश्विक एवं क्षेत्रीय DA प्रणालियों का कोटि उन्नयन डाटा एसिमिलेशन में वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिक प्रगतियों के समावेशन के लिए किया गया है। नवीन DA प्रणाली के पास मेघ – प्रभावित उपग्रहीय सूक्ष्मतरंग प्रेक्षणों के कुछ भाग को आत्मसात करने की क्षमता है।वर्ष के दौरान, एन.सी.एम.आर.डब्ल्यू.एफ. ने दो उच्च विभेदन के पुनर्विश्लेषण डाटा समुच्चयों को उपलब्ध किया है (i) एन.सी.यू.एम. प्रतिरूप का प्रयोग करके 12 कि.मी. के विभेदन पर भारतीय क्षेत्र के ऊपर 40 वर्षों की अवधि 1979 से 2018 के लिए क्षेत्रीय पुनर्विश्लेषण और (ii) एन.जी.एफ.एस. प्रणाली का प्रयोग करके 25 कि.मी. के विभेदन पर 20 वर्षों की अवधि वर्ष 1999 से 2018 तक का वैश्विक पुनर्विश्लेषण।

10 दिनों के लिए 21 सदस्यों के GEFS समुच्च पूर्वानुमान दिनांक 01 जुलाई 2020 से TIGGE वैश्विक पुरालेख को उपलब्ध कराए गए हैं। 21 सदस्यों एवं 10 दिनों के अग्रिम समय के लिए आई.एम.डी. का GEFS T1534 पूर्वानुमान दिनांक 1 जुलाई 2020 से ECMWF पर TIGGE (अंतर्राष्ट्रीय भव्य वैश्विक समुच्चय)पुरालेख के साथ साझा किए जा रहे हैं।

विस्तृत रेंज समय माप (अग्रिम में 2-3 सप्ताह) में स्वास्थ्य क्षेत्र (मलेरिया इत्यादि की पूर्वानुमान घटना) के लिए प्रायिकतात्मक पूर्वानुमान के लिए पद्धति पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित की गई है। यह एक अपर्यवेक्षित प्रतिमान मान्यता तकनीक पर आधारित है जो मौसमविज्ञानी प्राचलों को निवेश जैसा प्रयोग करता है और जो भारत में किसी भौगोलिक स्थानक के प्रति प्रयुक्त किया जा सकता है। इस प्रणाली पर आधारित, संक्रियात्मक पूर्वानुमान 2021 के मानसून ऋतु से तैयार किया जाएगा।

एक बहुत ही उच्च–विभेदन (400 मी.) की संक्रियात्मक वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली दिल्ली में चरम वायु प्रदूषण की घटनाओं का पूर्वानुमान लगाने और भारत सरकार के नवीन अभिकल्पित प्रवणित अनुक्रिया कार्रवाई योजना (GRAP)के अनुसार आवश्यक कदम उठाने हेतु सामायिक चेतावनी जारी करने के लिए विकसित की गई। इस प्रणाली का विकास संयुक्त रूप से पृविमं के वैज्ञानिकों और राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान केंद्र (NCAR), यू.एस.ए. द्वारा किया गया था। दूसरी संक्रियात्मक वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली विकसित की गई थी और फिनिश मौसमविज्ञानी संस्थान के सहकार्य में आई.एम.डी. द्वारा संक्रियात्मक बनाया गया है।

भारतीय क्षेत्र के ऊपर जलवायु परिवर्तन के निर्धारण पर एक नयी मुक्त अभिगम पुस्तक जून 2020 में प्रकाशित की गई थी। यह भारतीय क्षेत्र के लिए पहली राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन निर्धारण रिपोर्ट है। प्रतिवेदन भारतीय उपमहाद्वीप, निकटवर्ती हिंद महासागर, हिमालय एवं क्षेत्रीय मानसून पर मानव–प्रेरित वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की चर्चा करता है।

लगभग 100 एकड़ भूमि का क्षेत्र मध्य प्रदेश (भोपाल से लगभग 50 कि.मी.) के सिहोर जिले में सिलखेड़ा गाँव में एक वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण तल (ART) स्थापित करने के लिए मध्य प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त किया गया है। ART कार्यक्रम एक बहुत ही केंद्रित प्रेक्षणात्मक एवं वैश्लेषिक अनुसंधान प्रयास है जो दोनों प्रेक्षणात्मक कार्य पद्धति एवं मानसून पूर्वानुमान प्रतिरूपों में सुधार की गति बढ़ाने के हित में प्रतिरूप गणनाओं के साथ प्रेक्षणों की तुलना करेगा। यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए एक अद्वितीय सुविधा है।

1.2 महासागरीय सेवाएँ, प्रतिरूपण, अनुप्रयोग, संसाधन एवं प्रौद्योगिकी (O-SMART)

इंकॉईस (INCOIS) की मुख्य सेवा–संभाव्य मत्स्य–ग्रहण प्रक्षेत्र (PFZ) की सलाहकारिताएँ स्मार्ट मानचित्र में जनवरी से नवंबर 2020 तक की अवधि के लिए और उपग्रहीय डाटा की उपलब्धता, मत्स्यन–प्रतिबंध की अवधि और प्रतिकूल समुद्री–अवस्था की हालत में दैनिक आधार पर बहुभाषीय पाठ्यरूप के लिए अनवरत फैलाये जाते हैं। लघु पात्र सलाहकारी एवं वन सेवा प्रणाली (SVAS) असंख्य लघु मत्स्यन पात्रों को महासागरीय अवस्थिति की सूचना प्रदान करने के लिए शुरू की गयी जो भारत के तटीय जल के ऊपर चलती हैं।

IOC-UNESCO ने दिनांक 7 अगस्त 2020 को आयोजित एक आभासी घटना के माध्यम से वेंकटरायपुर एवं नोलियसही ग्राम समुदायों और OSDMA अधिकारियों को सुनामी तत्परता समुदायों के रूप में मान्यता प्रमाणपत्र और सराहना प्रमाण पत्र प्रदान किया जो हिंद महासागरीय क्षेत्र में अपने तरह का पहला है। डिजीटल ओशेन (DO),

महासागरीय डाटा की व्यवस्था करने के लिए एक प्रगत वेब–अनुप्रयोग परियोजना दिनांक 29 दिसंबर 2020 को पृथ्वी विज्ञान के माननीय मंत्री द्वारा उद्घाटित किया गया था। DO, एडवांस विजुएलाइजेश (3D एवं 4D एनीमेशन सहित) एवं विश्लेषण यंत्रों के साथ–साथ विषम महासागरीय डाटा को कुशल रूप से एकीकृत और प्रबंध करने के लिए एक गतिक फ्रेमवर्क प्रदान करता है।

एक तटीय जल गुणवत्ता सूचक (CWQI) मानचित्र अगस्त 2020 में संचालित पोत विहार से प्राप्त परिणामों पर आधारित आंध्र प्रदेश तट के लिए तैयार किया गया। संपूर्ण भारतीय तट के लिए तट रेखा परिवर्तन दर भारतीय उपग्रह के प्रतिबिंबो एवं क्षेत्र मापों का प्रयोग करके विश्लेषित किया गया है। तट रेखा परिवर्तन मानचित्रों (1:25000 माप) की 526 इकाईयों को वर्ष 1990-2018 के लिए 11 डाटा सेटों का प्रयोग करके प्रमाणिक मूलसंधि की सहायता से उत्पन्न किया गया है।

आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग में, बृहन्मुंबई नगर निगम (MCGM), एन.सी.सी.आर. चेन्नई ने मुंबई के लिए iFLOWS-मुंबई से संबंधित एकीकृत बाढ़ चेतावनी तंत्र विकसित किया है, जिसे पृथ्वी विज्ञान के माननीय मंत्री एवं महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिनांक 12 जून 2020 को शुरू किया गया था। वर्ष 2020 के मानसून ऋतु के दौरान, प्रणाली बहुत ही उपयोगी साबित हुई।

खुला महासागरीय डाटा प्रदान करने के लिए, छह गहरे समुद्री प्लवों को गोदी पर लगाया गया था, जो इंकॉईस एवं आई.एम.डी. के पास वास्तविक समय में फैलाए गए हैं और सुनामी की शीघ्र चेतावनी के लिए भी प्रयुक्त किए जाते हैं। एक निम्न तापमान का तापीय विलवणीकरण (LTTD) संयंत्र जनवरी 2020 में कालपेनी, लक्षद्वीप में सफलतापूर्वक लगाया गया है। सागरीय सूक्ष्मशैवाल से औषधीय महत्त्वपूर्ण ल्यूटीन के उत्पादन के लिए F/2 के साथ 2 टन घुड़दौड़ मैदान में सागरीय स्पिरूलीना के प्रयोगात्मक माप की द्रव्यमान संस्कृति विकसित की गई है और NRDC के माध्यम से प्रौद्योगिकी मेसर्स वेक्ट्रोजेन बायोलॉजिकल्स प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को स्थानांतरित किया गया। इनसैट संचार के साथ अपवाही प्लव का स्वदेशीकरण पूरा कर लिया गया है और वाणिज्यीकरण के लिए NRDC के अधीन दो भारतीय उद्योगों के साथ प्रौद्योगिकी अनुज्ञापन सहमति पर हस्ताक्षर किए गए।

1.3 ध्रुवीय एवं हिमांकमंडल अनुसंधान (PACER)

सभी वैज्ञानिक परियोजनाएँ एवं संचालन प्रक्रियाएं 39 वें भारतीय अंटार्कटिक अभियान के दौरान सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। स्टेशनों को भोजन एवं रसद, ईंधन, अतिरिक्तों चीजें इत्यादि की पुनः आपूर्ति करने के बाद, अभियान जलयान एम.वी. वसिलीय गोलोवनिन दिनांक 26 मार्च 2020 को वापसी समुद्री यात्रा के लिए चल पड़ा।

हिमालय में चंद्र बेसिन की ओर एक अभियान सितंबर–अक्तूबर 2020 के दौरान चालू किया गया। बहुत–सी क्षेत्रीय गतिविधियाँ जैसे कि स्टेक नेटवर्किंग, बर्फ/हिम संचयन एवं अपक्षरण के लिए हिम गर्तों की माप, निर्वहन स्थल काअनुरक्षण, जल स्तर का डाटा संग्रहण, स्वचालित मौसम स्टेशन (AWS) का डाटा संकलन एवं अनुरक्षण, हिमनद पृष्ठ गलन पर कचरा आवरण प्रभाव का प्रेक्षण, प्रोथ निगरानी के लिए GNSS सर्वेक्षण और हिमनद हिम वेग पूरे किए गए।

महासागरीय एवं ध्रुवीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी पर BRICS कार्यकारी दल की तीसरी बैठक दिनांक 23 सितंबर 2020 को आनलाइन आयोजित की गयी थी। ब्राजील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रिका से लगभग 50 प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया और 21 वैज्ञानिक प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किए गए। महासागरीय एवं ध्रुवीय विज्ञानों के साथ–साथ BRICS देशों के बीच द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग के पहलुओं के क्षेत्र में प्रत्येक BRICS देश के वर्तमान अनुसंधान कार्यक्रम एवं भावी गतिविधियों पर चर्चा की गई।

1.4 भूकंप विज्ञान और भूविज्ञान अनुसंधान (SAGE)

जनवरी से नवंबर 2020 तक की अवधि में देश में और इसके इर्द–गिर्द कुल मिलाकर 1527 भूकंप दर्ज किए गए।इनमें से, 65 घटनाओं के परिणाम 5.0 और ऊपर, 277 घटनाएं सूक्ष्म प्रकृति की थीं और बाकी घटनाएं लघु भूकंपों की श्रेणी में आती हैं। कैलेन्डर वर्ष बिल्कुल चुनौति भरा रहा है क्योंकि देश के विभिन्न क्षेत्रों जैसे दिल्ली, पालघर, महाराष्ट्र एवं केरल के इडुकी जिले इत्यादि में सूक्ष्म भूकंप / समूह गतिविधि के कई प्रकरण सामने आए हैं। एक विस्तृत विश्लेषण, पिछले दो दशकों के दौरान दिल्ली में और इसके आस–पास 2.5 और इससे अधिक परिमाण के भूकंपों पर विचार करके किया गया। विश्लेषण ने दिखलाया कि i) दिल्ली में, भूकंप की सक्रियता अप्रैल–मई–जून के दौरान भूकंप की अधिकतम तीव्रता के साथ ऋतुवीय चक्र होता है और सामान्य तौर पर इस अवधि में 2.5 या अधिक परिणाम की 4-5 घटनाएं घटती हैं और ii) डाटा विश्लेषण की अवधि में भूकंप घटित होने की आवृत्ति में कोई निश्चित प्रतिमान नहीं है जो भूकंप की सक्रियता में कोई वृद्धि का सुझाव दे सकता था।

चार शहरों भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बतूर और मंगलोर का भूकंपीय माइक्रोजोनेशन कार्य लगभग पिछले दो वर्ष पहले शुरू हुआ, समापन की

प्रगत अवस्था में है।

इस वर्ष, भारत से एक वैज्ञानिक ने दिनांक 03 जनवरी से 06 फरवरी 2020 के दौरान सुदूर दक्षिणी प्रशांत महासागर में IODP-378 अभियान में भाग लिया। अभियान एक ड्रिलिंग तिर्यक काट के माध्यम से नूतनजीव जलवायु एवं महासागरीय विज्ञान के अभिलेख का अन्वेषण करने का लक्ष्य रखता था।

NCESS, तिरूवनंतपुरम ने एक समस्थानिक भूरासायनिकी सुविधा (IGF) स्थापित की जो एक 213nmNd की मेजबानी करता है: YAG लेजर एबलेशन माइक्रोप्रोब (टेलिडाइन CETAC) जो एक चतुर्ध्रुव ICP-MS (एगीलेन्ट 7800) और एक बहु–संग्राहक ICP-MS के साथ युग्मित किया जा सकता है। SEM या EPMA के प्रयोग से उच्च विभेदन के प्रतिबिंबक तकनीकों के उपयोग द्वारा, विभिन्न सहयंत्र खनिजों जैसे कि जिरकोन, मोनाजाइट, रूटाइल इत्यादि की आंतरिक संरचना का अध्ययन किया जा सकता है। प्रविधि का यह प्रभावशाली संयोजन दक्षिण भारत में कैम्ब्रियनपूर्व टेरेंस जैसे कि सदर्न ग्रैनुलाइट टेरेन (SGT) कर गहन समय क्रमिक विकास को विशेष रूप से समझने के लिए भारतीय ढ़ाल में बहुत–सी उत्कृष्ट भूगर्भीय समस्याओं का समाधान करने के लिए NCESS-IGF में अब नियमित रूप से प्रयुक्त किया जा रहा है। कोयना अंतःप्लेट भूकंपीय प्रक्षेत्र, महाराष्ट्र में वैज्ञानिक गहन ड्रिलिंग परियोजना के अधीन, प्रतिबल एवं खंडित डाटा सेटों के एकीकरण ने क्षेत्र में जलाशय सक्रिय भूकंपनीयता (RTS) में नवीन अंतःदृष्टि प्राप्त की।

1.5 रीचआउट

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने पृथ्वी विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता/मशीन अभ्यास के अधीन अनुसंधान प्रस्तावों के एक विशेष बुलावे की घोषणा की। लगभग 200 प्रस्तुतियाँ प्राप्त की गईं और वर्तमान में निर्धारण के अधीन है।

अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग करके ITCO ओशेन ने अपनी प्रक्रियाएँ जारी रखीं। ITCO ओशेन को वर्ष 2020-2023 तक 3 वर्षों की अवधि के लिए युनेस्को–ओशेन टीचर ग्लोबल अकादमी 2 (OTGA-2) के अधीन क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (RTC) के रूप में मान्यता दी गयी। जनवरी 2020–नवंबर 2020 के दौरान, **1731** लोगों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से भारत के 1150 (पुरूष 642, महिला 508) और 73 दूसरे देशों के 581 (पुरूष 345, महिला 236) हैं। तीन ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी संचालित किए गए हैं।

मई 2020 से "पृथ्वीविज्ञान पर लोकप्रिय व्याख्यान" पर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय वेबिनार – लाइव व्याख्यानों की एक श्रृंखला आयोजित की गईं। **अब तक, विभिन्न विषयों पर 38 लाइव वार्ताएँ प्रस्तुत की गईं है और आईआईटीएम के युट्युब चैनल पर अभिलेख बनाए गए हैं।** डेस्क (DESK) ने दूसरे अंतर्राष्ट्रीय निकायों में सहयोग में तीन अंतर्राष्ट्रीय कार्यशालाओं / सम्मेलनों का आयोजन किया। विश्व जल दिवस, विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व ओजोन दिवस एवं राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर डेस्क ने संगोष्ठियाँ एवं अन्य गतिविधियों का भी आयोजन किया।

मौसम एवं महासागरीय अवस्था पूर्वानुमान को अपनाकर वर्षा क्षेत्रों में किसानों, पशुधन मालिकों और मछुआरों को आमदनी प्राप्ति का आकलन करने के बाद पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने राष्ट्रीय प्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान केंद्र (NCAER), दिल्ली को मानसून मिशन एवं मंत्रालय द्वारा प्राप्त एचपीसी के आर्थिक लाभों के अध्ययन में लगाया। प्रतिवेदन ने लिंग परिप्रेक्ष्य से आर्थिक लाभों का भी परीक्षण किया। प्रतिवेदन उजागर करता है कि मानसून मिशन एवं एचपीसी सुविधाओं में लगभग 1000 करोड़ का भारत का निवेश 5 वर्ष की अवधि के लिए देश में लगभग 10.7 मिलीयन गरीबी रेखा से नीचे (BPL) कृषि परिवारों और 0.53 मिलीयन BPL मछुआरा वर्ग के परिवारों को 50 हजार करोड़ रूपयों का लाभ प्रदान करेगा। इस लाभ का लगभग 26.6% महिला वर्ग को श्रेय दिया जाता है।

दिनांक 27 जुलाई 2020 को पृविमं की एक अद्वितीय पहल नॉलेज रिसोर्सेज सेंटर नेटवर्क (KRCNet) का पृथ्वी विज्ञान के माननीय मंत्री द्वारा उद्घाटन किया गया। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और इसके संस्थानों के संपूर्ण ज्ञान एवं बौद्धिक संसाधनों को एकल गतिक वेब पोर्टल पर एकीकृत करता है। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया पहल के अधीन, पोर्टल विश्व में चौबीसों घंटे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और इसके संस्थानों के ज्ञान उत्पादों को जमा करने, मिलाने, सूचीपत्र बनाने, भंडारण करने एवं पुनः प्राप्त करने अपने किस्म की पहली डिजिटल प्रणाली है।

1.6 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय परा–राष्ट्रीय संयुक्त परियोजनाओं एवं संयुक्त विकासात्मक कार्य के माध्यम से अनुसंधान का दायरा बढ़ाने के लिए पृथ्वी विज्ञान से संबंधित सभी क्षेत्रों में वैज्ञानिक सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के साथ साझेदारी करता है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और राष्ट्रीय महासागरीय एवं वायुमंडलीय प्रशासन (NoAA) ने पृथ्वी विज्ञान एवं प्रेक्षणों पर वर्ष 2008 में एक समझौता ज्ञापन में भाग लिया और राजनयिक टिप्पणी के विनिमय के बाद, सहमति वर्ष 2010 में औपचारिक रूप से लागू हुआ और दस वर्षों की एक अवधि थी। समझौता ज्ञापन एक वर्चुअल कार्यक्रम में दिनांक 23 अक्तूबर 2020 को नवीकरण किया गया।

संयुक्त राज्य अमेरिका के भारतीय राजदूत श्री तरनजीत सिंह ने मंत्रालय की तरफ से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एवं यूएसजीएस के बीच दिनांक 1 नवंबर 2018 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन (MoU) के अधीन, एक मार्गदर्शी परियोजना के रूप में भारत के लिए भूकंप शीघ्र चेतावनी प्रणाली के विकास पर USGS के साथ एक संयुक्त सहयोगात्मक कार्य पर विचार किया जा रहा है। "भारत के लिए भूकंप की शीघ्र चेतावनी प्रणाली का विकास" पर चर्चा करने के लिए USGS के साथ एक अप्रत्यक्ष बैठक दिनांक 01 सितंबर 2020 को आयोजित की गयी थी जिसमें USGS के प्रतिनिधिगण, दिल्ली में यू.एस. दूतावास, एन.सी.एस. के निदेशक और वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित हुए।

भारत के तीन प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों हिमालय, भारत–गांगेय के मैदान एवं प्रायद्वीपीय भारत को समाविष्ट करने वाले "भारत में भोजन, ऊर्जा एवं पारितंत्र सेवाओं के लिए जल संसाधनों को कायम रखना" के अधीन तीन परियोजनाएँ पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, एनईआरसी-यूके द्वारा संयुक्त रूप से निधियन द्वारा पूरी की गई है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, एनईआरसी, प्रमुख अन्वेषक एवं सह–प्रमुख अन्वेषक का एक अप्रत्यक्ष अंतिम समीक्षा बैठक इन परियोजनाओं से झलकियों एवं बहिर्वेशों की समीक्षा करने के लिए दिनांक 24 नवंबर 2020 को आयोजित की गई। SWR से प्राप्त अनुसंधान, सफलता एवं शिक्षा की स्थिति दिखलाने के लिए, दिनांक 25 नवंबर 2020 को एक वेबिनार भी आयोजित किया गया था।

जनवरी 2019 में भारत एवं नार्वे के बीच हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के अधीन लिए गए संधारणीय विकास के लिए ब्लू इकोनॉमी पर संयुक्त कार्य दल के प्रति कार्रवाई करने पर, एक आशय-पत्र (LoI) "एकीकृत महासागरीय प्रबंध एवं अनुसंधान पहल" पर पृथिमं एवं नॉरवेजयाई मंत्रालय के बीच दिनांक 18 फरवरी 200 को हस्ताक्षर किया गया था। बिम्सटेक के महासचिव महामहिम एम.शहीदुल इस्लाम ने बिम्सटेक मौसम एवं जलवायु केंद्र (BCWC) का दौरा किया जिसकी दिनांक 13 फरवरी 2020 को एनसीएमआरडब्ल्यूएफ द्वारा मेजबानी की गई। प्रथम बिम्सटेक–आपदा प्रबंधन पर अंतर्सरकारी निपुण दल की बैठक पुरी, उड़ीसा में दिनांक 14 फरवरी 2020 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारी द्वारा आयोजित की गयी थी।

11वीं राइम्स (RIMES) परिषद बैठक दिनांक 20-22 जनवरी 2020 के दौरान बैंकाक, थाइलैंड में आयोजित की गई थी। 12वीं राइम्स परिषद की बैठक दिनांक 25-26 नवंबर 2020 के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से आयोजित की गयी थी। कोविड महामारी से संबद्ध कई प्रतिबंधों के बावजूद, राइम्स



चित्र 1.1: वर्षवार अनुसंधान पत्रों की संख्या और संचयी प्रभावी कारक

अपने सदस्यों एवं सहयोगी राज्यों को अबाधित सेवाएं प्रदान करने में समर्थ था। भारतीय गणराज्य के पृथ्वी विज्ञान के मंत्रालय और अध्यक्षीय मामलों के मंत्रालय यू.ए.ई. नेशनल सेंटर ऑफ मिटिरियोलॉजी के बीच वैज्ञानिक एवं तकनीकी सहयोग के लिए, एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर दिनांक 23 नवंबर 2020 को हस्ताक्षर किए गए।

1.7 वैज्ञानिक प्रकाशन

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के शुरूआत से उच्चतम, मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रमों के अधीन पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के वैज्ञानिकों द्वारा कुल 527 अनुसंधान पत्र वर्ष 2020 में प्रकाशित किए गए। प्रकाशित अनुसंधान पत्रों की संख्या और संपूर्ण प्रभाव कारक (1413.296) पूर्ववर्ती वर्षों की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक उच्चतर हैं (चित्र 1.1)। अनुसंधान पत्रों का औसत प्रभाव घटक 2.7 था।

1.9 बजट व्यय:

वर्ष 2020-21 के लिए मंत्रालय का संपूर्ण परिव्यय 2070 करोड़ रूपए था जो RE अवस्था पर घटकर 1300 करोड़ रूपए हो गया था। पिछले 13 वर्षों के लिए व्यय प्रोफाइल को नीचे की सारिणी में दिखलाया गया है। पिछले 13 वर्षों, वर्ष 2020-21 को छोड़कर, के दौरान BE के साथ–साथ वास्तविक व्यय में नियमित वृद्धि हुई है।

वर्ष	BE	RE	वास्तविक व्यय
2007-08	887.95	655.85	562.03
2008-09	972.90	820.00	751.69
2009-10	1213.20	1137.20	1080.51
2010-11	1305.25	1281.06	1098.07
2011-12	1569.12	1227.01	1174.58
2012-13	1672.29	1198.66	1177.14
2013-14	1693.73	1311.12	1248.15
2014-15	1702.23	1336.88	1294.35
2015-16	1622.68	1420.98	1296.80
2016-17	1672.45	1579.11	1459.76
2017-18	1719.48	1597.69	1547.73
2018-19	1800.00	1800.00	1745.63
2019-20	1901.76	1809.74	1722.59
2020-21	2070.00	1300.00	968.67*

*31.12.2020 की स्थिति के अनुसार

अध्याय 2 | वायुमंडल तथा जलवायु अनुसंधान, प्रेक्षण, विज्ञान तथा सेवाएं (ACROSS)

परिचय

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MOES) द्वारा विभिन्न उपयोगकर्ताओं को पूरे वर्ष - चौबीसों घंटे मौसम, जलवायु और जल मौसम विज्ञान संबंधी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। इन सेवाओं के प्रचालन और अनुसंधान दोनों पहलुओं को भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD), उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) और राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (NCMRWF) द्वारा सर्वसमावेशी कार्यक्रम, ACROSS के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाता है।

मौसम और जलवायु सेवाएं प्रदान करने की दिशा में वर्ष के दौरान अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की। संख्यात्मक मॉडलों में प्रेक्षण प्रणालियों तथा आँकड़ों का समावेशन करने में अनेक महत्वपूर्ण सुधार भी किए गए। गहन प्रेक्षण अभियान भी चलाए गए क्योंकि विशेष वायुमंडलीय प्रेक्षणों से हमें मॉडल के दोषों को समझने और मॉडलों की सटीकता में सुधार करने में सहायता मिलती है। ACROSS कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है:

2.1. प्रेक्षण प्रणालियाँ तथा फील्ड अभियान

लद्दाख क्षेत्र की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मौसम वेधशाला (MO), लेह को सम्पूर्ण मौसम केंद्र (MC) के रूप में उन्नत किया गया। नए मौसम केंद्र का उद्घाटन पृथ्वी विज्ञान मंत्री माननीय डॉ. हर्ष वर्धन ने 29 दिसंबर 2020 को किया, जिसमें लद्दाख के लेफ्टिनेंट गवर्नर माननीय श्री आर.के. माथुर तथा माननीय संसद सदस्य श्री जमयांग सेरिंग नांग्याल भी सम्मिलित हुए। लद्दाख के प्रशासन और जनता की सहायता के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा लेह और कारगिल दोनों जिलों के सभी हितधारकों को दैनिक आधार पर लघु अवधि (3 दिन) और मध्यम अवधि (12 दिन) से लेकर विस्तारित अवधि (1महीने) तक की मौसम पूर्वानुमान सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इस दौरान निम्नलिखित प्रेक्षण प्रणालियाँ स्थापित की गई।

- विशाखापट्टनम, मछलीपट्टनम, चेन्नै, गोवा, कुड्डलुर, भुवनेश्वर, काकीनाडा, पुरी, औंगोल, दीघा, कवाली, हल्दिया, पंबन, गोपालपुर, कन्याकुमारी, वेरावल और भुज में सत्रह (17) उच्च पवन गति रिकॉर्डर (HWSR) स्थापित किए गए।
- जनवरी 2020 के दौरान ओडिशा सरकार के सहयोग से मौसम केंद्र-भुवनेश्वर द्वारा नयागढ़, बौध, छतरपुर (गंजम), परलाखेमुंडी(गजपति) और रायगढ़ में पाँच (5) मैनुअल सतह वेधशालाएं स्थापित की गई। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) पुणे द्वारा गहन प्रेक्षाणात्मक अभियान चलाए गए और निम्नलिखित विवरण के अनुसार प्रेक्षण संजाल को सुदृढ़ किया गया:
- देश भर में इस प्रकार लाइटनिंग लोकेशन संजाल के कुल सेंसर की संख्या बढ़कर 83 हो गई है। धनबाद, कुल्लू, पालमपुर, लेह, पोर्टब्लेयर, अजमेर, विशाखापट्टनम, विजयवाड़ा और अनंतपुर और आईज़ल में तड़ित स्थिति संजाल (Lightning Location Network) के लिए नए सेंसर स्थापित किए गए हैं। मई 2020 में दामिनी तड़ित चेतावनी मोबाइल ऐप विकसित और प्रचालित किया गया। यह ऐप iPhone ऐप स्टोर पर डाउनलोड के लिए उपलब्ध है।
- उत्तर भारत में काजीरंगा वन के कार्बन अनुक्रमणिका विभव का अध्ययन करने के लिए, मृदा CO_2 फ्लक्स की गणना हेतु मृदा CO_2 सेंसर स्थापित किया गया।

2.1.1. मध्य भारत में वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण पटल (ART) सुविधा

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) पुणे ने मध्य प्रदेश के सिहोर जिले के सिलखेड़ा गाँव में ~100 एकड़ भूमि पर वायुमंडलीय अनुसंधान परीक्षण पटल (ART)सुविधा की स्थापना हेतु कार्य आरंभ किया है। यह ART कार्यक्रम अत्यधिक केंद्रित प्रेक्षण और विश्लेषणात्मक अनुसंधान प्रयास है जो प्रेक्षण पद्धति और मॉनसून अनुमान मॉडल दोनों में तेजी से सुधार लाने की दृष्टि से मॉडल की गणना के साथ प्रेक्षणों की तुलना करेगा। यह अंतरराष्ट्रीय मानकों की एक अद्वितीय सुविधा है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने ART साइट पर नागरिक और विद्युत अवसंरचना के विकास के लिए मार्च 2020 में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (CPWD) भोपाल के साथ एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए। ART साइट पर सी-बैंड रेडार की स्थापना के लिए 20-मीटर टॉवर के निर्माण का सिविल कार्य शुरू किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल कार्यालय में एक विकिरण मापी प्रोफाइलर स्थापित किया गया।

2.1.2 CAIPEEX फेज IV मेघ बीजन प्रयोग

मेघ वायुविलय परस्पर क्रिया तथा वर्षा संवर्धन प्रयोग (CAIPEEX) का उद्देश्य उष्णकटिबंधीय मेघों में मेघ और वर्षा प्रक्रियाओं को समझना है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने प्राकृतिक और कृत्रिम मेघों में मेघ और उच्च वर्षा प्रक्रियाओं के उच्च गुणवत्ता वाले प्रेक्षणों को एकत्र करने के लिए वर्ष 2018-19 और 2019-20 में वर्षा छाया क्षेत्र में एक सीडर (Beechcraft C-90) और एक उपकरण अनुसंधान विमान (Beechcraft B200) का उपयोग करके एक प्रेक्षण अभियान चलाया। पश्चिमी घाट के वर्षा छाया क्षेत्र पर मेघ बीजन (cloud seeding) और वर्षा में वृद्धि के लिए प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए एक वैज्ञानिक प्रयोग (CAIPEEX-फेज IV) किया गया। प्रयोग के एक भाग के रूप में, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान ने सोलापुर में एक दोहरे ध्रुवणमापीय सी-बैंड रेडार और तुलजापुर, महाराष्ट्र में दीर्घकालिक प्रेक्षण एकत्र करने के लिए एक प्रेक्षण सुविधा स्थापित की। सतह वर्षा के विस्तृत प्रेक्षणों के लिए बीजन क्षेत्र में 125 वर्षामापी स्थापित किए गए। 2018 और 2019 के वायुवाहित घटक के प्रयोग के परिणामस्वरूप 480 घंटे प्रेक्षण किए गए। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) की संस्तुतियों के अनुसार सफल मेघ बीजन (cloud seeding) के लिए भौतिक प्रयोग, सांख्यिकीय प्रयोग और संख्यात्मक अनुकरण के साथ उपयुक्त परिस्थितियों की जांच की जाती है। प्रयोग के परिणामस्वरूप वर्ष 2020 में 234 यादृच्छिक मेघ बीजन नमूनों का मूल्यांकन किया गया। सांख्यिकीय प्रयोगों से संकेत मिले कि बीजन के 10 x10 कि.मी. 2 निचली पवन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण परिणाम मिलते हैं।

2.1.3. उच्च तुंगता मेघ भौतिकी प्रयोगशाला (HACPL):

नगर निगम ग्रेटर मुंबई (MCGM) के लिए NCCR चेन्नै, IMD, IITM, और NCMRWF द्वारा संयुक्त रूप से मुंबई हेतु एकीकृत बाढ़ चेतावनी प्रणाली (IFLOWS-Mumbai) विकसित की गई। इस प्रणाली का उद्घाटन 12 जून 2020 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव जी बालासाहेब ठाकरे और केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा किया गया। यह भारी वर्षा की घटनाओं और चक्रवातों के दौरान बाढ़ के लिए 72 घंटे की प्रारंभिक चेतावनी के साथ-साथ तीन से छह घंटे का तात्कालिक अनुमान प्रदान करता है।

2.1.4. राष्ट्रीय वायु वाहित अनुसंधान (NFAR) सुविधा:

भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM)में बुनियादी ढांचे वाली मानव रहित एरियल प्रणाली (LARUS) सुविधा का उपयोग करके निम्न वायुमंडलीय अनुसंधान के नाम से मानव रहित एरियल सिस्टम (UAS) प्रयोगशाला की स्थापना की गई। IITM-UAV को DGCA के डिजिटल स्काई प्लेटफ़ॉर्म में सूचीबद्ध किया गया है और DGCA से विशिष्ट पहचान संख्या (UIN) भी प्राप्त की है। भारत में UAS प्रचालनों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया *(SOP)* तैयार की गई है।

2.1.5. मौसम पूर्वानुमान सेवाओं के लिए उपग्रह उत्पाद

हाल ही में, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने ISRO के साथ एक समझौता ज्ञापन के माध्यम से INSAT-3D, INSAT-3DR और INSAT-3DS उपग्रहों के लिए मल्टी-मिशन मौसम विज्ञान आँकड़ा प्राप्ति तथा प्रक्रिया प्रणाली (MMDRPS) की स्थापना की। MMDRPS परियोजना के अंतर्गत समर्पित नए अर्थ स्टेशन स्थापित किए गए हैं, जो INSAT-3D, INSAT-3DR और आगामी INSAT-3DS उपग्रह से आँकड़े प्राप्त करने की क्षमता रखते हैं। MMDRPS प्रणाली में ऑर्डर के 2.0 / 2.0PB (मुख्य / मिरर) और 324TB SSD की स्कैनिंग क्षमता के साथ-साथ स्कैनिंग के पूरा होने के बाद 7 मिनट के भीतर आँकड़ों का पूरा सेट संसाधित करने में सक्षम अग्रिम और नवीनतम अत्याधुनिक सर्वर्स शामिल हैं, जिनमें संसाधित आँकड़ों को पंजीकृत उपयोगकर्ताओं के लिए सभी भारतीय मौसम विज्ञान उपग्रहों के आँकड़े ऑनलाइन साझा करने की सुविधा है। 1983 से आरम्भ किए गए सभी पुराने उपलब्ध उपग्रह डेटासेट को समय के साथ ऑनलाइन मोड में रखा जाएगा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने वास्तविक समय के आधार पर उपग्रह आँकड़ों के दृश्यता तथा विश्लेषण उपकरण के लिए वास्तविक समय विश्लेषण उत्पाद और सूचना प्रसार (RAPID) आरम्भ किया है। तेजी से स्कैन किए गए आँकड़ों तथा INSAT 3DR आँकड़ों को अक्टूबर 2019 के बाद से RAPID में वास्तविक समय दृश्यता तथा मौसम की घटनाओं के विश्लेषण हेतु एकीकृत किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एकीकृत प्रारंभिक जल वाष्प (IPWV) प्राप्त करने के लिए "पृथ्वी और वायुमंडलीय अध्ययन" हेतु 25 वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणालियों (GNSS) का एक देशव्यापी संजाल स्थापित किया है।

मौसम पूर्वानुमान में सुधार के लिए NWP मॉडल में तात्कालिक अनुमान तथा समावेशन के लिए एकीकृत प्रारंभिक जल वाष्प (IPWV) आँकड़ों का उपयोग किया जा रहा है। उपग्रह तथा तड़ित के समाहित किए गए उत्पाद भी भारत मौसम विज्ञान विभाग की वेबसाइट पर प्रचालन में हैं। समाहित किए गए तड़ित तथा उपग्रह क्लाउड टॉप तापमान प्रचालनात्मक



चित्र 2.1. एक चक्रवाती घटना के दौरान RAPID का उपयोग

उत्पाद भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान तथा भारतीय वायु सेना का संयुक्त सहयोग है। मौसम पूर्वानुमान के लिए उपग्रह , रेडार तथा तड़ित आँकड़ों (सभी 3 प्रकार के इंस्ट्रूमेंट डेटा) को समाहित करने का कार्य प्रगति पर है।

2.2. NCMRWF में मॉडुलन का कार्य

2.2.1 वैश्विक प्रेक्षण तथा आँकड़ा समावेशन

KOMPSAT-5, COSMIC-2, METOP-C, PAZ, FY-3C & FY-3D आदि प्लेटफॉर्म से वैश्विक नौवहन उपग्रह प्रणाली-रेडियो उपगूहन (GNSS- RO) आँकड़े तथा यूरोप में विंड प्रोफाइलर प्रेक्षणों (चित्र 2.2.) को NCMRWF वैश्विक और क्षेत्रीय वायुमंडलीय आँकड़ा समावेशन प्रणाली में प्राप्त करके उपयोग किया जाता है। इन प्रेक्षणों से कोविड-19 लॉकडाउन अवधि के दौरान विश्व भर में वैमानिक प्रेक्षणों में महत्वपूर्ण कमी (~ 70%) की भरपाई की है, जिससे वैश्विक विश्लेषण और पूर्वानुमानों की गुणवत्ता बनी हुई है।

तात्कालिक अनुमान उत्पाद-जैसे तेजी से विकसित होता गर्ज के साथ तूफान (RDT), संवहनी वर्षा दर (CRR), मेघ शीर्ष तापमान ऊँचाई (CTTH), उच्च विभेदन पवन (HRW) इत्यादि को (अ) NCMRWF में EUMETCAST रिसेप्शन सिस्टम द्वारा प्राप्त मीटियोसैट-8 हिंद महासागर डेटा कवरेज (IODC) (ब) वैश्विक पूर्वानुमान प्रणाली (IMD-GFS -1534) से प्रथम अनुमान फ़ील्ड के माध्यम से तथा (c) IITM-IAF संजाल से वास्तविक समय भू तड़ित प्रेक्षण तथा (द) समुद्र की सतह के तापमान से प्राप्त किया जाता है।

NCUM की वैश्विक और क्षेत्रीय आँकड़ा समावेशन (DA) दोनों प्रणालियों को वर्ष 2020 में आँकड़ा समावेशन में वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय प्रगति को सम्मिलित करने के लिए अपग्रेड किया गया है। नई DA प्रणाली में मेघ-प्रभावित उपग्रह माइक्रोवेव प्रेक्षणों में से कुछ को समावेशित करने की क्षमता है। समावेशन प्रणाली में उपग्रह विकिरण प्रक्रिया तथा समावेशन के लिए त्वरित विकिरण हस्तांतरण मॉडल RTTOV-12 के उन्नत संस्करण का उपयोग किया जाता है।

NCUM प्रचालन DA प्रणाली में GOES ABI, NOAA20 CrIS और ATMS के नए उपग्रह विकिरण तथा कुछ ATOVS चैनलों (विभिन्न उपग्रहों) से मेघ प्रभावित विकिरण को सम्मिलित किया गया है।



चित्र 2.2.: 28 मई 2020 को 18 UTC पर NCMRWF में प्राप्त GNSS-RO वैश्विक कवरेज

NCUM प्रचालन समावेशन प्रणालियों में COMSC-2 उपग्रह नक्षत्र तथा PAZ उपग्रह से जीपीएस रेडियो उपगूहन प्रेक्षण को भी सम्मिलित किया गया है। इस वर्ष, DA के विकास में NCUM में अग्रिम प्रौद्योगिकी के सफल प्रायोगिक समावेशन एओलस उपग्रह की क्षैतिज लाइन ऑफ साइट (HLOS) पवन प्रेक्षणों की गुणवत्ता के विस्तृत सत्यापन के उपरांत सफलतापूर्वक प्रायोगिक समावेशन भी एक और प्रमुख मील का पत्थर है।

NCMRWF ने दो उच्च विभेदन पुनः विश्लेषण डेटा सेट क्रमशः (i) भारतीय क्षेत्र में 1979 से 2018 तक 40 वर्षों की अवधि के लिए 12 कि.मी. के क्षैतिज विभेदन पर NCUM का उपयोग करते हुए क्षेत्रीय और (ii) 1999 से 2018 तक 20 वर्षों की अवधि के लिए 25 कि.मी. के विभेदन पर NGFS का उपयोग करते हुए वैश्विक, तैयार किए हैं। वैश्विक अनुसंधान और उपयोगकर्ता समुदाय के साथ पुनः विश्लेषण डेटा सेट साझा करने के लिए एक डेटा पोर्टल (https://rds.ncmrwf.gov.in) विकसित किया गया है। यह देखा गया कि दोनों पुनः विश्लेषण मॉनसून अवधि के दौरान अन्य समान पुनः विश्लेषण उत्पादों (ERA -5) की तुलना में हैं और मॉनसून पूर्व तथा और मॉनसूनोत्तर चरणों में ERA -5 से बेहतर निष्पादन करते हैं। चित्र 2.3 में विभिन्न पुनः विश्लेषण उत्पादों NGFS, IMDAA, ERA5 और प्रेक्षणों (भारत मौसम विज्ञान विभाग) से वर्षा की तीव्रता की संभावना के घनत्व को दर्शाया गया है। NGFS पुनः विश्लेषण डेटा का उपयोग करके 20 वर्षों के लिए पुनः पूर्वानुमान किया गया है। यह पाया गया कि पुन: पूर्वानुमान से भारतीय क्षेत्र में 7 दिनों के लीड समय में चरम तापमान की घटनाओं और 3 दिनों के लीड समय में चरम वर्षा की घटनाओं का पूर्वानुमान किया जा सकता है।



चित्र 2.3: NGFS, IMDAA, ERA5 पुनः विश्लेषण उत्पादों तथा प्रेक्षणों (भारत मौसम विज्ञान विभाग) से वर्षा की तीव्रता का संभावित घनत्व

2.2.2. वैश्विक / क्षेत्रीय वायुमंडलीय मॉडल

जून, 2020 में NCUM वैश्विक मॉडल को नवीनतम संस्करण (PS43) में उन्नत किया गया , जिसमें बहु स्तरीय हिम योजना के साथ विकिरण योजना में गैसीय अवशोषण में सुधार, नवीन उष्ण वर्षा सूक्ष्मभौतिकी और उन्नत गहन संवहन योजना वैश्विक भू सतह मॉडल में संशोधन शामिल हैं। NCUM क्षेत्रीय मॉडल (NCUM-R, 4कि.मी.) को भी उन्नत किया गया और इसमें JULES भू सतह योजनाओं, बहु-स्तरीय हिम योजना, विद्युत मानकीकरण की ट्यूनिंग, दृश्यता मानकीकरण योजनाओं को शामिल करने और जलवायु संबंधी वायुविलय में वास्तविक सतह फ़्लक्स का उपयोग शामिल है।

दो आंतरिक डोमेन के साथ (1.5 कि.मी. और 330 मीटर विभेदन पर) दिल्ली कुहरा मॉडल (DM) UK रसायन विज्ञान और वायुविलय (UKCA) के लधु संस्करण के उपयोग के माध्यम से वास्तविक वायुविलय –रसायन प्रतिक्रिया प्रभाव (अर्थात् DM-Chem) का पुनः उन्नयन किया गया। उन्नयन करने में एक नई दृश्यता मानकीकरण योजना, उत्सर्जन आविष्कार डेटा बेस EDGAR (1.5 कि.मी. डोमेन) और IITM (330 मीटर डोमेन), तथा वैश्विक अग्नि समावेशन प्रणाली से वास्तविक समय- दैनिक विचलन अग्नि उत्सर्जन आँकड़े शामिल हैं। इस उन्नत डी.एम. मॉडल को वर्ष 2020-21 की शीतऋतु के लिए प्रचालन में लाया गया।

2.2.3. वैश्विक / क्षेत्रीय एनसेम्बल पूर्वानुमान प्रणाली:

भारतीय क्षेत्र में वर्षण की बड़ी अभिनति सहित विविध वैज्ञानिक मुद्दों को समझाने के लिए 12 कि.मी. विभेदन तथा 22 एनसेम्बल सदस्यों के साथ एकीकृत मॉडल आधारित NCMRWF (NEPS-G) की वैश्विक एनसेम्बल पूर्वानुमान प्रणाली को इसके भौतिकी विन्यास को संशोधित करके पुनः अद्यतन किया गया। EPSgram के रूप में NEPS-G के स्थान विशिष्ट संभाव्य पूर्वानुमान उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं और भारतीय वायु सेना के साथ साझा किए जा रहे हैं। NEPS-G के एन्सेम्बल पूर्वानुमान उत्पादों का एक सेट भूटान के लिए भी तैयार किया जा रहा है। NCMRWF (NEPS-R) के एकीकृत मॉडल पर आधारित क्षेत्रीय एन्सेम्बल अनुमान प्रणाली पर आधारित एकीकृत मॉडल की आरंभिक स्थितियों में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है, जिसमें NEPS-R हेतु विक्षुब्ध आरम्भिक स्थितियाँ प्राप्त करने के लिए NEPS-G के एन्सेम्बल ट्रांस्फॉर्म कालमन फिल्टर (ETKF) द्वारा उत्पन्न विक्षुब्धियों को क्षेत्रीय 4DVar आँकड़ा समावेशन प्रणाली द्वारा तैयार किए गए विश्लेषण में जोड़ा जाता है। वैश्विक और क्षेत्रीय दोनों एन्सेम्बल प्रणालियों (NEPS-

G तथा NEPS-R) द्वारा लगातार दो उष्णकटिबंधीय चक्रवातों' 'अम्फन' तथा 'निर्सग' हेतु बहुमूल्य संभाव्य पूर्वानुमान प्रदान किए गए। NEPS-R के तीव्रता और ट्रैक पूर्वानुमान NEPS-G की तुलना में बेहतर पाए गए।

2.2.4. वायुमंडल मॉडल सत्यापन और अनुप्रयोग:

वैश्विक आँकड़ा प्रक्रिया तथा पूर्वानुमान प्रणाली (GDPFS) के संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (NWP) उत्पादों का सत्यापन किया गया, जो NWP केंद्रों को उनके पूर्वानुमान कौशल स्कोर की तुलना करने और उसे बेहतर बनाने में सहायता करता है। इन आँकड़ों का प्रमुख केंद्रों के माध्यम से सभी NWP केंद्रों के बीच आदान-प्रदान किया जाता है। NCMRWF ने मुख्य केंद्रों (ECMWF) को निर्धारणात्मक पूर्वानुमान सत्यापन स्कोर प्रदान करना आरम्भ कर दिया है तथा मासिक आँकड़ों के लिए और अन्य प्रमुख केंद्रों के साथ अंतर-तुलना http://apps.ecmwf.int/wmolnnv/ पर उपलब्ध है । उत्तरी गोलार्द्ध (NH, 90°N–20°N, सभी देशांतरों सहित) के विविध प्राचलों के लिए एक विशिष्ट तुलना चित्र 2.4 में दिखाई गई है।

एन्सेम्बल पूर्वानुमान प्रणाली के सत्यापन हेतु मई 2020 से प्रमुख केंद्र (जापान मौसम विज्ञान एजेंसी) के साथ NEPS-G पूर्वानुमानों के सत्यापन स्कोर साझा किए जा रहे हैं। प्रमुख NWP केंद्रों (UKMO, ECMWF, JMA) के एन्सेम्बल पूर्वानुमानों के सत्यापन आंकड़ों की तुलना NCMRWF में NEPS के साथ की जाती है। NCMRWF, मुंबई के एकीकृत बाढ़ चेतावनी प्रणाली iFlows के लिए बाढ़ पूर्वानुमान मॉडल के इनपुट के रूप मॉनसून ऋतु (JJAS 2020) हेतु दैनिक आधार पर NCUM-G और NCUM-R मॉडल पूर्वानुमान प्रदान कर रहा है। कुल मिलाकर, वर्षा की चरम घटनाओं (> 200 मिमी / दिन) के लिए वर्षा के परिमाण और स्थानिक वितरण दर्शाने में वैश्विक और क्षेत्रीय मॉडल का निष्पादन काफी अच्छा है।

2.2.5 NCMRWF युग्मित मॉडल (C-NCUM):

NCMRWF में NEMO महासागर मॉडल पर आधारित महासागर डेटा समावेशन प्रणाली (ODA) के साथ-साथ एक नवीनतम वैश्विक युग्मित महासागर-वायुमंडल-स्थल-समुद्र हिम मॉडल (C-NCUM) प्रचालन में हैं। यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय में कार्यान्वित पहला निर्बाध मॉडलिंग सिस्टम है जिसमें घंटों से लेकर ऋतु तक के लिए समान गतिकीय कोर का उपयोग किया जाता है। मॉनसून 2020 ऋतु से इस मॉडल पर आधारित एक नई ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान प्रणाली को पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के विस्तारित तथा वास्तविक समय पूर्वानुमान तैयार करने वाले युग्मित मॉडल के परिवार में जोड़ा गया।



चित्र 2. 4 : अगस्त 2020 के दौरान विभिन्न प्रमुख NWP केंद्रों के मध्य NH पर गणना किए गए विभिन्न प्राचलों (MSLP , 500 hPa Geop. ऊंचाई, 850 hPa तापमान तथा 850 hPa पवन) के वर्ग माध्य मूल त्रुटि (RMSE) की तुलना

ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान: ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान जारी करने के लिए 60 कि.मी. वायुमंडल (NCUM) और 25 कि.मी. महासागर (नेमो) के साथ NCMRWF वैश्विक युग्मित मॉडल का उपयोग किया जाता है। 6 प्राचल प्रतिवर्ष का उपयोग करके युग्मित मॉडल के तेईस वर्ष (1993-2015) के हिंडकास्ट रन का विश्लेषण किया गया और पाया गया कि मॉडल द्वारा 1998-2015 के दौरान अप्रैल की प्रारंभिक स्थितियों ((IC)) हेतु 18 में से 10 बार मॉनसून की चरम सीमाओं का तथा मई के पूर्वानुमानों के लिए 18 में से 15 का सही संकेत दिया गया। कुल 45 प्राचलों का उपयोग करके 2020 मानसून ऋतु का श्रेणीगत पूर्वानुमान प्रतिशत चित्र 2.5 में दिखाया गया है। संभाव्य पूर्वानुमानों के लिए टर्साइल श्रेणियों की सीमा निर्धारित करने के लिए हिंडकास्ट का उपयोग किया जाता है। वर्ष 2020 के ऋतुनिष्ठ मॉनसून पूर्वानुमान के लिए "सामान्य से अधिक " पूर्वानुमान उपलब्ध कराया गया।

2.2.6. महासागर मॉडलिंग और महासागर आँकड़ा समावेशन:

उष्णकटिबंधीय चक्रवात की तीव्रता में वायु-समुद्री संपर्क महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वायुमंडलीय सीमा की सतह को ऊपरी समुद्र द्वारा उष्णता प्राप्त होती है। उष्णकटिबंधीय चक्रवात (TC) अम्फन (12-20 मई 2020) के दौरान, एकमात्र NEMO महासागर मॉडल के पूर्वानुमान से उष्णकटिबंधीय चक्रवात उष्णता विभव (TCHP) के पूर्वानुमान इसके विश्लेषण से सत्यापित किए गए। चित्र 2. 6 में 19 मई 2020 के लिए मान्य NEMO विश्लेषण के संबंध में TCHP पूर्वानुमान (दिन -1 से दिन -9) की तुलना दर्शाई गई है। TCHP के विकास को NEMO पूर्वानुमान द्वारा बहुत अच्छी तरह से दर्शाया गया।

2.2.8. ध्रुवीय समुद्र-हिम पूर्वानुमान:

NCMRWF युग्मित मॉडल में जो विश्लेषण-पूर्वानुमान प्रणाली से एकीकृत समुद्र-हिम प्रारंभीकरण और पूर्वानुमान मॉड्यूल हैं मध्यम-विस्तारित और ऋतुनिष्ठ समय मानों में वास्तविक समय में ध्रुवीय समुद्री-हिम पूर्वानुमान देते है। ये ध्रुवीय क्षेत्रों में भारत के प्रचालन कार्यों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। चित्र 2.7 में Glorys2V12 समुद्र-हिम विस्तार के आँकड़ों के साथ ERP के 23 वर्ष के माध्य हिंडकास्ट से आर्कटिक के समुद्र-हिम सीमा के कौशल को दर्शाया गया है। सितंबर के हिंडकास्ट जलवायु विज्ञान में प्रेक्षण की तुलना में समुद्र हिम विस्तार में उच्च सहसंबंध, निम्न अभिनति और सीमांत RMSE प्रदर्शित किए गए हैं।

2.3 भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) में वैश्विक और क्षेत्रीय मॉडलिंग

2.3.1. वैश्विक पूर्वानुमान प्रणाली

भारत मौसम विज्ञान विभाग में 10 दिनों तक के लघु से मध्यम अवधि तक निर्धारणात्मक पूर्वानुमान देने के लिए वैश्विक पूर्वानुमान प्रणाली (GFS T1534L64) मॉडल एक दिन में चार बार (00, 06, 12 और 18 UTC)



चित्र 2.5: NCMRWF युग्मित ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान मॉडल द्वारा मॉनसून ऋतु (JJAS) 2020 की वर्षा के संभावित पूर्वानुमान के लिए टर्साइल श्रेणियाँ



चित्र 2. 6. 19 मई 2020 के लिए चक्रवात ट्रैक के साथ मान्य एकमात्र NCMRWF NEMO वैश्विक महासगर मॉडल पूर्वानुमान द्वारा प्राप्त उष्णकटिबंधीय चक्रवात उष्णता विभव 'TCHP'(KJ cm-2)



चित्र 2. 7: 23 वर्षों के माध्य (1993-2015) ERP हिंडकास्ट से सितंबर (सर्वाधिक वर्षा की ऋतु) में सप्ताह-1 से सप्ताह-4 तक आर्कटिक समुद्र-हिम विस्तार का सत्यापन (1993-2015)

प्रचालित किया जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग में प्रतिदिन वास्तविक समय पर GFS T1534L64 मॉडल आउटपुट तैयार किए जाते हैं। इस 4DEnsVar आँकड़ा समावेशन प्रणाली में विभिन्न ध्रुवीय कक्षाओं और भूस्थिर उपग्रहों से विकिरणता के साथ-साथ विविध पारंपरिक और उपग्रह प्रेक्षणों के समावेशन की क्षमता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की राष्ट्रीय वेब साइट के माध्यम से प्रचालन मौसम पूर्वानुमानकर्ताओं तथा विविध उपयोगकर्ताओं के लिए वास्तविक समय आउटपुट उपलब्ध कराया जाता है।

2.3.2. WRF मॉडल

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ऋतु 2020 के दौरान 3 कि.मी. क्षैतिज विभेदन पर प्रतिदिन 00, 06, 12 और 18 यू.टी.सी. पर प्रति घंटे अंतराल के साथ तीन दिन के पूर्वानुमानों को तैयार करने के लिए WRF मॉडल (ARW) का उपयोग किया गया।

आँकड़ा समावेशन घटक, क्षेत्रीय GSI (वैश्विक सांख्यिकीय अंतर्वेशन) वैश्विक GFS विश्लेषण और इसके इनपुट के रूप में अन्य सभी पारंपरिक गुणवत्ता नियंत्रित प्रेक्षण लेता है और 3 कि.मी. विभेदन पर मध्य मापक्रम विश्लेषण तैयार करता है। इस मॉडल से उत्तर-दक्षिण दिशा में लगभग 5°S से 41° N तक तथा पूर्व-पश्चिम दिशा में 49 ° E से 102 ° E तक विस्तृत क्षेत्र में पूर्वानुमान तैयार किए।

2.3.3. HWRF-महासागर (HYCOM/POM-TC) युग्मित मॉडल

वर्ष 2020 के मॉनसून पूर्व तथा मॉनसूनोत्तर चक्रवात ऋतु के दौरान, उत्तरी हिंद महासागर (NIO) में बने उष्णकटिबंधीय चक्रवातों हेतु 18 कि.मी., 6



चित्र 2.8 महाचक्रवातAMPHAN जोनल क्रॉस-सेक्शन (a) कुल पवन और (b) आर्द्रता और तापमान, (c) वर्षा तथा10 मीटर पवन के स्वाथ (d) 2 कि.मी. कोर क्षेत्र की10 मी. पवन तथा MSLP (ई) संयुक्त क्षेत्र (18×6 ×2 कि.मी.) की प्रवाह रेखा तथा संवाहगति रेखा का क्षेत्र

कि.मी. और 2 कि.मी. के क्षैतिज विभेदनों के साथ गतिशील ट्रिपल नेस्टेड HWRF-महासागर (HWRF /POM-TC) युग्मित मॉडल को पांच दिन के पूर्वानुमान के लिए दिन में चार बार 00 UTC, 06 UTC, 12 UTC और 18 UTC पर प्रचालित किया गया। HWRF के आँकड़ा समावेशन घटक, क्षेत्रीय GSI आँकड़ा समावेशन द्वारा मध्यवर्ती और सबसे आंतरिक नेस्ट हेतु मध्य मापक्रम विश्लेषण तैयार किए, जिन्हें बाद में सभी तीन क्षेत्रों के विश्लेषण हेतु विलय कर दिया गया।

मॉडल मूल क्षेत्र (18 कि.मी. क्षैतिज विभेदन) स्थिर बना रहा जबकि मध्यवर्ती क्षेत्र (6 कि.मी. क्षैतिज विभेदन) और सबसे आंतरिक क्षेत्र (2 कि.मी. क्षैतिज विभेदन) तूफान केंद्र को ट्रैक करने के लिए आगे बढ़े। नीचे दिए गए चित्र 2.8 में मई 2020 के दौरान आए महाचक्रवात अम्फन के लिए प्रचालन HWRF-HYCOM युग्मित मॉडल से उत्पन्न विभिन्न उत्पाद दर्शाए गए हैं।

2.3.4. चरम घटनाओं का सत्यापन

◆ **भारी वर्षा की घटनाएं**

2020 की मॉनसून ऋतु के दौरान, भारी वर्षा की चेतावनी के लिए संसूचन की संभावना (POD) में प्रथम दिनसे पाँचवें दिन तक 77% से 59% के बीच विविधता रही। क्रांतिक सफलता सूचकांक (CSI) में प्रथम दिन से पाँचवें दिन तक पूर्वानुमानों में 55% से 45% के बीच विविधता रही। आभासी चेतावनी दर में 32% और 25% के बीच विविधता रही।

◆ **उष्ण लहर का पूर्वानुमान**

वर्ष 2020 की अप्रैल-जून ऋतु के दौरान, उष्ण लहरों के लिए संसूचन की संभावना (POD) में प्रथम दिन से पाँचवें दिन तक पूर्वानुमानों में 100% से 62% के बीच और क्रांतिक सफलता सूचकांक (CSI) में 41% से 37% के बीच विविधता रही। हालांकि, उष्ण लहरों के पूर्वानुमान के लिए आभासी चेतावनी दर बहुत कम थी। इसमें 3% से 1% तक विविधता रही।

2.3.4. गर्ज के साथ तूफानों के तात्कालिक अनुमान

वर्ष 2020 के दौरान, गर्ज के साथ तूफानों के तात्कालिक अनुमान की सूची में लगभग 200 स्टेशनों को जोड़ा गया। इस प्रकार वर्ष 2020 में तात्कालिक अनुमान के लिए कुल स्टेशनों की संख्या 894 हो गई है।

मॉनसून-पूर्व ऋतु 2020 (मार्च से जून) के दौरान प्रचंड मौसमी घटनाओं सहित आए गर्ज के साथ तूफानों का सही प्रकार से पूर्वानुमान किया गया। गरज़ के साथ तूफानों के पूर्वानुमान से संबंधितकौशल स्कोर नीचे तालिका में दिए गए हैं।

तालिका 2.1 एफडीपी तूफान के लिए 24 घंटे के गर्ज के साथ तूफान IOP सत्यापन हेतु कौशल स्कोर
अवधि - 2020 (मार्च से जून)

माह Month	अनुपात स्कोर Ratio Score	संसूचन की सम्भावना POD	दूरी FAR	क्रांतिक सफलता सूचकांक (CSI)	-- ETS
मार्च	0.78	0.80	0.42	0.50	0.35
अप्रैल	0.74	0.85	0.35	0.59 है	0.33
मई	0.74	0.88	0.31	0.63	0.32 है
जून	0.65	0.70	0.29	0.55	0.15
FDP-2020	**0.73**	**0.80**	**0.33**	**0.57**	**0.30**

2.4.1. ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान

दक्षिण-पश्चिम मॉनसून 2020 का प्रचालनात्मक ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) , पुणे में विकसित की गई मॉनसून मिशन जलवायु पूर्वानुमान प्रणाली (MMCFS) का उपयोग करके तैयार किया गया। MMCFS मॉडल पर आधारित पूर्वानुमान दो चरणों में जारी किया गया। 15 अप्रैल 2020 को जारी किए गए पहले चरण के ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान में सुझाव दिया गया कि वर्ष 2020 के दौरान औसतन पूरे देश के लिए ऋतुनिष्ठ मॉनसून वर्षा सामान्य से अधिक, अर्थात दीर्घावधि औसत (LPA) का 104% रहने की संभावना है। इसके बाद MMCFS द्वारा 1 जून 2020 को जारी दूसरे चरण के ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान से पता चलता है कि वर्ष 2020 के दौरान औसतन पूरे देश के लिए ऋतुनिष्ठ मॉनसून वर्षा 107% +/- दीर्घावधि औसत (LPA) का 4% रहने की संभावना है। देश में चार महीने की मॉनसून ऋतु में दीर्घावधि औसत (LPA) का 109% (अर्थात "सामान्य से अधिक") मॉनसून वर्षा हुई, जिससे पता चलता है कि MMCFS मॉडल ने 2020 दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून ऋतु के लिए सटीक ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान प्रदान किया।

जल विज्ञान तथा कृषि में एकीकृत नदी अपवाह द्वारा जलवायु अनुप्रयोग के मॉडल विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। कृषि और जल विज्ञान जैसे अनुप्रयोगों के लिए उच्च विभेदन वाले मॉडल आउटपुट की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ~38 कि.मी. के विभेदन पर गतिकीय डाउन-स्केलिंग ऋतुनिष्ठ पूर्वानुमान मॉडल विकसित करने का प्रयास किया गया है।

2.4.2. विस्तारित अवधि पूर्वानुमान

विस्तारित अवधि पूर्वानुमान बहु-मॉडल एनसेंबल पूर्वानुमान प्रणाली से तैयार किए जाते हैं और पूरे वर्ष

जारी किए जाते हैं। ये पूर्वानुमान अगले चार सप्ताह के लिए सप्ताह में एक बार जारी किए जाते हैं। विभिन्न प्रारंभिक स्थितियों के आधार पर अनुसंधान / वैज्ञानिक उपयोग के लिए विस्तारित अवधि पूर्वानुमान उत्पाद http: // www.tropmet.res.in/erpas/ पर उपलब्ध कराए गए हैं । वर्षा, अधिकतम और न्यूनतम तापमान, उष्ण लहर, MJO पूर्वानुमान, मृदा नमी (0-10 से.मी.), सापेक्षिक आर्द्रता और चक्रवात जनन पूर्वानुमान भी इसी लिंक पर उपलब्ध कराए गए हैं। उपखंड स्तर पर JJAS वर्षा के पूर्वानुमान में UK मौसम कार्यालय(UKMO) Glosea5 मॉडल की तुलना में इस मॉडल का कौशल चित्र 2.9 में दिखाया गया है।

मॉडल विकास गतिविधियों में प्रमुख उपलब्धियों में (अ) वास्तविक समय चक्रवात जनन के पूर्वानुमान के लिए एक उन्नत उत्पत्ति संभावित प्राचल विकसित करना (ब) मौसम की चरम घटनाओं के पूर्वानुमान में सुधार के लिए विस्तारित अवधि पूर्वानुमान के गतिशील डाउन स्केलिंग, और (स) विस्तारित अवधि पूर्वानुमान के आधार पर प्रारंभिक स्वास्थ्य चेतावनी प्रणाली विकसित करना शामिल हैं। इनके अतिरिक्त, पूर्वानुमान कौशल में सुधार के लिए बहु-भौतिकी बहु-मॉडल एन्सेम्बल पूर्वानुमान प्रणाली विकसित करने के प्रयास जारी हैं।



चित्र 2.9: भारत के उपखंडों के लिए UKMO Glosea5 vs IITM पूर्वानुमान प्रणाली द्वारा JJAS वर्षा का साप्ताहिक लीड (सप्ताह 1-4) विसंगति सहसंबंध गुणांक (CC)

2.4.3. लघु अवधि निर्धारणात्मक पूर्वानुमान के लिए वैश्विक एनसेंबल पूर्वानुमान प्रणाली (GEFS):

GEFS आधारित चक्रवात ट्रैकर को महाचक्रवात अम्फन के आने के दौरान सक्रिय किया गया। GEFS आधारित चक्रवात ट्रैकर ने अम्फन, निसर्ग, गति और निवार चक्रवातों के लिए एनसेंबल ट्रैक, स्थल प्रवेश तथा टकराने की संभावना का लंबे लीड के साथ सफलतापूर्वक पूर्वानुमान किया है जैसा कि अम्फन चक्रवात के लिए चित्र 2. 9 में दिखाया गया है। निर्धारणात्मक GFS पूर्वानुमान की तुलना में GEFS आधारित ट्रैक में अपेक्षा कृत कम त्रुटि पाई गई।

GEFS आधारित संभाव्यता मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (PQPF) ने दक्षिण 24 परगना, हुगली, कोलकाता के प्रभावित जिलों के ब्लॉक स्तर पर उचित पूर्वानुमान प्रदान किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के बाढ़ निगरानी कार्यालयों द्वारा पूरे भारत की नदी द्रोणियों के लिए संभाव्यता पूर्वानुमान विकसित किया गया और उपयोग के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग के साथ साझा किया गया। प्रायोगिक आधार पर सटीक पवन तथा सौर पूर्वानुमान ((WRF के साथ डाउन स्केल किए गए GFS) POSOCO, मुंबई और अन्य लाभार्थियों को जारी किए जा रहे हैं।

2.4.4. गर्ज के साथ तूफ़ान/ तड़ित पूर्वानुमान प्रणाली :

मॉनसून मिशन चरण - II के अंतर्गत , WRF मॉडल में 'गतिशील तड़ित प्राचलीकरण' (DLP) का उपयोग करके गर्ज के साथ तूफ़ान/ तड़ित का पूर्वानुमान करने के लिए एक मॉडलिंग ढांचा स्थापित किया गया। इस प्रणाली द्वारा वर्तमान समय में प्रत्येक दिन वास्तविक समय का पूर्वानुमान तैयार किया जा रहा है और इसे एक समर्पित वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। 2019 और 2020 की मॉनसून-पूर्व ऋतु के दौरान प्रचालनात्मक पूर्वानुमान के प्रारंभिक विश्लेषण द्वारा पूरे क्षेत्र में सभी महीनों के लिए संसूचन की औसत संभावना 0.90 तथा आभासी चेतावनी दर 0.64 दर्शाई गई है। ये पूर्वानुमान तथा संबंधित जानकारी http://srf.tropmet.res.in/srf/ts_prediction_system/index.php पर उपलब्ध है। भारत मौसम विज्ञान विभाग में गर्ज के साथ तूफान, ओला तथा झोंकेदार पवन के पूर्वानुमान के लिए GEFS आधारित संभाव्यता पूर्वानुमान उपकरण विकसित किए गए और प्रचालन में लाए गए हैं। प्रचालनात्मक



चित्र 2.10 महाचक्रवात 'अम्फन' की 17 मई 2020 को 0000 यू.टी.सी. पर प्रारंभिक स्थिति के आधार पर टकराने की संभाव्यता (ACOO: नियंत्रण रन; AEMN: एन्सेम्बल माध्य; IMD:प्रेक्षण)

IMD WRF आउटपुट से WRF आधारित तड़ित विभव इंडेक्स विकसित किया गया और तड़ित प्रभावित क्षेत्रों के लिए तड़ित विभव का पूर्वानुमान प्रदान किया गया।

2.5. जलवायु परिवर्तन अनुसंधान केंद्र

2.5.1. भारतीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का आकलन: - भारत सरकार, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MOES) की रिपोर्ट :

जून 2020 में भारतीय क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन के आकलन पर एक नई सर्वसुलभ पुस्तक प्रकाशित की गई है। यह भारतीय क्षेत्र के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की पहली जलवायु परिवर्तन रिपोर्ट है जिसमें भारतीय उपमहाद्वीप, निकटवर्ती हिंद महासागर, हिमालय तथा क्षेत्रीय मॉनसून में मनुष्य के कारण उत्पन्न वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर चर्चा की गई है। इसमें भारतीय क्षेत्र में अब तक हुए तथा भविष्य के अनुमानित जलवायु परिवर्तन के ठोस वैज्ञानिक विश्लेषण और आकलन के आधार पर नीति संबंधी प्रासंगिक जानकारी पर भी संक्षिप्त चर्चा की गई है। इस पुस्तक में प्रस्तुत आकलन वैज्ञानिक प्रकाशनों की समीक्षा, IPCC की प्रकाशित रिपोर्टों, लंबी अवधि के जलवायु रिकॉर्ड के प्रेक्षणों, पुरा-जलवायु पुनर्निर्माण, पुनः विश्लेषित डेटा सेट तथा WCRP से उनके CMIP द्वारा प्राप्त जलवायु मॉडल प्रक्षेपण तथा CORDEX दक्षिण एशिया वैज्ञानिक परियोजनाओं पर आधारित हैं। https://cordex.org/2020/07/03/new-book-on-assessment-of-climate-change-over-the-indian-region/

क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन पूर्वानुमानों पर एक प्रशिक्षण कार्यशाला: क्षेत्रीय जलवायु परिवर्तन प्रक्षेपण का विश्लेषण करने के लिए ज्ञान और कौशल का निर्माण करने के उद्देश्य से दक्षिण एशिया में CORDEX क्षेत्रीय जलवायु मॉडल का उपयोग करते हुए जलवायु परिवर्तन विश्लेषण पर 12-21 अक्टूबर 2020 के दौरान एक प्रशिक्षण कार्यशाला का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इसका विवरण यहां उपलब्ध है: https://www.icimod.org/event/regional-climate-change-projections-cordex/ ।

"उच्च विभेदन जलवायु मॉडलिंग मध्य मापक्रम संवहनी प्रणाली पर केंद्रित तथा तृतीय पोल (TP) क्षेत्र से संबद्ध वर्षा "नामक" पंचवर्षीय (2020-2024) अंतरराष्ट्रीय साझेदार मॉडलिंग प्रमुख उत्पाद आरम्भिक अध्ययन (FPS) परियोजना में CCR-IITM मॉडलिंग साझेदार हैं: इस FPS का उद्देश्य समन्वित उच्च विभेदन के क्षेत्रीय जलवायु डाउनस्केलिंग प्रयोगों के माध्यम से जल चक्र की क्षेत्रीय विशेषताओं और इसकी परिवर्तनशीलता और तृतीय पोल तथा निकटवर्ती क्षेत्रों में परिवर्तन को बेहतर ढंग से समझना है। विवरण यहां उपलब्ध है: http://rcg.gvc.gu.se/cordex_fps_cptp/



Springer Nature, 2020, DOI:10.1007/978-981-15-4327-2, 1-226(Open Access, http://www.springer.com/gp/book/9789811543265)

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन आकलन रिपोर्ट का मुखपृष्ठ

2.5.2. अल्पावधि जलवायु परिवर्तनशीलता तथा पूर्वानुमान (SCTP) : भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (IITM) द्वारा CFS2 का उपयोग करके दशकीय पूर्वानुमान प्रणाली (DPS) विकसित की जा रही है।

भारतीय क्षेत्रों के लिए संस्थान द्वारा तथा CMIP5 / CMIP6 द्वारा तैयार किए गए दशकीय पूर्वानुमान कौशल को बढ़ाने के लिए विभिन्न अभिनति /अपवाह सुधार के तरीकों का पता लगाया जाता है। OGCM पर आधारित दशकीय समुद्र तल पूर्वानुमान के लिए NCEP CFSv2 (दशकीय हिंडकास्ट) के अनुसार एक नया दृष्टिकोण विकसित किया गया। युग्मित मॉडलों की तुलना में समुद्र तल के पूर्वानुमान कौशल में काफी सुधार पाया गया।

2.6 दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून 2020

जून से सितंबर के दौरान दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून का आरम्भ

केरल में मॉनसून के आरम्भ होने की तिथि के लिए 15 मई 2020 को पूर्वानुमान जारी किया गया था। केरल में दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून के आरम्भ होने की सामान्य तिथि की तुलना में कुछ विलम्ब होने का पूर्वानुमान किया गया था। केरल में मॉनसून आरम्भ होने की तिथि का पूर्वानुमान 5 जून ± 4 दिनों की एक मॉडल त्रुटि के साथ किया गया था।

दीर्घावधि पूर्वानुमान

पहले चरण में देश के लिए दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून वर्षा सामान्य (96-104%)। होने का पूर्वानुमान किया गया था मात्रात्मक रूप से, ऋतुनिष्ठ मॉनसून (जून से सितंबर) वर्षा ± 5% की मॉडल त्रुटि के साथ दीर्घावधि औसत (LPA) के 100% होने का पूर्वानुमान किया गया था 1961-2010 की अवधि के लिए पूरे देश में ऋतु की वर्षा का दीर्घावधि औसत (LPA) 88 से.मी. रहा।

दक्षिण पश्चिमी मॉनसून वर्षा 2020 के पूर्वानुमान का सत्यापन

पूरे देश में दक्षिण पश्चिमी मॉनसून ऋतु 2020 की वास्तविक वर्षा दीर्घावधि औसत का 109% थी, जो अप्रैल और मई के पूर्वानुमानों की ऊपरी सीमाओं की तुलना में दीर्घावधि औसत का 4% और 3% अधिक थी। कुल 36 ऋतु उपखंडों में से, 16 उपखंडों (देश के कुल क्षेत्रफल का 44%) में ऋतु (जून-सितंबर) की वर्षा सामान्य थी और देश के कुल क्षेत्रफल का 36% भाग के 13 उपखंडों में सामान्य से अधिक तथा देश के कुल क्षेत्रफल का 6% भाग के 2 उपखंडों में सामान्य से काफी अधिक वर्षा हुई। हालांकि, देश के कुल क्षेत्रफल के 14% भाग के 5 उपखंडों में ऋतु की वर्षा सामान्य से कम रही।

दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून 2020 के दीर्घावधि पूर्वानुमान का सत्यापन

तालिका 2.2 में वर्ष 2020 में दक्षिण पश्चिमी मॉनसून के लिए जारी दीर्घावधि पूर्वानुमानों के सत्यापन का सारांश दिया गया है। चित्र 2.1 1 में वर्ष 2020 के दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून ऋतु के दौरान 36 ऋतु उपखंडों के लिए वर्षा का प्रतिशत विचलन दर्शाया गया है।

2.7. मौसम सेवाएं

2.7.1. महानगरीय वायु गुणवत्ता और मौसम सेवाएँ

दिल्ली तथा मुंबई के लिए एक ग्रिड कोविड-19 लॉकडाउन उत्सर्जन सूची विकसित की गई है। SAFAR- वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान मॉडल द्वारा दिल्ली में लॉकडाउन के दौरान CO के असामान्य रूप से ऊंचे स्तर की वैज्ञानिक व्याख्या की गई और भारत के मध्य भाग में CO के स्रोतों का पता

तालिका 2.2: दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून 2020 के दीर्घावधि पूर्वानुमान का सत्यापन

क्षेत्र	अवधि	पूर्वानुमान (दीर्घवधि औसत (LPA) का %)		वास्तविक वर्षा (दीर्घवधि औसत (LPA) का %)
		15 अप्रैल	1 जून	
सम्पूर्ण भारत	जून से सितम्बर	100± 5	102± 4	109
उत्तर-पश्चिम भारत	जून से सितम्बर		107± 8	84
मध्य भारत	जून से सितम्बर		103± 8	115
पूर्वोत्तर भारत	जून से सितम्बर		96± 8	106
दक्षिण प्रायद्वीप	जून से सितम्बर		102± 8	130
सम्पूर्ण भारत	जुलाई		103± 9	90
सम्पूर्ण भारत	अगस्त		97± 9	127
सम्पूर्ण भारत	अगस्त से सितम्बर		104± 8	118



चित्र 2.11 जून से सितंबर, 2020 के दौरान उपखंडवार दक्षिण-पश्चिमी मॉनसून वर्षा

लगाया जहाँ सामयिक पैमाने ने महत्वपूर्ण परिवहन भूमिका निभाई भारत के 6 प्रमुख महानगरों अर्थात् दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नै, अहमदाबाद और पुणे में अनेक पर्यावरण और मौसम चिह्नकों के साथ कोविड-19 के कारण मृत्यु दर और रुग्णता के संबंध को समझने के लिए एक अध्ययन किया गया। इससे दो अनूठे निष्कर्ष निकले- (अ) कोविड-19 के कारण हुए लॉकडाउन से पहली बार प्रयोगात्मक रूप से PM 2.5 और NO 2 के आधारभूत स्तर प्राप्त हुए। यह एक ऐसा स्तर है जो साफ मौसम की स्थिति में मानवजनित न्यूनतम उत्सर्जन के साथ वातावरण में स्वाभाविक रूप से मौजूद रहता है; (ब) आधारभूत पीएम 2.5 स्तर (80 % सहसंबंध) के साथ कोविड-19 मृत्यु दर का एक ठोस सहसंबंध पाया गया (चित्र 2.12)। परिणाम से यह भी ज्ञात हुआ कि उष्ण तापमान से भी संक्रमण कम होने के कुछ संकेत प्राप्त हुए।

2.7.2. दिल्ली के लिए वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली

दिल्ली, भारत के लिए उच्च-विभेदन (400 मीटर) प्रचालन वायु गुणवत्ता प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली: भारत सरकार की नवीनतम अभिकल्पित (डिज़ाइन की गई) श्रेणीगत प्रतिक्रिया कार्य योजना (GRAP) के अनुसार दिल्ली में अत्यधिक वायु प्रदूषण की घटनाओं का पूर्वानुमान तैयार करने और इसे समय पर जारी करने के लिए आवश्यक कदम उठाने हेतु अत्यधिक उच्च-विभेदन (400 मीटर) की पहली प्रचालन वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान प्रणाली विकसित की गई। इस मॉडलिंग फ्रेमवर्क में नवीनतम युग्मित उच्च-विभेदन मौसम अनुसंधान और पूर्वानुमान मॉडल केमिस्ट्री (WRF-Chem) और त्रि-आयामी विविधतापूर्ण (3DVAR) फ्रेमवर्क शामिल हैं। इस प्रणाली में 3 कि.मी. विभेदन पर उपग्रह वायुविलय प्रकाशीय गहराई (AOD) पुनर्निमाण और भारत में 260 वायु गुणवत्ता निगरानी स्टेशनों से सतही आँकड़े तथा धूल और फसल जलाने सहित विभिन्न मानवजनित और प्राकृतिक स्रोतों से उच्च-विभेदन उत्सर्जन का समावेशन किया जाता है। इस एकीकृत मॉडलिंग ढाँचे में पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र के लिए 10 कि.मी. विभेदन पर लघु अवधि (3-दिन) और मध्यम अवधि (10 दिन) तथा पुणे, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, पटना, बैंगलोर तथा लखनऊ जैसे बड़े शहरों के लिए 2 कि.मी.विभेदन पर लघु अवधि का पूर्वानुमान उपलब्ध कराया गया। फिर 400 मीटर विभेदन क्षेत्र के लिए बेहतर रासायनिक स्थितियों का



चित्र 2.1 2 (अ) 22 मई 2020 को संक्रमण की संख्या(कोष्ठक में) ; (ब) आधारभूत PM 2.5 का मृत्यु दर के साथ सहसंबंध; PM 2.5 आधारभूत स्तर और तापमान के साथ संक्रमण का सहसंबंध

पता लगाने के लिए रासायनिक आँकड़ा समावेशन को गतिशील डाउनस्केलिंग के साथ एकीकृत किया गया। दिल्ली के नागरिकों तथा निर्णयकर्ताओं के लिए वायु की गुणवत्ता के पूर्वानुमान को कुशलतापूर्वक प्रसारित करने के लिए, प्रारम्भिक चेतावनी प्रणाली (https://ews.tropmet.res.in) वेबसाइट स्थापित की गई। चित्र 2.13 (अ) प्रचालन वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान की एक योजनाबद्ध व्यवस्था और (ब) PM 2.5 का प्रति घंटा पूर्वानुमान सत्यापन प्रस्तुत करता है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग में वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान के लिए फिन्निश मौसम विज्ञान संस्थान (FMI) – भारत मौसम विज्ञान विभाग IMD की समन्वित परियोजना के अंतर्गत,पर्यावरणीय सूचना की एकीकृत मॉडलिंग के लिए उन्नत प्रणालियों (SILAM v5.7) और वायुमंडलीय संयोजन तथा संलयन सेवा (ENFUSER) मॉडलों को प्रचालन में लाया गया। डोमेन (28.362N-28.86N, 76.901E-77.56E) हेतु सभी प्रदूषक कसौटियों (PM10, PM2.5, O3, CO, NO2, SO2) के 72 घंटे के पूर्वानुमान के लिए 30 मीटर स्थानिक विभेदन पर प्रत्येक घंटे वायु की गुणवत्ता का पूर्वानुमान तैयार किया जाता है। यह मॉडल उच्च विभेदन पर मॉडलिंग क्षेत्र को दर्शाने के लिए बड़ी मात्रा में भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आँकड़ों का उपयोग और समावेशन करता है। इसमें सड़क संजाल, भवन, भूमि उपयोग की जानकारी, उच्च-विभेदन उपग्रह चित्र, भूमि उन्नयन, जनसंख्या के आँकड़े, यातायात घनत्व आदि का विस्तृत विवरण शामिल है। वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान सेवाओं को कई अन्य शहरों (कानपुर, वाराणसी, इलाहाबाद, बेंगलुरु, चेन्नै, कोलकाता आदि) तक उपलब्ध कराया गया।

2.8. उष्णकटिबंधीय चक्रवात निगरानी और पूर्वानुमान

2020 के दौरान, उत्तरी हिंद महासागर (NIO) में अवदाब तथा चक्रवात सहित नौ चक्रवातीय विक्षोभ निर्मित हुए जिनमें से 5 बंगाल की खाड़ी में तथा 4 अरब सागर में बने जबकि सामान्यत: उत्तरी हिंद महासागर में प्रति वर्ष 12 चक्रवातीय विक्षोभ निर्मित होते हैं। वर्ष 2020 में 5 चक्रवात (3 बंगाल की खाड़ी और 2 अरब सागर में आए) और 4 अवदाब / गहन अवदाब (2 बंगाल की खाड़ी और 2 अरब सागर में) आए। अरब सागर में आए दोनों चक्रवात प्रचंड और अधिक तीव्रता वाले थे और एक चक्रवाती तूफान था।

2020 में उत्तरी हिंद महासागर में बने चक्रवातीय विक्षोभों का विवरण नीचे सूचीबद्ध किया गया है:

(i) 16-21 मई के दौरान बंगाल की खाड़ी (BOB) पर महा चक्रवाती तूफान (SUCS) अम्फन

(ii) 29 मई -01 जून के दौरान दक्षिणी तटीय ओमान और यमन के आसपास अवदाब

(iii) 01-04 जून के दौरान अरब सागर (AS) में प्रचंड चक्रवाती तूफान (SCS) निसर्ग



चित्र 2.13. प्रचालन वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान सेटअप का त्वरित अवलोकन

(iv) 11-14 अक्तूबर के दौरान बंगाल की खाड़ी में गहन अवदाब (DD)

(v) 17-19 अक्टूबर के दौरान अरब सागर में अवदाब

(vi) 22-24 अक्टूबर के दौरान बंगाल की खाड़ी में अवदाब

(vii) 21-24 नवंबर के दौरान अरब सागर में अति प्रचंड चक्रवाती तूफान (VSCS) गति (GATI)

(viii) 22-27 नवंबर के दौरान बंगाल की खाड़ी में अति प्रचंड चक्रवाती तूफान (VSCS) निवार (NIVAR) (ix) 30 नवंबर से 05 दिसंबर के दौरान बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती तूफान (CS) बुरेवी BUREVI

2020 के दौरान अरब सागर में सामान्य से अधिक 4 चक्रवातीय गतिविधियाँ देखी गईं जिनमें 2 चक्रवात (निसर्ग और गति) शामिल थे। 2020 के दौरान बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय गतिविधियाँ मंद रहीं और केवल 3 चक्रवात बने जबकि सामान्यत: प्रति वर्ष 4 होते हैं। हालांकि, बंगाल की खाड़ी में प्रचंड श्रेणी के चक्रवातों की आवृत्ति सामान्य रही और 2 प्रचंड चक्रवातीय तूफान (अम्फन और निवार) बने जबकि प्रति वर्ष 2 बनते हैं। ऋतुनिष्ठ वितरण को ध्यान में रखते हुए हम देखते हैं कि एक चक्रवात (महाचक्रवाती तूफान अम्फन) और दूसरा (प्रचंड चक्रवाती तूफ़ान निसर्ग) क्रमश: मॉनसून पूर्व और मॉनसून ऋतु में बने, तीन चक्रवात (अति प्रचंड चक्रवाती तूफ़ान, गति और निवार तथा चक्रवाती तूफ़ान बुरेवी) मॉनसूनोत्तर ऋतु में निर्मित हुए। मॉनसून ऋतु के दौरान बंगाल की खाड़ी में कोई चक्रवाती विक्षोभ नहीं बना।

2020 के दौरान मार्ग, तीव्रता और स्थल प्रवेश के संबंध में सभी चक्रवातों ने अद्धितीय विशेषताओं का प्रदर्शन किया। 1999 के ओडिशा के महाचक्रवात के बाद बंगाल की खाड़ी में मई, 2020 का महाचक्रवात अम्फन पहला महाचक्रवात था। 24 मई, 1961 को महाराष्ट्र तट को पार करने वाले प्रचंड चक्रवाती तूफान (SCS) के बाद जून, 2020 में आया निसर्ग पहला प्रचंड चक्रवाती तूफान (SCS) था, जिसने महाराष्ट्र तट को पार किया। नवंबर, 2020 में आया 'गति' चक्रवात उपग्रह युग का पहला अति प्रचंड चक्रवाती तूफान था जिसने सोमालिया तट को पार किया। नवंबर 1994 के चक्रवाती तूफान, 2012 के 'मुरजान', 2018 के 'सागर' और 2019 के 'पवन' के बाद 'गति' 5 वां चक्रवात था जिसने सोमालिया तट को पार किया। मॉनसूनोत्तर ऋतु के दौरान बंगाल की खाड़ी में आए पहले चक्रवाती तूफान 'निवार' से 24-26 नवंबर को उत्तरी तमिलनाडु और पुद्दुचेरी में भारी वर्षा हुई, रायलसीमा और दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में भी भारी वर्षा हुई। 1891-2019 की अवधि में बुरेवी नामक 14वाँ चक्रवात आया जिसने श्रीलंका तट को पार किया।

2020 के दौरान प्रमुख चक्रवातों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:

16-21 मई के दौरान बंगाल में महाचक्रवाती तूफान अम्फन

महाचक्रवाती तूफान (SuCS) " अम्फन " की उत्पत्ति एक निम्न दबाव क्षेत्र के अवशिष्ट से हुई जो 13 मई की सुबह दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में विकसित हुआ। यह 16 मई की सुबह दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में एक अवदाब (D) के रूप में संकेंद्रित था। यह 16 की शाम को दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में महाचक्रवाती तूफान "अम्फन" के रूप में तीव्र हो गया। यह 18 की दोपहर (0600 UTC) के आसपास एक महाचक्रवाती तूफान (SuCS) में बदल गया। इसके बाद, यह थोड़ा कमजोर हुआ और अति प्रचंड चक्रवातीय तूफान के रूप में पश्चिम बंगाल-बांग्लादेश के तटों को पार कर गया। यह 20 मई को 1530-1730 बजे भा.मा.स. के अनुसार अक्षांश 21.65°N के पास और देशांतर 88.3 ° E पर सुंदरबन को पार कर गया जिसकी अधिकतम गति 155-165 कि.मी. प्रति घंटा और निर्घातिता 185 कि.मी. प्रति घंटा की रही। यह 21 मई की मध्यरात्रि के आसपास उत्तरी बांग्लादेश और उसके आसपास के क्षेत्र में कम दबाव क्षेत्र में कमजोर हो गया।

अम्फन के बनने की पहली सूचना 7 मई को जारी किए गए विस्तारित अवधि के आउटलुक में (एलपीए के बनने के लगभग 6 दिन पहले, अवदाब के बनने से 9 दिन पहले और स्थलप्रवेश से 13 दिन पहले) दी गई जिसमें यह दर्शाया गया कि यह प्रणाली एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगी और शुरू में उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगी और उत्तर बंगाल की खाड़ी में उत्तर-पूर्व की ओर की ओर मुड़ जाएगी। 24, 48 और 72 घंटे की लीड अवधि के लिए स्थल प्रवेश बिंदु त्रुटि क्रमशः 5.5, 11.0 और 35.2 कि.मी. की थी। 24, 48 और 72 घंटे के लिए स्थल प्रवेश के समय पूर्वानुमान की त्रुटि क्रमशः 0.5, 0 और 2.0 घंटे की थी। मार्ग, स्थल प्रवेश और तीव्रता के पूर्वानुमान में सटीकता का प्रदर्शन करने वाली प्रणाली का प्रेक्षण और पूर्वानुमान मार्ग चित्र 2.14 में प्रस्तुत किया गया है।

01-04 जून के दौरान अरब सागर में प्रचंड चक्रवाती तूफान "निसर्ग (NISARGA) "

31 मई की सुबह दक्षिण-पूर्व अरब सागर में कम दबाव के क्षेत्र से प्रचंड चक्रवाती तूफान **"निसर्ग "** विकसित हुआ। यह 1 जून की सुबह पूर्वी मध्य अरब सागर में अवदाब के रूप में संकेंद्रित हुआ। 2 जून की दोपहर में



चित्र: 2.14 17 मई को 0600 यूटीसी (स्थल प्रवेश से 84 घंटे पहले) महाचक्रवात अम्फन के स्थल प्रवेश, मार्ग और तीव्रता पूर्वानुमान को दर्शाते हुए अनिश्चितता और चतुष्कोणीय हवा वितरण के शंकु के साथ प्रेक्षित और पूर्वानुमान मार्ग

यह चक्रवाती तूफान "निसर्ग " में बदल गया। यह 03 जून की सुबह प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में बदल गया। इसने 03 जून को 1230-1430 बजे भा.मा.स. के अनुसार प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में दक्षिण अलीबाग के निकट से महाराष्ट्र तट को पार किया। यह 5 जून की दोपहर दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और उससे सटे बिहार में कम दबाव के क्षेत्र में कमजोर पड़ गया।

दक्षिण पूर्व अरब सागर में निम्न दाब क्षेत्र विकसित होने के बारे में पहली जानकारी 21 मई को जारी किए गए विस्तारित अवधि के आउटलुक में दी गई थी जो दक्षिण पूर्व और उससे लगे पूर्वी मध्य अरब सागर और लक्षद्वीप में 31मई को निम्न दाब क्षेत्र के बनने से लगभग **10 दिन पहले** दी गई थी। 31 मई की सुबह दक्षिण-पूर्व और समीपवर्ती पूर्वी मध्य अरब सागर में निम्न दाब वाले **क्षेत्र बनने की जानकारी** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने **31 मई को 0855 बजे भा.मा.स. पर जारी किए गए पहले बुलेटिन में दी थी** और संकेत दिया था कि यह प्रणाली एक चक्रवाती तूफान में बदल जाएगी और 3 जून तक **(प्रचंड चक्रवाती तूफान निसर्ग के स्थल प्रवेश से लगभग 77 घंटे पहले)**। महाराष्ट्र और गुजरात के तटों तक पहुंच जाएगी। 2 जून को 1200 यूटीसी पर विशेष रूप से प्रेक्षित और अनिश्चितता और चतुष्कोणीय हवा वितरण के साथ-साथ दिए गए मार्ग पूर्वानुमान को चित्र 2.15 में प्रस्तुत किया गया है।

22 -27 नवंबर 2020 के दौरान बंगाल की खाड़ी में अति प्रचंड चक्रवाती तूफान "निवार "

21 नवंबर को भूमध्य हिंद महासागर (EIO) और दक्षिण बंगाल की खाड़ी के समीपवर्ती मध्य भागों में निम्न दाब के क्षेत्र से अति प्रचंड चक्रवाती



चित्र: 2.15 महाचक्रवातीय तूफान निसर्ग का २ जून को 1200 यूटीसी के आधार पर पर (स्थल प्रवेश से 20 घंटे पूर्व) अनिश्चितता और चतुष्कोणीय हवा वितरण के साथ विशेष रूप से प्रेक्षित और मार्ग पूर्वानुमान

तूफान विकसित हुआ। यह 23 नवंबर के शुरुआती घंटों में इसी क्षेत्र में एक अवदाब के रूप में संकेंद्रित रहा। यह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में 24 तारीख को चक्रवाती तूफान "निवार " में बदल गया। 25 तारीख को यह दोपहर में अति प्रचंड चक्रवाती तूफान में बदल गया। यह 25 की आधी रात और 26 को तड़के सुबह अति प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में तमिलनाडु और पुदुचेरी के समीपवर्ती पुदुचेरी के तट से गुजरा। यह दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और समीपवर्ती पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में 27 नवंबर को तड़के सुबह अत्यंत निम्न दाब का क्षेत्र होने के कारण कमजोर हो गया।

2020 के दौरान सभी चक्रवाती तूफानों के मार्ग, तीव्रता और स्थल प्रवेश का पूर्वानुमान भारत मौसम विभाग द्वारा पर्याप्त लीड समय के साथ सटीक रूप से दिया गया, जिससे जानमाल के नुकसान में काफी कमी आई।

2.9 (SASCOF) और अन्य दीर्घ अवधि पूर्वानुमान (शीत और ग्रीष्म)

पूर्वोत्तर मॉनसून ऋतु के लिए सर्वसम्मति बयान (अक्टूबर से दिसंबर 2020)

कोविड-19 महामारी के कारण 23 से 24 तक और 28 सितम्बर को ऑनलाइन आयोजित होने वाले दक्षिण एशियाई जलवायु आउटलुक फोरम (SASCOF-17) के 17 वें सत्र में दक्षिण एशिया के लिए 2020 अक्टूबर से दिसंबर (OND) के ऋतुनिष्ठ वर्षा और तापमान के लिए पूर्वानुमान पर सर्वसम्मति से वक्तव्य जारी किया गया। पूर्वानुमान का सारांश इस प्रकार है:

अक्टूबर-दिसंबर (OND) 2020 ऋतु के दौरान दक्षिण-एशिया के दक्षिणी भागों सुदूर दक्षिण-पूर्वी भारत के कुछ भाग श्रीलंका और मालदीव के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है, जहाँ ऋतु के दौरान अच्छी वर्षा होती है। हिमालय के तराई वाले कुछ क्षेत्रों सहित जिसमें दक्षिण एशिया के उत्तर-पश्चिमी और उत्तरी भागों में ऋतु के दौरान सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, इन क्षेत्रों में OND ऋतु के दौरान बहुत कम वर्षा होती है। तथापि, बंगाल की खाड़ी के उत्तरी और मध्य भागों, उत्तर प्रायद्वीपीय भारत के अधिकांश हिस्सों और म्यांमार के दक्षिणी भागों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। क्षेत्र के शेष भागों में सामान्य वर्षा होने की संभावना है। ऋतु के दौरान, क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से थोड़ा ऊपर रहने की संभावना है।

ग्रीष्म ऋतु (अप्रैल-जून, 2020) के लिए ऋतु का पूर्वानुमान:

पश्चिमोत्तर, पश्चिम और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत के मौसम वैज्ञानिक उपखंडों में अप्रैल-मई-जून (AMJ) ऋतु का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से कुछ अधिक <0.5 डिग्री सेल्सियस से <1 ° C तक उष्ण रहने की संभावना है। प्रायद्वीपीय भारत में अप्रैल-मई-जून (AMJ) ऋतु का औसत न्यूनतम और औसत तापमान भी सामान्य से 0.5°C अधिक ऊष्ण होने की संभावना है। ऋतु (अप्रैल-जून) के दौरान कोर हीट वेव (HW) जोन में उष्ण लहर की स्थिति सामान्य से अधिक होने की संभावना है।

2.10 पर्यावरणीय मौसम विज्ञान सेवाएं

विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) वैश्विक वायुमंडल निगरानी (GAW) कार्यक्रम के लिए वायुमंडलीय पर्यावरण के क्षेत्र में भारत मौसम विज्ञान विभाग योगदान देता है। GAW का मुख्य उद्देश्य वातावरण और उनकी प्रवृत्तियों की रासायनिक संरचना और संबंधित भौतिक विशेषताओं तथा डेटा एवं अन्य जानकारी प्रदान करना है, जो कि वायुमंडल के व्यवहार और महासागरों तथा जीवमंडल के साथ इसके परस्पर प्रभाव की समझ में सुधार करने के लिए आवश्यक है। IMD निम्नलिखित पर्यावरण निगरानी संजाल का अनुरक्षण करता है।

(क) ओजोन मॉनीटरन संजाल (ख) वर्षा और कणिकीय पदार्थ की सरंचना की मॉनीटरन (ग) एयरोसोल मॉनीटरन संजाल (घ) सन-स्काई रेडिओमीटर संजाल (ङ) ब्लैक कार्बन एयरोसोल मॉनीटरन संजाल (च) मल्टी-वेवलेंथ इंटीग्रेटिंग नेफेलोमीटर संजाल (छ) एयरोसोल का रासायनिक विशिष्टीकरण (ज) वायु गुणवत्ता पूर्वानुमान और अनुसंधान (झ) अधिक ऊंचाई वाले स्थान का जलवायु मॉनीटरन स्टेशन।

2.11 ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के तहत कृषि मौसम परामर्शी सेवाएँ

जिला कृषि मौसम इकाई (DMU) की स्थापना: वर्ष 2020 में, IMD और ICAR द्वारा संयुक्त रूप से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के ग्रामीण कृषि सेवा केंद्र के तहत कृषि विज्ञान केंद्रों के परिसर में 45 जिला कृषि मौसम इकाईयों की स्थापना की गई। 310 जिला इकाईयाँ (मौजूदा 130 AMFUs के साथ 181 DAMU) जिला और ब्लॉक स्तर पर मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान आधारित सप्ताह में दो कृषि मौसम बुलेटिन तैयार करती हैं। वर्तमान में ये बुलेटिन देश के 690 जिलों और 2256 प्रखंडों के लिए जारी किए जाते हैं। DAC और FW के mKisan पोर्टल और पीपीपी भागीदारों के माध्यम से ~ 43 मिलियन किसानों को एसएमएस के द्वारा परामर्श दिया जा रहा है और 1084 व्हाट्स एप ग्रुप बनाए गए हैं। ICAR-CRIDA के सहयोग से, हर हफ्ते शुक्रवार को

विस्तारित मौसम पूर्वानुमान आधारित कृषि मौसम परामर्शी बुलेटिन भी जारी किए जाते हैं।

उत्तर कर्नाटक कृषि मौसम पूर्वानुमान और अनुसंधान केंद्र (NKAFC) की स्थापना:

कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (UAS) धारवाड़, कर्नाटक राज्य प्राकृतिक आपदा निगरानी केंद्र (KSNDMC) बैंगलोर और भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के बीच त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन को UAS धारवाड़ में स्थित IMD के NKAFC से गतिविधियाँ आरंभ करने के लिए हस्ताक्षरित किया गया। इस केंद्र ने उत्तर कर्नाटक के 11 जिलों के लिए दैनिक आधार पर मौसम और फसल विशिष्ट कृषि परामर्शी सेवा बुलेटिन जारी करना शुरू किया है। अगस्त 2020 से हर मंगलवार और शुक्रवार को सप्ताह में दो कृषि परामर्शी सेवा बुलेटिन भी जारी किए जाते हैं।

2.12 जल –मौसम संबंधी सेवाएं

IMD के बाढ़ मौसम विज्ञान के कार्यालय (FMOs) (पूरे भारत में 14) केंद्रीय जल आयोग (CWC) के बाढ़ पूर्वानुमान प्रभागों को 153 उप-द्रोणियों के लिए मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (QPF) के रूप में मौसम विज्ञान की जानकारी प्रदान करता है जिससे उन्हें "बाढ़ की चेतावनी / बाढ़ अलर्ट" जारी करने में मदद मिलती है। मौसम संबंधी जानकारी के लिए उप द्रोणीवार मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (QPF) और संभावित मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (PQPF') से संबंधित जानकारी जल मौसम बुलेटिन के माध्यम से अलग-अलग श्रेणियों में प्रदान की जाती है। बाढ़ की ऋतु के दौरान प्रतिदिन 7 दिन के लीड समय का पूर्वानुमान 3 दिन का और बाद के 4 दिनों के लिए आउट्लुक जारी किया जाता है।

WRF ARW का उपयोग करते हुए दिन -1, दिन -2, दिन -3 के लिए मात्रात्मक वर्षा का अनुमान, MME का उपयोग करके दिन-1 से दिन-5 के लिए और IMD द्वारा GFS का उपयोग करते हुए दिन -1 से दिन-7 के लिए दिए जाते हैं। इसकी गणना IMD द्वारा की जाती है और इसे IMD की वेबसाइट पर प्रचालन के लिए लोड किया जाता है। इसी प्रकार, दिन-1 से दिन- 7 के लिए 00 UTC डेटा के आधार पर NCUM मॉडल के नए उप-द्रोणी वार डेटा को प्रचालनात्मक बनाया जाता है और IMD की वेबसाइट में डाला जाता है। उप द्रोणीवार संभावित मात्रात्मक वर्षा पूर्वानुमान (QPF') गत्यात्मक मॉडल पर आधारित होता है।

GEFS और NEPS को IMD वेबसाइट में आरंभ किया गया। गृह मंत्रालय की देखरेख में 10 प्रमुख नदी घाटियों में बाढ़ प्रबंधन के संबंध में कार्रवाई करने के लिए केंद्रीय जल आयोग को विशेष QPF और HM बुलेटिन उपलब्ध कराए गए।

वर्ष 2020 के दौरान, चौदह (14) परियोजनाओं की डिजाइन स्टॉर्म स्टडी को पूरा किया गया और संबंधित परियोजना अधिकारियों को परिणाम भेजे गए। निजी / लाभ अर्जित करने वाली एजेंसियों से प्राप्त परियोजनाओं के संबंध में डिजाइन तूफान अध्ययन को पूरा करने के लिए 35,13,408/ -रू. की राशि एकत्र की गई।

दक्षिण एशिया आकस्मिक बाढ़ दिशा - निर्देश प्रणाली (SAsiaFFGS)

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव ने 23 अक्तूबर 2020 को दक्षिण एशियाई देशों - भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और श्रीलंका के लिए अपनी तरह की पहली आकस्मिक बाढ़ दिशानिर्देश प्रणाली सेवा समर्पित की। यह प्रणाली सभी सदस्य देशों के महानिदेशकों तथा PR's, विश्व मौसम संगठन, HRC, NDMA, केंद्रीय जल आयोग, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के प्रतिनिधियों तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में वर्चुअल रूप से आरम्भ की गई। SAsiaFFGS द्वारा निम्नलिखित गतिविधियाँ निष्पादित की गईं:

- 24 अक्तूबर 2020 से राष्ट्रीय और दक्षिण एशिया क्षेत्रीय दिशानिर्देश बुलेटिनों का नियमित रूप से मॉनीटरन किया जाता है तथा इन्हें ईमेल, सोशल मीडिया तथा व्हाट्सएप समूह के माध्यम से प्रचालन मोड में सभी लाभार्थियों को भेजा जाता है।
- दक्षिण एशिया की आकस्मिक बाढ़ दिशा निर्देश सेवाओं को सोशल मीडिया के माध्यम से नियमित रूप से संचारित तथा अद्यतन किया जाता है तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय लाभार्थियों द्वारा इनकी सराहना भी की गई है।
- 8 से 10 जुलाई 2020 के दौरान भारत, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका,विश्व मौसम संगठन तथा HRC,संयुक्त राज्य अमेरिका से लगभग 150 प्रशिक्षु पूर्वानुमानकर्ताओं के लिए वी.सी. के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय प्रचालनात्मक SAsiaFFGS प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

2.13 विमानन सेवाएं

2019-2020 में हवाई अड्डा कुहरा निगरानी और पूर्वानुमान प्रणाली

प्रमुख विमानन मौसम खतरों में से कुहरा एक है। प्रत्येक शीत ऋतु में, उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्रों के हवाई अड्डे घने कुहरे के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। एक ऋतु में औसतन 6-7 घंटे प्रति दिन <200 मीटर

घना कुहरा होता है। विमान चालकों द्वारा वांछित दृश्यता प्राप्त न होने के कारण उड़ानों में देरी / रद्द करने तथा मार्ग परिवर्तन तथा कभी-कभी उड़ानों के लिए गंभीर सुरक्षा मुद्दे भी उत्पन्न होते हैं। अतः समय-समय पर कुहरे के बनने, तीव्रता और क्षय पर जानकारी, दृश्यता तथा समय-समय पर प्रवृत्ति का पूर्वानुमान एयरलाइंस, हवाई अड्डे के ऑपरेटरों तथा एटीसी की प्रमुख आवश्यकताएं हैं।

दिसंबर 2019-जनवरी 2020 में अमृतसर-दिल्ली सेक्टरों में मुख्य रूप से भारत-गंगा के मैदानी इलाकों में पश्चिमी भागों पर स्थित हवाई अड्डों में हवाई अड्डे के 30 मिनट के सतह दृश्यता आँकड़े, 3-एच सतह दृश्यता आँकड़े तथा INSAT 3 D कुहरा उत्पादों द्वारा घने कुहरे के प्रेक्षण,15 दिसंबर 2019 से<50 मी अत्यधिक सघन कुहरे के विकसित तथा तीव्र होते देखे गए । पुनः 18 दिसंबर तक अधिकांश उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में व्यापक रूप से घना कुहरा देखा गया जबकि लखनऊ, गया, पटना और वाराणसी में अत्यधिक घना कुहरा रिकॉर्ड किया गया। इस विशाल क्षेत्र में यह घना कुहरा 3 जनवरी 2020 तक बना रहा। इसके बाद, जनवरी 2020 में10-13 जनवरी 2020 तक घने कुहरे के छोटे दौर रहे जो मुख्य रूप से लखनऊ, वाराणसी और गया के IGP क्षेत्र के मध्य भागों में स्थित हवाई अड्डों पर देखे गए,जबकि 16-19 जनवरी 2020 के दौरान, यह केवल अमृतसर-दिल्ली सेक्टरों वाले पश्चिमी भागों तक ही सीमित था। वर्ष 2019-20 के दौरान दिल्ली में प्रेक्षित घने कुहरे की इतनी अधिक घटनाओं के लिए, WIFEX 2019-20 के अंतर्गत यह भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे के साथ संयुक्त रूप से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर 20 मीटर फ्लक्स टॉवर के साथ लगभग 31 प्रकार के उपकरण स्थापित करके विश्व स्तरीय आंकड़े प्राप्त करने में सक्षम रहा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग में हवाई अड्डों के पूर्वानुमानकर्ताओं ने प्रभावी ढंग से इनसेट 3D दिन-रात के समय संसूचन वाले RGB चैनल का उपयोग किया जो दिल्ली हवाई अड्डे पर 380 मीटर विभेदन तक तथा अन्य हवाई अड्डों के लिए 2-4 कि.मी. विभेदन तक कुहरे के मॉडल पूर्वानुमान उत्पाद प्रदान करते हुए 30 मिनट के अंतराल पर कुहरे वाले क्षेत्र, सतह दृश्यता आंकड़े, रनवे दृश्य दूरी (RVR) तथा संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (NWP) आधारित अनुकूलित कुहरा मॉडल प्रदान करता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने वास्तविक समय कुहरा पूर्वानुमान तथा प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली का भी विस्तार किया और भारत मौसम विज्ञान विभाग के वेब पेज और OLBS के माध्यम से पूरे उत्तर भारत के 12 हवाई अड्डों पर 6 घंटे के कुहरे के अद्यतन पूर्वानुमान जारी किए। पूर्वानुमान क्षेत्र में इस प्रकार के सभी नए त्वरित विकास से उड़ान में व्यवधान को कम करने में तथा 2019-2020 शीत ऋतु और वर्तमान 2020-21 ऋतु के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था में सहायता मिली।

शीतकालीन कुहरा अभियान (WIFEX)

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा, नई दिल्ली तथा हिसार में नवंबर 2020-मार्च 2021 के दौरान शीतकालीन कुहरे पर प्रयोग का छठवाँ चरण आरंभ किया गया। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के नए एटीसी टॉवर में नए दृश्यता उपकरण लगाए गए। इसके अतिरिक्त, हिसार मापन स्थल पर 10 मीटर फ्लक्स टॉवर में दृश्यता मीटर, मृदा सेंसर, स्वचालित मौसम सेंसर और नेट विकिरण सेंसर स्थापित करके प्रचालन में लाए गए। सभी सेंसरों को वास्तविक समय आंकड़ा अभिगम हेतु पुणे सर्वर से जोड़ा गया प्रचालन पूर्वानुमान प्रणाली में शामिल किया गया और उन्हें WiFEX अभियान (NC, LWC, दृश्यता) पर आधारित सूक्ष्म भौतिकीय आंकड़ों के आधार पर दृश्यता पूर्वानुमान हेतु आनुभविक संबंध विकसित और सम्मिलित किए गए। दिल्ली (2 कि.मी. तथा 400 मीटर विभेदन) तथा भारत के उत्तरी क्षेत्र (4 कि.मी.विभेदन) के लिए भौतिकीय एन्सेम्बल पर आधारित कुहरा पूर्वानुमान प्रणाली विकसित की गई तथा दृश्यता एवं LWC दोनों के लिए पूर्वानुमान तैयार किया गया।

अध्याय 3 | समुद्री सेवाएँ, मॉडलिंग, अनुप्रयोग, संसाधन और प्रौद्योगिकी (ओ-स्मार्ट)

मंत्रालय द्वारा ओ-स्मार्ट योजना समुद्रों के सतत प्रेक्षणों, प्रौद्योगिकी विकास और समुद्री संसाधनों के स्थायी दोहन के लिए खोज और सर्वेक्षण (दोनों सजीव और निर्जीव) से संबंधित सेवाएं प्रदान करने और समुद्र विज्ञान में फ्रंट-रैंकिंग अनुसंधान को बढ़ावा देने की दिशा में लागू की जा रही है। यह योजना पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के विभिन्न संस्थानों जैसे भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र (इंकॉइस), राष्ट्रीय समुद्र प्रौद्योगिकी संस्थान (रासप्रौसं), राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं समुद्री अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर), राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (एनसीसीआर) और समुद्री सजीव संसाधन और पारिस्थितिकी केंद्र (सीएमएलआरई) द्वारा लागू की जा रही है। ओ-स्मार्ट योजना के अंतर्गत वर्ष के दौरान प्राप्त मुख्य उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

3.1 समुद्री विज्ञान और सेवाएँ

3.1.1 सुनामी चेतावनी सेवाएं

हैदराबाद स्थित भारतीय सुनामी पूर्व चेतावनी केंद्र (आईटीईडबल्यूसी) ने जनवरी 2020 - नवंबर 2020 की अवधि के दौरान ≥ 6.5 की तीव्रता के 23 भूकंपों की निगरानी की।, जिनमें से केवल 2 भूकंप हिंद महासागर क्षेत्र में आए थे। भूकंप की इन घटनाओं का सावधानी पूर्वक मूल्यांकन करने के पश्चात भी सुनामी के किसी खतरे की सूचना नहीं मिली। हिंद महासागर हेतु सुनामी सेवा प्रदाता (टीएसपी) होने के नाते हिंद महासागर के रिम देशों और अंतर सरकारी समुद्री आयोग (आईओसी) के लिए आवश्यक सूचनाएँ भी प्रेषित की गई थीं। अंतर सरकारी समुद्री आयोग (आईओसी), युनेस्को की हिंद महासागर सुनामी चेतावनी और शमन प्रणाली (आईओटीडब्ल्यूएमएस) के साथ इंकॉइस ने 13 अक्टूबर और 20 अक्टूबर 2020 को (आईओ-वेव20) हिन्द महासागर सुनामी प्रयोग का आयोजन किया। (चित्र 3.1) 5 नवंबर, 2020 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) और ओडिशा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (ओएसडीएमए) के समन्वय के साथ इंकॉइस में "सुनामी जागरूकता एवं तैयारी" विषय पर वेबिनार आयोजित करके विश्व सुनामी जागरूकता दिवस मनाया गया। तटीय आपदा प्रबंधन संगठनों, वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक संस्थानों से लगभग 190 प्रतिभागियों ने इस वेबिनार में भाग लिया। आईओसी यूनेस्को ने 7 अगस्त 2020 को आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से वेंकटराइपुर एवं नोलियासाही गांवों के सुनामी हेतु तैयार समुदायों और ओएसडीएमए के अधिकारियों को सुनामी अभिज्ञान प्रमाणपत्र और प्रशास्ति-पत्र से सम्मानित किया, यह हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है। (चित्र 3.1)।

3.1.2 समुद्री मत्स्य परामर्श सेवाएं (एमएफएएस))

इंकॉइस की प्रमुख सेवा - पोटेंशियल फिशिंग ज़ोन (पीएफ़ज़ेड) परामर्शिकाएं जनवरी से नवंबर 2020 की अवधि के लिए लगातार स्मार्ट डाटा मैप और बहुभाषी पाठ के रूप में सैटेलाइट डाटा की उपलब्धता, मछली पकड़ने के लिए राज्य के प्रतिबंध की अवधि और प्रतिकूल समुद्र-दशा के बावजूद पर लगातार प्रसारित की जा रही है। इस अवधि के दौरान, इंकॉइस ने अधिकतम गहरे जल में मछली पकड़ने की जानकारी के साथ येलोफिन टूना संबंधी परामर्शिकाएं भी प्रसारित की है (चित्र 3.2)।



चित्र 3.1 (क) आईओ वेव 20 प्रयोग भागीदारी (ख) आईओसी-यूनेस्को द्वारा सुनामी तैयार प्रमाणीकरण



चित्र 3.2 जनवरी-नवंबर, 2020 के दौरान जारी की गई पीएफ़ज़ेडऔर टूना पीएफ़ज़ेड परामर्शिकाओं की संख्या।

3.1.3 समुद्री दशा पूर्वानुमान सेवाएँ

समुद्र में क्षेत्रों पर भारत के तटीय मछली पकड़ने का कार्य करने वाले अनेक छोटे मछली पकड़ने वाले जहाजों को समुद्री दशा की सूचना देने के लिए लघु पोत परामर्शिकाएं और पूर्वानुमान सेवा प्रणाली (एसवीएएस) को शुरू किया गया। तटीय जनसंख्या सुरक्षा के लिए स्वेल सर्ज फोरकास्ट सिस्टम भी शुरू किया गया। बंगाल की खाड़ी में सुपर चक्रवाती तूफान अम्फान (16-21 मई , 2020) के दौरान और अरब सागर में तीव्र चक्रवाती तूफान निसर्ग की (29 मई - 4 जून, 2020) के दौरान मॉडल, उपग्रह और स्वस्थाने उपकरणों का उपयोग करके निगरानी की गई थी, और इससे संबंधित पूर्वानुमान संयुक्त इंकॉइस–आईएमडी समाचार के माध्यम से जारी किया गया। पूर्वानुमान ने स्व-स्थाने प्रेक्षण के साथ उत्कृष्ट सामंजस्य दिखाया। इन बुलेटिनों को नियमित रूप से इंकॉइस वेबसाइट में अपडेट किया गया और आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पंजीकृत उपयोगकर्ताओं को ईमेल और एसएमएस द्वारा भी इसकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। अम्फान तूफान के दौरान कुल मिलाकर 15 तूफानी लहर संबंधी समाचार जारी किए गए थे और निसर्ग के दौरान 8 तूफान लहर संबंधी समाचार जारी किए गए (चित्र 3.3)।



चित्र 3.3 (क) तूफानी लहर और बाढ़ पूर्वानुमान और (ख) अम्फान चक्रवात मई (2020) के दौरान प्रेक्षण के साथ पूर्वानुमान की तुलना।

3.1.4 (क) बहु-खतरा भेद्यता मानचित्रण और समुद्र की गहराई के साथ तटीय स्थलाकृति का सम्मिश्रण

3डीविज़ुअलाइज़ेशन और विश्लेषण प्रणाली (3डीवीएएस) एप्लिकेशन को अपडेट किए गए डाटा (3डी, 2डीऔर भूभौतिकीय डाटा) और मानचित्रों के साथ एकीकृत किया गया था। उपलब्ध उच्च-रिज़ॉल्यूशन वाले स्थलाकृतिक डाटा (एएलटीएम,सीएआरटीओएसएटी, एसआर टीएम) और तटीय बाथमीट्री डाटा (एनएचओ, जीएसआई) को एक साथ मिलाया गया और भारत के पूरे पूर्वी तट के लिए एक साथ सुनामी और तूफानी लहरों की तटीय मॉडलिंग की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रयोग में लाया गया(चित्र 3.4)।

3.1.5 कोरल ब्लीचिंग चेतावनी प्रणाली

उपग्रह आधारित कोरल ब्लीचिंग अलर्ट को हॉटस्पॉट, हीटिंग डिग्री और द्वि-साप्ताहिक आधार पर एसएसटी विसंगतियों की विविधता पर परामर्श के रूप में प्रदान किया गया था। 2019-20 के दौरान प्रवाल विरंजन की कोई घटना दर्ज नहीं की गई थी।



चित्र 3.4 (क) (एमएचवीएम) और (ख) भारत के पूर्वी तट की स्थलाकृति और बाथमेट्री का मिलान

3.1.6: डाटा केंद्र और सेवाएँ

इंकॉइस डाटा केंद्र समुद्र विज्ञान डाटा, सुदृढ़ीकृत रियल-टाइम डाटा प्राप्ति, प्रसंस्करण, रिमोट सेन्सिंग उपग्रह, अर्गो फ़्लोट्स, मूर्ड बॉय, ड्रीफ्टिंग बुआएज, वेब, राडार, बुआएज टाइड गेज लहर ऊंचाई मीटर, जहाज पर स्वायत्त मौसम केंद्र और एचएफ़ रडार जैसी समुद्र की विस्तृत विविधता से समुद्री डाटा और सतह पर मौसम संबंधी डाटा के लिए केंद्रीय भंडार के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा, सतही-महासागर डाटा को नियमित रूप से देश में विभिन्न परिचालन एजेंसियों के पास रियल - टाइम प्रसारित किया गया है । एक्सबीटी / एक्ससीटीडी प्रेक्षण, मेट ऑब्जर्वेशन (एनओडीपीएसी), ओएमएम क्रूज डाटा, आईएमडी समुद्री मौसम संबंधी डाटा, ए.डी.सी.पी. डाटा, ओमनी बुआए डाटा आदि जैसे विभिन्न प्रेक्षण प्रणालियों सेभी डाटा केंद्र को विलंबित मोड में डाटा में प्राप्त हुआ है और इसे संग्रहीत किया गया है।

डाटा केंद्र ने डाटा के उपयोग को बढ़ाने के लिए व्युत्पन्न डाटा-उत्पादों और अभिनव वेब-आधारित अनुप्रयोगों को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है । समुद्री डाटा का प्रबंधन करने के लिए एक अभिनव वेब-एप्लिकेशन प्रोजेक्ट डिजिटल ओशन(डीओ) का विकास कार्य पूरा हो गया है (चित्र 3.6)। DO (3 D और 4 D एनिमेशन सहित) और विश्लेषण उपकरणों के साथ विषम समुद्री डाटा को कुशलतापूर्वक एकीकृत और प्रबंधित करने के लिए एक गतिशील ढांचा प्रदान करता है।



चित्र 3.5 डिजिटल समुद्री अनुप्रयोग का स्नैपशॉट: स्व-स्थाने समुद्री प्रेक्षण प्लेटफार्म

इसका निर्माण इंकॉइस डाटा सेंटर में विभिन्न डाटा उत्पादों के लिए संग्रह, विज़ुअलाइज़ेशन और प्रसार जैसी डाटा संबंधी सुविधाओं के लिए एक-स्टॉप समाधान को ध्यान में रखकर किया गया है।

3.1.7 इंकॉइस फ्लक्स मूरिंग

वुड्स होल ओश्नोग्राफिक इन्स्टिटूशन (डबल्यूएचओआई), संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा डिजाइन की गई सतही मौसम संबंधी और उप सतही ओश्नोग्राफिक सेंसरों से सुसज्जित अत्यधिक परिष्कृत फ्लक्स बॉयमूरिंग को बंगाल की उत्तर खाड़ी में 23 मई 2019 को 17.8° उत्तर और 89.5° पूर्व में राष्ट्रीय मानसून मिशन कार्यक्रम के तहत "बंगाल की खाड़ी और मानसून एयर सी इंटरेक्शन में युग्मित भौतिक प्रक्रियाओं" के भाग के रूप में तैनात किया गया। इस तरह की प्रत्यक्ष सह प्रसरण फ्लक्स प्रणाली (डीसीएफ़एस) हिंद महासागर में तैनात की जाने वाली अपनी तरह की पहली प्रणाली है। 07 अक्टूबर 2020 को एक ओआरवी सागर निधि क्रूज (एसएन-156) के दौरान जटिल फ्लक्स बॉय और मूरिंग सिस्टम को सफलतापूर्वक पुनर्प्राप्त किया गया था। एक वार्षिक पैमाने (जून, 2019 से जुलाई, 2020) में अव्यक्त और समीचीन गर्मी प्रवाह दोनों पर काम किया गया है (चित्र 3.7)।

3.1.8 परिचालनात्मक समुद विज्ञान (आईटीसीओ ओशन) के लिए अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र।

आईटीसीओ ओशन ने अत्याधुनिक सुविधाओं का उपयोग कर के अपने कार्यों को जारी रखा है। यूनेस्को - ओशन टीचर ग्लोबल एकेडमी 2 (ओटीजीए-2) के तहत आईटीसीओ ओशन को 2020-2023 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र (आरटीसी) के रूप में मान्यता दी गई थी। जनवरी 2020 - नवंबर 2020 के दौरान, **1731** व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया जिनमें से **1150 (पुरुष: 642, महिला: 508)** व्यक्ति भारत के हैं और **581 (पुरुष: 345, महिला: 236)** अन्य **73** देशों से हैं। तीन ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जो "डिस्कवरी एंड यूज ऑफ "ऑपरेशनल ओशन डाटा प्रोडक्ट्स एंड सर्विसेज" अंडरस्टैंडिंग सी लेवल: डाटा एनलिसिस एंड एप्लिकेशन" और फिशरी ओशनोग्राफी फॉर फ्यूचर प्रोफेशनल्स" जैसे विषयों को कवर करते हैं।

3.2 समुद्री संजीव संसाधन (एमएलआर) में अध्ययन

3.2.1 पूर्वी अरब सागर के समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र की गतिशीलता (मेडस)

मेडस कार्यक्रम को पूर्वी अरब सागर बेसिन के साथ प्रमुख भौतिक तंत्रों के प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से लागू किया जा रहा है, वे हैं उत्प्रवाह और संवहनी का मिश्रण और जैव-रसायन और पारिस्थितिकी तंत्र की प्रतिक्रिया पर उनकी परस्पर क्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र तटीय पारिस्थितिकी तंत्र पर स्थलीय आदानों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए है। ग्रीष्म मानसून (एसएम) के दौरान अलग-अलग रेंजों में संपूर्ण ईएएस की मिश्रित परत की गतिशीलता को प्रभावित करने के लिए उत्प्रवाह देखा गया है और सर्दियों के मानसून (डब्ल्यूएम) के दौरान देखा गया कि संवहन मिश्रण प्रक्रिया का प्रभाव उत्तर तक ही सीमित रहा। उत्तर-पूर्वी अरब सागर (एनईएएस) में जनवरी-मार्च के दौरान वाष्पीकरणीय शीतलन, संवहन मिश्रण की शुरुआत होती है और मिश्रित परत और ऊपरी थर्मोकलाइन के आधार से पोषक तत्वों को ऊपर की ओर ले जाने में





चित्र 3.6 (क) इंकॉइस और रासप्रौसं के वैज्ञानिकों द्वारा इंकॉइस फ्लक्स मूरिंग रिकवरी (ख) नेट शॉर्टवेव रेडिएशन, नेट लॉन्गवेव रेडिएशन, लेटेंट हीट फ्लक्स और इंकॉइस फ्लक्स मूरिंग मापों से प्राप्त संवेदक हीट फ्लक्स।

सहायता मिलती है जिससे जैविक उत्पादन में वृद्धि होती है। एनईएएस में शीतकालीन संवहन के साथ उच्च पोषक तत्व अनुपात (एन/पी) देखने को मिला और ग्रीष्म में मानसून में उत्प्रवाह के कारण सतह उत्पादन में काफी वृद्धि हुई जिससे ऊपरी कॉलम में कार्बनिक कार्बन कण की मात्रा में बढ़ोतरी हुई। (चित्र 3.7)

ग्रीष्म में मानसून के दौरान पश्चिमी भारतीय शेल्फ पर तीव्र ऑक्सीजन की कमी, कम ऑक्सीजन के पृष्ठ लेखन का परिणाम है। इसके अलावा, सितंबर के दौरान 12-180 उत्तर के बीच मध्य क्षेत्र में तीव्र एनॉक्सिक स्ट्रेस की स्थिति मजबूत विकृतीकरण और सल्फर की कमी को उत्पन्न करती है, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में CO_2, N_2O CH_4 जैसी ग्रीन हाउस गैसों का पैदा होती है और इनके बहिर्वह का क्षेत्रीय बजट में महत्वपूर्ण योगदान है। पूर्वी अरब सागर के साथ वर्ष भर ऑक्सीजन न्यूनतम क्षेत्र (डीओ<20 माइक्रोन) की गतिशीलता ने दिखाया कि यह अधिक प्रगाढ़ है और 1000 मीटर से अधिक तक फैला हुआ है; इसकी प्रगाढ़ता उत्तर से दक्षिण की ओर जाते हुए कम हो जाती है, जो थर्मोकलाइन की गहराई में बदलाव का बारीकी से पालन करती है। इसके अलावा, कोर-ओएमजेड (डीओ<5 cm) की मध्य EAS-15o N में एक बारहमासी दक्षिणी सीमा है और यह 12° उत्तर तक का मौसमी विस्तार करती है, जो मुख्य रूप से गर्मियों के दौरान एक ध्रुवीय आवेग द्वारा महत्वपूर्ण वातन के कारण होता है। पिगमेंट्स विश्लेषण का उपयोग करने वाली फाइटोप्लांकटन सामुदायिक संरचना ने सर्दियों के मानसून के दौरान ईएएस बेसिन के तटीय समुद्र में डायटम के प्रभुत्व का पता लगाया। साइनोबैक्टीरियल आबादी के अपतटीय प्रभुत्व मेंपिको- नैनो प्लैंकटन के बड़े अनुपात के साथ मिक्सोट्रोफिक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले काफी माइक्रो फाइटोप्लांकटन शामिल हैं।

3.2.2 संसाधन अन्वेषण और आविष्कार प्रणाली

अंडमान समुद्र में मैक्रोफ्यूना के घनत्व और बायोमास ने उथले से गहरे क्षेत्रों में घटती प्रवृत्ति को दिखाया , जो पश्चिमी मार्जिन की तुलना में पूर्वी मार्जिन के साथ अपेक्षाकृत अधिक था। पॉलीकीट प्रमुख टैक्सा थे, इसके बाद क्रस्टेशियंस, मोलस्क , अन्य मैक्रोफॉनल समूह और इचिनोडर्म्स शामिल थे। पॉलीकीट ने जल की बढ़ती गहराई के साथ सामान्य गिरावट को दिखाया, जबकि क्रस्टेशियन घनत्व में गहराई के साथ वृद्धि देखी गई । विज्ञान के लिए नई क्रस्टेशियंस की चार प्रजातियों (इन्फ्रा ऑर्डर ब्राचीरा और एनोमुरा के तहत) का प्रलेखन किया गया। भंगुर स्टार्स सबसे अधिक प्रजातियां समृद्ध समूह हैं और अंडमान सागर और बंगाल की खाड़ी के बाद अरब सागर से सबसे अधिक विविधता वाले भारतीय समुद्र में एकाइनोडर्म के बीच शामिल हैं। अरब सागर के बाद अंडमान सागर में फिलेजिनेटिक विविधता सबसे ज्यादा है, और यह बंगाल की खाड़ी में अपेक्षाकृत कम है । विकास परक संबंध को समझने के लिए माइटोकॅन्ड्रियल जीन के एम्प्लीकॉन्स और गहरे समुद्र क्रैब की 18 प्रजातियों से 650 बीपी लंबाई के 165, गैलेथीड एकवैट लॉबस्टर की 3 प्रजातियां और अलिबनिड मोल क्रैब की एक प्रजाती को सफलतापूर्वक अनुक्रमित किया गया। लक्षद्वीप समूह पर अंतर्ज्वारिय जीव सर्वेक्षण पॉलीक्लाड्स (15 प्रजातियां), हेट्रोब्रांचस (9 प्रजातियां), एचिउर्नस, एकीनोडर्म्स (9 प्रजातियां) और पॉलीकीट्स को दर्शाते हैं। CO1, 165, 1 8 5 जैसे वर्गिकीय जानकारीपूर्ण जीन का आंशिक अनुक्रमण पॉलीक्लाड से विभिन्न रंग के मोरफोटाइप में सफलतापूर्वक किया गया (चित्र 3.8)।

ऑर्डर स्टोमीफ़ॉर्म की गहरी-समुद्री मछली, जिसने खाद्य वेब में महत्वपूर्ण योगदान दिया, का आविष्कार किया गया और हिंद महासागर में 13 नए



चित्र 3.7 (क) मेडस स्थान (ख) वर्ष 2018 के दौरान मेडस स्थानों पर उत्प्रवाह के संकेतक के रूप में स्थानीय तापमान विसंगति की मासिक भिन्नता।

चित्र 3.8 समुद्री क्रस्टेशियनने विज्ञान को नई सूचना दी (क) क्रोकोडाइडिनसुरावनैनी (ख) नियोलिथोडाइंडिसिकस (ग) प्रियनोस्पायोट्रोविटा

रिकॉर्ड प्रलेखित किए गए। फिश ओटोलिथास का उपयोग आकृति विज्ञान, भोजन और फीडिंग और लोकोमोशन रणनीति के आधार पर प्रजातियों के बीच अंतर करने और गहरे समुद्र की मछलियों के बीच फॉडिंग और लोकोमोशन रणनीति को समझने के लिए किया जाता है। 17 जेनेरा और 8 प्रजातियों के तहत 36 प्रजातियों के लिए भारतीय ईईजेड से प्राप्त लोपहिफोर्मेस की एक चेक लिस्ट की पुनः जांच की गई। वलपाड़ (1197 सं., 100 मीटर-3 के तटीय क्षेत्र) से कारवार (572 सं. 100 मीटर-3) के साथ अपतटीय क्षेत्रों में कंटिन्युस अंडरवे फिश एग सेंप्लर (सीयूएफईएस) की अत्याधिक मात्रा देखी गई। समुद्री स्तनपायी टिप्पणियों से पता चलता है कि पूर्वी अरब सागर सेटासीन विविधता में समृद्ध है। सर्वेक्षण में गुजरात तट के खुले समुद्रों से नीली व्हेल की उपस्थिति का भी दस्तावेजीकरण किया गया। 500 से 1000 मीटर की गहराई पर अधिकतम सेटासीनदेखा गया। महासागर बायोग्राफिक सूचना प्रणाली में समुद्री स्तनधारी वितरण, पॉलीक्लाड्स वितरण और 11 वें दक्षिणी महासागर अभियान को संवर्धित किया गया है।

3.2.3 दक्षिणी समुद्र के हिंद महासागर क्षेत्र की खाद्य वेब संरचना

दक्षिणी महासागर एक बहुत गतिशील पारिस्थितिकी तंत्र है जिसमें कई फ्रंट और क्षेत्र शामिल हैं। फ्रंट के बीच, सबटॉप्टिकल फ्रंट (एसटीएफ) उच्च भंवर गतिविधि का एक क्षेत्र है, जो कि स्पेशियो टेंपरल परिवर्तनशीलता को प्रदर्शित करता है। प्लैंकटोनिक खाद्य वेब संरचना की संरचना में माइक्रोजोप्लांकटन की भूमिका को स्पष्ट किया गया था। एसटीएफ जैसे उच्च सक्रिय वातावरण में जैसे ही दोनों प्रणालियों में दोनों मार्गों के प्रतिच्छेदन का प्रेक्षण किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में संबन्धित प्रभावी मार्गों (माइक्रोबियल और क्लासिकल) को पहचानना आवश्यक था। एसटीएफ में मल्टीवोरस फूड वेब की परिकल्पना अच्छी है, जिसमें माइक्रोबियल और क्लासिकल फूड वेब के बीच ट्रॉफिक नेक्सस के रूप में



चित्र 3.9 (क) एसटीएफ की गतिशील प्रकृति को दर्शाने वाला अध्ययन क्षेत्र (ख) आईओएसओ (सीई-चक्रवाती भंवर, एसीई-एंटीसाइक्लोनिक भंवर, डीओएम-विघटित कार्बनिक पदार्थ, एमज़ेडपी-माइक्रोजोप्लांकटन, सीटीएस-सिलिएट) के एसटीएफ़ में एमज़ेडपी की मध्यस्थ भूमिका को दर्शाने वाले प्लैंक्टोनिक फूड वेब का योजनाबद्ध प्रतिनिधित्व।

एमजेडपी का महत्व अनुमानित है।

3.3 तटीय अनुसंधान

3.3.1 समुद्री और तटीय प्रदूषण

भारतीय तट के साथ चयनित स्थानों पर समुद्री जल की भौतिक-रासायनिक, जैविक और सूक्ष्मजीवविज्ञानी विशेषताओं और समुद्री जल की गुणवत्ता में समय-समय पर होने वाले परिवर्तनों का पता लगाने के लिए निगरानी की जा रही है। उत्पन्न डाटा सेट संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य - 14 (एसडीजी 14- अन्तर्जलीय जीवन) के लिए राष्ट्रीय संकेतक ढांचे पर जानकारी प्रदान कर रहे हैं। अगस्त 2020 में आयोजित क्रूज से प्राप्त परिणामों के आधार पर आंध्र प्रदेश तट के लिए तटीय जल गुणवत्ता सूचकांक (सीडबल्यूक्यूआई) मानचित्र तैयार किया गया था। (चित्र. 3.9)

तटीय हितधारकों के लाभ के लिए प्रदूषण के स्तर का आकलन करने और एक पूर्वानमुान प्रणाली विकसित करने के लिए, दिसंबर 2019 से चेन्नई के मरीना समुद्र तट से दूर 11 मीटर गहरे समुद्र में तैनात एक स्वचालित सेंसर बोय प्रणाली का उपयोग करके एक पायलट अध्ययन किया गया था। (चित्र 3.10 ख). चेन्नई के तटीय समुद्र के लिए विकसित एक जल गुणवत्ता मॉडल 5 दिनों के लिए तटीय जल की गुणवत्ता का पूर्वानुमान प्रदान करता है और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से इसे राज्य सरकारों (एसपीसीबी) को प्रसारित किया जाता है।

धातु प्रदूषण से तटीय और समुद्री जीवों के संरक्षण के लिए एन्नोर, उप्पनार, और वेल्लार नदी शाखाओं में पारिस्थितिकीय और पारिस्थितिक जोखिम मूल्यांकन किया जा रहा है। अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने धातुओं (Cd, Cu, Hg, Zn, Pb, As, Cr) और कीटनाशक मोनोक्रोटोफॉस के लिए श्रेणी एसडबल्यू-III के जल के लिए [औद्योगिक शीतलन, रेक्रीएशन (गैर-संपर्क) और एस्थेटिक्स] और श्रेणी एसडबल्यू-V के जल [नेविगेशन और नियंत्रित अपशिष्ट निपटान] के लिए प्राथमिक जल गुणवत्ता मानकों को स्वीकृति दी है।

मरीन लिटर पॉलिसी और प्रबंधन को विकसित करने और मुख्य स्थानों की पहचान करने हेतु डाटा तैयार करने के लिए भारतीय तटरेखा को कवर करने वाले अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को शामिल करते हुए समुद्री प्लास्टिक अनुसंधान चलाया जा रहा है। समुद्र तट पर कूड़ा और प्रदूषण फैलाने से जैवविविधता को होने वाले नुकसान के संबंध में तटीय सफाई संबंधी जागरूकता कार्यक्रमचलाए जा रहें हैं, स्कूल, कॉलेज के छात्र, सरकारी और गैर-सरकारी संगठन के नागरिक इस तरह की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।

3.3.2 तटीय प्रक्रियाएं और जोखिम

भारतीय उपग्रह चित्रों और क्षेत्र मापों का उपयोग करके संपूर्ण भारतीय तट के लिए तटीय रेखा परिवर्तन दर का विश्लेषण किया जाता है। वर्ष 1990-2018 के 11 डाटा सेटों का उपयोग करके मानक प्रोटोकॉल का उपयोग



चित्र 3.10 (क) आंध्र प्रदेश तट के लिए सीडबल्यूक्यूआई और(ख) दूरस्थ मरीना तट बुआए मापन

चित्र 3.11 (क) तटीय राज्य हितधारकों को समुद्री जल गुणवत्ता मानक पर प्रशिक्षण (ख) समुद्री लिटर और माइक्रोप्लास्टिक्स नमूनाकरण और विश्लेषण

करते हुए 526 तटरेखाओं के लिए परिवर्तन मानचित्र (1: 25000 स्केल) उत्पन्न किए गए हैं। तटीय विकास और प्रबंधन प्रक्रियाओं से निपटने के लिए एवं विभिन्न तटीय प्रबंधकों की सुविधा के लिए जीआईएस प्लेटफॉर्म में वेब आधारित तटीय परिवर्तन सूचना प्रणाली विकसित की गई है। समुद्र तट के साथ तलछट की गतिशीलता को समझने के लिए 14 स्थलों पर समुद्र तट आकृति विज्ञान, तटीय परिवर्तन, तलछट और समुद्री वातावरण प्रेक्षण की सामयिक निगरानी की गई है। कडलूर , महाबलीपुरम, चेन्नई तट के लिए आईपीसीसी एआर 5 के विभिन्न जलवायु परिवर्तन परिदृश्यों यानी अर्थात (2.6, 4.5, 6.0 और 8.5) पर विचार करते हुए संभावित तटीय रेखा का निवर्तन किया गया है।

आपदा प्रबंधन विभाग, नगर निगम ग्रेटर मुंबई (एमसीजीएम), महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने मुंबई के लिए एकीकृत बाढ़ चेतावनी प्रणाली विकसित की, जिसे IFLOWS-MUMBAI के नाम से जाना जाता है, 12 जून 2020 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री श्री उद्धव ठाकरे और केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री डॉ हर्षवर्धन द्वारा संयुक्त रूप से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसका शुभारंभ किया गया था। बेहतर उत्पादन उत्पन्न करने के लिए MCGM और IMD, मुंबई के साथ एनसीसीआर द्वारा सभी नदियों में व्यापक बाथमेट्री डाटा संग्रह किया गया था। मंत्रालय द्वारा स्थापित वर्षा गेज और राडार के विस्तृत नेटवर्क से उपलब्ध वर्षा डाटा का उपयोग करते हुए नाओ कास्ट मोड में कार्य करने के लिए भी सिस्टम योजना बनाई गई है और मंत्रालय द्वारा राडार स्थापित किए गए हैं। बाढ़ के संपर्क में आने वाले तत्वों की भेद्यता और जोखिम की गणना करने के लिए एक वेब जीआईएस आधारित निर्णय समर्थन प्रणाली का निर्माण किया गया है।

3.3.3 तटीय पर्यावास और पारिस्थितिकी तंत्र

इकोसिस्टम मॉडलिंग का अध्ययन दो परियोजनाओं के साथ किया जा रहा है, एक सीएमएलआरई के सहयोग के साथ पश्चिम तटीय शेल्फ वाटर्स के लिए एमईडीएएस (मरीन इकोसिस्टम डाइनैमिकस ऑफ ईस्टर्न अरेबीयन सी) और पुलीकट इकोसिस्टम (दक्षिण पूर्वी तट)। विभिन्न भौतिक और जैव-रासायनिक मानकों से संबंधित डाटा एकत्र कर इनका विश्लेषण किया गया, जिसमें विशेष रूप से यह पाया गया कि तट से 2 किमी तक की पारिस्थितिकी तंत्र स्थिति विकृत हो रही है। मन्नार की खाड़ी और पल्क खाड़ी क्षेत्रों के 21 द्वीपों पर कोरल रीफ की निगरानी की गईसमय श्रृंखला और कोरल हेल्थ इंडेक्स (सीएचआई) विश्लेषण से संकेत मिलता है कि रीफ की स्थिति में काफी बहाली और सुधार देखने को

चित्र 3.12 (क) राष्ट्रीय तटीय रेखा परिवर्तन सूचना प्रणाली (ख) मॉनसून 2020 के दौरान IFLOWS- मुंबई का उद्घाटन और परीक्षण



चित्र 3.13 (क) भारत के पश्चिमी तट के शेल्फ वॉटर के साथ विभिन्न भौतिक और जैव-रासायनिक मापदंडों का वितरण। (ख) मन्नार की खाड़ी में कोरल रीफ की निगरानी, मैपिंग और पुर्नस्थापना।

मिला है।कोरल रीफ रेस्टोरेशन गतिविधि के हिस्से के रूप में कुल 89 फ्रेम पल्क खाड़ी क्षेत्र में बहाल कोरल के विकास और दर जीवन के अध्ययन के लिए स्थापित किए गए थे, और यह देखा गया कि कोरल प्रजातियों (एक्रोपोरा फॉर्मोसा) की 3 महीने की औसत वृद्धि दर 1.30 ± 0.63 सेमी/महीना थी।

3.4 समुद्र प्रौद्योगिकी

3.4.1 समुद्र प्रेक्षण प्रणाली

मुरेड समुद्र प्रेक्षण नेटवर्क (मून):छः गहरे समुद्री बॉय को ओपेन ओशन डाटा प्रदान करने के लिए लगाया गया, जो रियल-टाइम में इंकॉइस, आईएमडी में प्रसारित किए जाते हैं और सुनामी की पूर्व चेतावनी के लिए भी उपयोग में लाए जाते हैं। INDARC V मूरिंग को सफलतापूर्वक तैनात किया गया था।बंगाल की खाड़ी में मूरड बॉय सिस्टम की तैनाती की गई और आईएमडी को चक्रवात (अम्फान, निसर्ग और निवर) संबंधी चेतावनी देने के लिए रियल-टाइम सिग्नेचर का योगदान दिया गया। विश्व मौसम विज्ञान संगठन, आईएमडी और अन्य सेवा प्रदाताओं ने बॉय प्रेक्षणों के महत्व की पहचाना की।

अफ्रीकी-एशियाई-ऑस्ट्रेलियाई मानसून विश्लेषण और पूर्वानुमान के लिए अनुसंधान मुरेड सरणी (RAMA): पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय एग्रीमेट, एनओएए रामा बॉय नेटवर्कसमझौते के तहत, हिंद महासागर में 25 मुरेड बॉय की तैनाती की गई है। 26 दिन का एक रामा क्रूज जो 10 तैनाती, 10 पुनर्प्राप्ति और 1 सीटीडी ऑपरेशन को कवर करता है सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

3.4.2 ऊर्जा एवं शुद्ध जल

केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप द्वीप समूह में विलवणीकरण संयंत्रों की स्थापना: जनवरी 2020 में कल्पेनी में एक निम्न तापमान थर्मल विलवणीकरण संयंत्र (एलटीटीडी) को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है (चित्र 3.15)। संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप के अमिनी, एंड्रोथ, चेतलाट, कदमत और किल्टन द्वीप में 150 मीटर 3 प्रतिदिन की क्षमता वाले पांच और एलटीटीडी संयंत्रों की स्थापना अंतिम चरण में है।

3.4.3 तटीय अभियांत्रिकी

पुडुचेरी में तटीय संरक्षण के लिए समुद्र तट जीर्णोद्धार के साथ अपतटीय चट्टान का डिजाइन: जलमग्न उत्तरी रीफ, अपतटीय दक्षिण रीफ और समुद्र तट वृद्धिकरण के साथ एक विस्तृत संकर समाधान सफलतापूर्वक लागू

चित्र 3.14 कलपेनी एलटीटीडी संयंत्र का संप, ट्रेस्टल और संयंत्र भवन का दृश्य

किया गया था और जिसके परिणामस्वरूप पुडुचेरी में व्यापक समुद्र तट का निर्माण हुआ। समुद्र तट प्रोफाइल और बाथीमेट्री सर्वेक्षण के माध्यम से जलमग्न चट्टान के लिए तटरेखा प्रतिक्रिया की नियमित रूप से निगरानी की गई थी (चित्र 3.15 क)।

अपतटीय विंड टर्बाइन के लिए फिक्स्ड और फ्लोटिंग प्लेटफार्मों पर व्यवहार्यता अध्ययन:खंभात की खाड़ी में मैसर्स सुजलॉन, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के लिए कच्छ की खाड़ी में दो एलआईडीएआर आधारित डाटा संग्रह मंच के डिजाइन और कार्यान्वयन के लिए तकनीकी सेवाएं प्रदान की गईं (चित्र 3.15 ख)।

3.4.4 द्वीप के लिए समुद्रीविज्ञान और प्रौद्योगिकी

समुद्री शैवाल युक्त जैव प्रौद्योगिकी: पमनजी में 25 टन क्षमता के पैडल व्हील संचालित रेसवे तालाब में समुद्री क्लोरैला वल्गेरिस के पायलट पैमाने पर 1.8 ग्राम/एल तक अधिकतम बायोमास का उत्पादन किया गया ।समुद्री माइक्रोएल्गे से महत्वपूर्ण फार्मास्यूटिकल ल्यूटिन के उत्पादन हेतु F/2 के साथ 2 टन रेसवे में समुद्री स्पिरुलिना को प्रायोगिक पैमाने पर विकसित किया गया था, और एनआरडीसी के माध्यम से प्रौद्योगिकी को मैसर्स वेक्ट्रोजेन बायोलॉजिकल प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद को हस्तांतरित कर दिया गया था।

माइक्रोबियल बायोटेक्नोलॉजी: समुद्री जीवाणु अल्केनिवोरक्स डीज़ोलेली EB3 NIOT पॉलीएरोमैटिक हाइड्रोकार्बन (पीएएच) को डीग्रेड करने में सक्षम है जो भूमध्य रेखा से 3000 मीटर गहराई से समुद्री जल के नमूनों से पृथक है।प्रयोगशाला में नॉन-स्पोरिंग यीस्ट हॉर्टेआ वेर्नेकी N129A8 उत्पन्न करने वाले ब्लैक पिगमेंटेड मेलेनिन का संवर्धन 3500 मीटर गहराई से एकत्रित तलछट के नमूनों द्वारा किया जाता है,और मेलेनिन इंट्रासेल्युलर (355 मिलीग्राम / एल) और बाह्यकोशिकीय (225 मिलीग्राम / एल) की अधिकतम एकाग्रता के साथ बायोमास का उच्चतम उत्पादन 26 ग्राम / एल प्राप्त किया गया है। स्ट्रेप्टोमाइसिन ओलिविसस रासप्रौसं-पाठ-40 उत्पादक पाइलिसिडिन (मोनोहाइड्रॉक्सी पाइरिडाइन्स) और एस फेनगुआंगेंसिस रासप्रौसं - पाठ - 34 उत्पादक थायोस्ट्रेप्टोन (साइक्लिक पेप्टाइड) के एक नए स्ट्रेनको 2000 मीटर की गहराई से तलछट से एकत्रित किया गया था।एनआरडीसी के माध्यम से मैसर्स एसएएआईइलेक्ट्रो बायोजेनिक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई में खाद्य, पानी और पर्यावरण के नमूनों में विषाणुजनित एंटेरोकोकस फेकलिस का पता लगाने के लिए मल्टीप्लेक्स पीसीआर किट को विकसित किया गया था। (चित्र 3.16).

ओपन सी केज कल्चर: राज्य के मत्स्य विभाग के साथ संयुक्त रूप से केरल के कोल्लम में 11-12 दिसंबर, 2019 को ओपन सी केज कल्चर, परिनियोजन और संस्कृति प्रबंधन में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।ओलिकुडा में ओपन सी केज कल्चर के पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए नए स्थान पर पुनः स्थापित किया गया था।अंडमान और निकोबार प्रशासन की ओपन सी केज कल्चर पहल के विस्तार के लिए रटलैंड और चिडियाटप्पू के बीच समुद्र क्षेत्र में पर्यावरण प्रभाव आकलन अध्ययन पूरा हो गया है। (चित्र 3.17)

3.4.5 गहरी समुद्र प्रौद्योगिकी और गहरा –समुद्र खनन

6000 मीटर गहराई से पॉलिमेटेलिक नोड्यूल के खनन के लिए एक एकीकृत खनन प्रणाली का विकास: 3420 मीटर के गहराई पर संचलन,कर्षण, संकोचन और रिमोट कंट्रोल के लिए अत्याधिक नरम

चित्र 3.15 (क) जलमग्न रीफ का प्रदर्शन(ख) एलआईडीएआर आधारित डाटा संग्रह प्लेटफ़ॉर्म की स्थापना, और गुजरात में भूभौतिकीय जांच.



चित्र 3.16 (क) 25 टी रेसवे में क्लोरेला संवर्धन-पमनजी (ख) ए डीज़ोलेली ईबी3 द्वारा कच्चे तेल का बायोडाइग्रेडेशन (ग) क्लोरेला से ल्यूटिन के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का स्थानांतरण

चित्र 3.17 (क) कोल्लम में प्रशिक्षण प्रतिभागी (ख) मूरिंग ग्रिड तैयारी प्रशिक्षण (ग) उत्तरी खाड़ी में केज में कोबिया

पानी पर संतृप्त मिट्टी पर विकसित ए ट्रैक खनन मशीन का बंगाल की खाड़ी में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। (चित्र 3.18)

6000 मी गहराई वाली मानवयुक्त सबमर्सिबल का डिजाइन और विकास का: 12 घंटे के संचालन अवधि और 96 घंटे की आपातकालीन स्थिरता के साथ 6000 मीटर की गहराई वाली 3 व्यक्तियों को ले जाने में सक्षम मानवयुक्त सबमर्सिबल के स्वदेशी प्रारूप का विकास कार्य पूरा हो गया है। 6000 मीटर गहराई वाले 2.1 मीटर व्यास वाले टाइटेनियम मिश्र धातु कार्मिक क्षेत्र को वीएसएससी-इसरो के सहयोग से विकसित किया जा रहा है और 25 एमएम मोटाई वाली उथले पानी के लिए एक और ऐक्रेलिक खिड़कियों, एंट्री हैच और पेनेट्रेटर प्लेट जो कि 3 व्यक्तियों को ले जाने में सक्षम का निर्माण स्वदेशी रूप से किया गया। बंगाल की खाड़ी में 180 मीटर की गहराई पर उथले जल कार्मिक क्षेत्र के लिए गहराई गुणवत्ता का सफलतापूर्वक मूल्यांकन किया गया। (चित्र 3.19 क)

गैस हाइड्रेट्स के लिए प्रौद्योगिकी: 3000 मीटर पानी की जल गहराई तक समुद्र तल से नीचे 100 मीटर की लंबाई के लिए लंबे कोर नमूने लेने में सक्षम वायर-लाइन स्वायत्त कोरिंग सिस्टम (डब्ल्यूएसीएस) के समुद्री परीक्षणों को विकसित किया गया था। जनवरी 2020 के दौरान ORV सागर निधि का उपयोग करके समुद्री परीक्षण किया गया था, प्रणालियों को केजी बेसिन (1070 मीटर गहराई) में गैस हाइड्रेट्स साइट पर तैनात किया गया था और समुद्र तल से 60 मीटर नीचे सफलतापूर्वक सब सी ड्रिलिंग की गई थी।गहरे पानी की ड्रिलिंग से पैलियो-वेंटिंग कार्बोनेट प्लेटफॉर्म के दो क्षितिज सामने आए। (चित्र 3.19 ख और ग)

3.4.5 समुद्री सेंसर, इलेक्ट्रॉनिक्स और ध्वनिकी प्रणाली

स्वदेशी 2डी /3डी सब-सीबेड इमेजिंग सोनार विकसित किया गया है और चेन्नई से दूर , रॉयपुरम बंदरगाह पर इसका समुद्री परीक्षण किया गया। दबी हुई वस्तुओं और जहाज के मलवे के 2 डी ध्वनिक चित्र प्राप्त किए गए और सृजित किए गए। जैसा कि डिजाइन समीक्षा समिति द्वारा सुझाया गया था ठीक उसी प्रकार से कम आवृत्ति सिंथेटिक एपर्चर साइड स्कैन सोनार,



चित्र 3.18 (क) और ख) खनन मशीन सागर परीक्षण और (ग) 3420 मीटर पानी की गहराई पर ट्रैक के साथ सीफ्लोर छवि

चित्र 3.19 (क) उथले जल कार्मिक क्षेत्र में ऑनबोर्ड सागर निधि की तैनाती और परीक्षण (ख) कृष्णा गोदावरी बेसिन में गैस हाइड्रेट साइट पर स्वायत्त कोरिंग प्रणाली की तैनाती (ग) 1070 मीटर पर सबसी ऑपरेशन

सरणी कॉन्फ़िगरेशन मौजूदा ट्रांसड्यूसर और सबसिस्टम के साथ किया गया है।

गहरा समुद्र स्वायत अंतर्जलीय प्रोफाइलिंग ड्रिफ्टर (डी-एयूपीडी): 500 मीटर की गहराई पर कार्य करने वाले गहरे समुद्र स्वायत अंतर्जलीय प्रोफाइलिंग ड्रिफ्टर (डीएयूपीडी) का विकास संस्थानिक रूप से किया गया है। प्रोटोटाइप इकाइयों का परीक्षण प्रयोगशाला साइक्लिंग परीक्षण ट्राइल के लिए किया जाता है और केरल के इडुक्की में एनपीओएल की अंतर्जलीय ध्वनिक अनुसंधान सुविधा (यूएआरएफ) के अंतर्गत छोटी अवधि के लिए 110 मीटर गहराई तक संचालन के लिए इसकी तैनाती की जाती है।दो डीएयूपीडी प्रणालियों की पहले और बाद की बैलेस्टिंग और वजन कम किया जाता है (चित्र 3.20)।

ओपन सी फिश केज कल्चर प्रौद्योगिकी: स्वचालित मछली फीडर तंत्र के साथ एक दो मीटर जलमग्न स्पीयर प्रकार के मछली के पिंजरे का निर्माण और प्रदर्शन अंडमान द्वीप समूह में किया जाता है। इसके अलावा, ओपन सी फिश केज के अंदर मत्स्य वृद्धि का आकलन करने के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) आधारित जैव द्रव्यमान आकलन तकनीक विकसित की गई है,चेन्नई में सीआईबीए सुविधा पर प्रोटो सिस्टम का परीक्षण किया गया।

इन्सैट संचार के साथ ड्रिफ्टिंग बॉय का स्वदेशीकरण: इन्सैट संचार के साथ ड्रिफ्टिंग बॉय का स्वदेशीकरण पूरा हो गया हैऔर व्यावसायीकरण के लिए NRDC के तहत दो भारतीय उद्योगों के साथ प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं (चित्र 3.21) । IRNSS (भारतीय क्षेत्रीय नौवहन उपग्रह प्रणाली) आधारित डीबी प्रणाली में Navlc (भारतीय उपग्रह के साथ नेविगेशन) कांस्टेलेशन रिसीवर मॉड्यूल लागू किया गया और इसका परीक्षण किया गया।. मार्च-जुलाई 2020 के

चित्र 3.20 DAUPD - RF एंटिना परीक्षण और क्षेत्र परीक्षण

दौरान हिंद महासागर के विषुवतीय क्षेत्र में 3 डीबी प्रणाली तैनात की गई और मिक्स्ड लेयर सर्फ़ेस करेंट की मैपिंग की गई।

सी-प्रोफाइलर: सी-प्रोफाइलर का निर्माण एक फिश का उपयोग करके किया गया है जो चालकता, तापमान और गहराई (सीटीडी) सेंसर को पेलोड के रूप में उथले पानी के डाटा को इकट्ठा करता है और जो समुद्र की पूर्वानुमानों के लिए महत्वपूर्ण है।

डीप ओशन एम्बिएंट शोर मापन प्रणाली का विकास (डीएएनएमएस): नवंबर 2018 के दौरान एडी 09 ओमनी मूरिंग (आक्षांश 8°14, 73 उत्तर, देशांतर 730, 18′ पूर्व) के हिस्से के रूप में अरब सागर में तैनात गहरे समुद्र की शोर माप प्रणाली को सफलतापूर्वक पुनर्प्राप्त किया गया था। एक नयी डीप ओशन एंबिएंट शोर माप प्रणाली (डीएएमएस) लंबे समय तक गहरे समुद्र के शोर डाटा अधिग्रहण के लिए विकसित की गई और चेन्नई से दूर समुद्र में इसका परीक्षण किया गया और इसे ओएमएनआई बोया एडी 09 (आक्षांश: 08,10' उत्तर, देशांतर 73°17′ पूर्व) के हिस्से के रूप में अरब सागर में 2190 मीटर की गहराई पर सफलतापूर्वक तैनात किया गया।

चित्र 3.21 (क) डीबी प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग समझौते पर हस्ताक्षर (ख) सी - प्रोफाइलर परीक्षण

आर्कटिक कोङ्ग्स्फ़्जोर्डेन में सर्दियों में बर्फ पिघलने का शोर:आर्कटिक क्षेत्र में विकसित इंडार्क मूरिंग सिस्टम के अधस्तल डाटा में खारापन, धारा और जल तापमान को पुनः प्राप्त कर उसका विश्लेषण किया गया। 2015, 2016 और 2017 की सर्दियों में बर्फ के पिघलने की आवाज़ की पहचान की गई है लेकिन 2018 की सर्दियों में बर्फ के पिघलने की घटनाओं की पहचान नहीं हो पाई। (चित्र 3.22). सर्दियों में समुद्री बर्फ का विगलन फोजार्ड में गर्म समुद्री जल के प्रवेश के कारण जल तापमान के सकारात्मक गति-विरोध से संबन्धित होने के साथ-साथ सतह के वायु तापमान में होने वाली विषम वृद्धि के कारण होता है।

समन्वित आर्कटिक ध्वनिक थर्मामीटर प्रयोग (CAATEX)

एनईआरएससी (नानसेन पर्यावरण और रिमोट सेंसिंग सेंटर नॉर्वे) मूरिंग के साथ रासप्रौसं की ध्वनिक रिसीवर प्रणाली को सीएएटीईएक्स टीम द्वारा सितंबर 2020के दौरान केंद्रीय आर्कटिक महासागर (आक्षांश: 81°47' 3.24" उत्तर, देशांतर: 22° 0' 8.49" पूर्व) से सफलतापूर्वक पुनर्प्राप्त किया गया है। प्रयोग में अन्य ध्वनिक रिसीवरों के साथ समकालिक रूप से 360 दिनों के लिए समुद्र में प्रेषित संकेतों को प्रणाली प्राप्त कर रही थी।

तटीय निगरानी अनुप्रयोगों की ओर वेक्टर सेंसर ऐरे (VSA) की वृद्धि

अंतर्जलीय ध्वनिक वेक्टर सेंसर को चिह्नित करने के लिए एक लैबव्यू आधारित अनुप्रयोग विकसित किया गया है। दिशात्मकता निर्धारण हेतु अंतर्जलीय वीएसए की स्थिति का पता लगाने के लिए टर्नटेबल सिस्टम का उपयोग किया जाता है।

3.5 महासागर सर्वेक्षण और खनिज संसाधन:

3.5.1 अनन्य आर्थिक क्षेत्र (ईईज़ेड) का भूवैज्ञानिक अध्ययन



चित्र 3.22 क. 2015-16 ख. 2016-17 ग. 2017-18 घ. 2018-19 के दौरान आर्कटिक सर्दियों में समुद्री बर्फ पिघलने के कारण उत्पन्न होने वाला शोर

भारत के तटीय क्षेत्रों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के सजीव और निर्जीव संसाधनों की बेहतर खोज और उपयोग की ओर, एनसीपीओआर ने अब तक मल्टीबीम स्वथ बाथमेट्री सर्वेक्षण के 72 परिभ्रमण पूरे कर लिए हैं,और 16,92,688 किमी 2 के कुल क्षेत्र को कवर किया, जिसमें भारतीय ईईजेड के गहरे पानी (>500 मीटर) का ~ 90.25% क्षेत्र शामिल हैं। 2020-21 के दौरान अरब सागर ओआरवी - सागर कन्या में एनसीपीओआर द्वारा दो सर्वेक्षण परिभ्रमण किए गए थे। 8 CTD/SVP केंद्रों के साथ मल्टीबीम इंकोसाउंडर (MBES) का उपयोग करके कुल 39,585 किमी. क्षेत्र का सर्वेक्षण किया गया। एलेप्पी-त्रिवेंद्रम टैरेस कॉम्प्लेक्स (एटीटीसी) के मॉर्फोटेक्निक संरचना की विस्तृत मैपिंग और व्याख्या और मार्जिन के विकास में इसकी भूमिका पर कार्य किया गया। पलार बेसिन, भारत के पूर्वी महाद्वीपीय मार्जिन (ईसीएमआई) के साथ बाथमीट्री का विश्लेषण और व्याख्या में पहली बार बीस पनडुब्बी घाटी की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और पालार घाटी प्रणाली (पीसीएस) के रूप में इसे समूहीकृत किया गया है (चित्र 3.23)। एनसीपीओआर में मरीन जियो-साइंटिफिक डाटाबेस (एमजीएसडीबी) को समय-समय पर, एनआईओ ही और जीएसआई जैसे विभिन्न संगठनों द्वारा अधिग्रहीत विभिन्न एनआईओ ही डाटासेट्स के साथ समृद्ध किया जा रहा है।

3.5.2 भारत का विस्तारित महाद्वीपीय शेल्फ कार्यक्रम

भारत ने मई 2009 में पूर्वी और पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र के लिए सीमावर्ती महाद्वीपीय शेल्फ आयोग (सीएलसीएस) पर अपना पहला आंशिक रूप से प्रस्तुतीकरण किया। पश्चिमी अपतटीय क्षेत्र में भारत के दावे की जांच करने के लिए एक उप-आयोग(सीएलसीएस) का गठन किया गया था। उप-आयोग की कार्यवाही वर्तमान में जारी है।

3.5.3 हाइड्रोथर्मल सल्फाइड पर अध्ययन

हाइड्रोथर्मल सल्फाइड्स कार्यक्रम का उद्देश्य हाइड्रोथर्मल खनिज के संभावित क्षेत्रों की पहचान करना और मध्य महासागरीय क्षेत्र में हाइड्रोथर्मल सिस्टम के सीमांत क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान करना है।क्षेत्र में किए गए व्यापक सर्वेक्षण और नमूनाकरण एकत्रीकरण सहित भूभौतिकीय सर्वेक्षण, जल स्तंभ नमूनाकरण, तलछट और रॉक नमूनाकरण, भौतिक और रासायनिक मानचित्रण आदि ने एक दर्जन से अधिक स्थानों में प्लम गतिविधि के पुख्ता सबूत प्रदान किए। अंतर्राष्ट्रीय सीबेड अथॉरिटी (आईएसए) प्रोटोकॉल के अनुसार, व्यवस्थित आधारभूत डाटा उत्पादन भी किया जाता है।मार्च-जून 2020 के दौरान 13 स्थानों पर हाइड्रोथर्मल गतिविधि के संभावित क्षेत्रों के रूप मेंदो परिभ्रमण किए गए थे। क्लस्टर ए और क्लस्टर बी क्षेत्र में दो नए निष्क्रिय सल्फाइड खनिज स्थलों की खोज की गई। प्राप्त नमूनों के अध्ययन में सल्फाइड खनिज की उपस्थिति देखी गई (चित्र 3.24 क) और स्फीरूल्स में डेमॉस्पॉन्ग्स जियोदिबारेटियनड अद्वितीय है (चित्र 3.24 ख). सीआईआर से बरामद किए गए गोलाकार (चित्र 3.24 ग), एनहेडड्रल मैग्नेटाइट की उपस्थिति को दर्शाता है, जो उप-माइक्रोन आकार के सल्फाइड कणों के साथ वाइटाइट होता है, जो हाइड्रोथर्मल प्रक्रिया या सिलिका के तहत संतृप्त मैग्माटिक गतिविधि के साथ जुड़ाव दिखाता है।

3.5.4 पॉलीमेटैलिक नोड्यूल के लिए सर्वेक्षण और अन्वेषण

रिवाइज़्ड फ़र्स्ट जेनरेशन माइनसाइट (आरएफ़जीएम) क्षेत्र में 6.25 किमी x 6.25 किमी ग्रिड सेंपलिंग के साथ 32 दिन की अवधि के लिए फरवरी-मार्च 2020 के दौरान सीएसआईआर-एनआईओ, ओनबोर्ड RV सिंधु साधना (एसएसडी - 071) द्वारा मध्य हिन्द महासागर बेसिन (सीआई ओबी) मेंएक अभियान शुरू किया गया। ओकेन ग्रैब के साथ नोड्यूल सेंपलिंग की गई और नोड्यूल बहुतायत की गणना की गई। भारतीय खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान सीएसआईआर-आईएमएमटी द्वारा एकीकृत अमोनिया और एसिड प्रक्रिया फ्लोशीट के बाद बेंच स्केल परीक्षण में नोड्यूल्स से सीयू, एनआई, सीओ और एमएन के निष्कर्षण के लिए प्रयोग किया जा रहा है। धातुओं को मिश्रित थोक सल्फाइड लिकर से



चित्र 3.23 (क) एटीटीसी का बाथमीट्रिक मानचित्र (ख) पूर्वी अरब बेसिन में एसकेबीएचसी (ग) पलर बेसिन में विभिन्न घाटियों को दर्शाता 3डी मानचित्र



चित्र 3.24 (क) क्लस्टर-बी से प्राप्त सल्फाइड के नमूने (ख) एसडबल्यूआईआर से प्राप्त डीप सी स्पोंज (ग) सीआईआर तलछट से बरामद स्फेरूल।

विलायक निष्कर्षण द्वारा अलग किया गया था और एसआईएमएन मिश्र धातु की तैयारी मंफ लीच अवशेषों का उपयोग किया गया था।प्रक्रियाओं का परीक्षण क्रमशः 50 एल और 5 किलोग्राम के पैमाने पर भी किया जा रहा है।

3.6. अनुसंधान पोत

- वर्ष 2020 के दौरान, ओआरवी सागर कन्या ने 04 परिभ्रमण किए हैं और समुद्र में 100 दिनों के लिए इसका उपयोग किया गया। क्रूज एसके-365 से एसके 367 को महासागर तल सीस्मोमीटर की पुनर्प्राप्ति के लिए हिंद महासागर में ईओजेड कार्यक्रमों के SK 368 और IOGL कार्यक्रमों के भू-वैज्ञानिक अध्ययनों के तहत अरब सागर में स्वाथ बाथमेट्री सर्वेक्षणों के लिए नियोजित किया गया था।ड्रायडॉकिंग और अन्य मरम्मत कार्य जारी किए गए।
- सागर निधि ने बंगाल की खाड़ी में सर्वेक्षण पूरा कर लिया है। एसएआईसी-इंकॉइस द्वारा बंगाल की खाड़ी में साइक सुनामी बॉय की सफल तैनाती और पुनः प्राप्ति का कार्य पूरा हो गया है 2020 के दौरान समुद्र में वैज्ञानिक प्रेक्षण के लिए इसे 176 दिनों के लिए तैनात किया गया था।
- एनसीआरसी द्वारा सागर मंजूषा पर बंगाल की खाड़ी में समुद्री जल की गुणवत्ता की निगरानी और सूक्ष्म प्लास्टिक अध्ययन किया जा रहा था। 2020 के दौरान 65 दिनों के लिए इसका उपयोग समुद्र में वैज्ञानिक प्रेक्षण और क्रूज़िंग के लिए किया गया।
- सागर तारा ने लक्षद्वीप के द्वीपों में विलवणीकरण संयंत्रों के निर्माण के लिए एकल बीम सर्वेक्षण और स्थल चयन के तीन वैज्ञानिक परिभ्रमण पूरे कर लिए हैं। इस जहाज का उपयोग वैज्ञानिक प्रेक्षण 2020 के दौरान समुद्र में 95 दिनों के लिए किया गया था।
- एनसीसीआर और सीएसआईआर-एनआईओ विजाग द्वारा बंगाल कि खाड़ी में समुद्री जल की गुणवत्ता की निगरानी और सूक्ष्म प्लास्टिक अध्ययन के लिए सागर अन्वेषिका का उपयोग किया जा रहा है।
- सागर सम्पदा को समुद्री जीवित संसाधनों के क्षेत्र में काम करने के लिए तैनात किया गया था। इस जहाज का उपयोग 2020 के दौरान समुद्र में 100 दिनों तक किए जाने वाले वैज्ञानिक प्रेक्षण में किया गया था।

अध्याय 4 | ध्रुवीय और हिमांकमंडल अनुसंधान (पेसर)

4.1. अंटार्कटिका में वैज्ञानिक अध्ययन

4.1.1 ध्रुवीय हिमांकमंडलीय और आइसकोर अध्ययन

39 वें भारतीय वैज्ञानिक अंटार्कटिक अभियान के दौरान, केंद्रीय ड्रोनिंग मोडलैंड, पूर्वी अंटार्कटिका के तटीय कटाव से आइसकोर एकत्रित किए गए (चित्र 4.1), जिससे हिम उभारों के चारों ओर बने आधुनिक हिमसंचयन पैटर्नों और पूर्वी अंटार्कटिका में हिमनद रासायनिक प्रक्रियाओं में अप्रत्यक्ष योगदान को समझा जा सके।

4.1.2 बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध में अंटार्कटिका के दक्षिण अटलांटिक क्षेत्र में संवर्धित धूल अंत:प्रवाह: कारण और विकिरणीय शक्ति में योगदान

तटीय ड्रोनिंग मोडलैंड (71°20' दक्षिण, 11°35' पूर्व), पूर्व अंटार्कटिका से एक हिमकोर की धूल प्रवाह प्रोफाइल वर्ष 1905-1929, 1930-1979 और 1980-2005 के दौरान क्रमश: 0.83, 4.7, और 12.88 मिलीग्राम/वर्ग मीटर/वर्ष की औसत के साथ तीन चरणों में बढ़ोतरी को दर्शाता है। दक्षिणी दक्षिण अमेरिका (एसएसए) के ऊपर बढ़ी हुई शुष्कता और अनुकूल वायु स्थितियों तथ अंटार्कटिका के प्रभावी धूल स्रोत के प्रमुख कारण 20 वीं सदी के उत्तरार्ध के दौरान धूल उत्पादन और परिवहन में वृद्धि हैं।

4.1.3 ड्रोनिंग मॉड लैंड (डीएमएल) और एंडरबी लैंड, अंटार्कटिका में बर्फ उठाव और बर्फ सिकुड़न की विशेषतायें

डीएमएल और एंडरबी लैंड तटों की हिमवैज्ञानिक जानकारियां और क्षेत्रीय डेटासेट (उपग्रह इमेजरी, सतह द्रव्यमान संतुलन और बर्फ की मोटाई) बर्फ शेल्फों के विस्तार एवं सतह आकारि की तथा पिछली कई सदियों में विशेष तौर पर हिम उठावों को दृष्टिगत रखते हुए हिम उठानों की कल मानकीय गुणों में बड़े बदलावों को प्रकट करते हैं (चित्र 4.2)। निष्कर्षों के आधार पर, पुरा जलवायु अध्ययनों के लिए हिम उठान हिमकोर ड्रिलिंग के लिए उपयुक्त हैं साथ ही हिम उठान, हिम गत्यात्मकता और उल्लिखित क्षेत्र में विकास को समझने के लिए भी उपयुक्त हैं।

4.1.4अंटार्कटिक सतही वातावरण में जैव भू रासायनिक प्रक्रिया का अध्ययन

अंटार्कटिका में क्रायोकाइट के छिद्रों और सतह के बर्फ के वातावरण में विघटित कार्बनिक कार्बन (डीओसी) और आयनिक घटकों पर प्रकाश रासायनिक और सूक्ष्मजीव के प्रभाव को समझने के लिए मेसोकोस्म प्रयोग किए गए। इसके अतिरिक्त, प्राकृतिक वातावरण में क्रायोकाइट के छिद्रों को अलग-अलग प्रकाश स्थितियों में प्रेक्षित किया गया। बर्फ की सतह और क्रायोकाइट छिद्र में प्राथमिक और जीवाणु उत्पादन के स्व-स्थाने मापन भी किए गए थे। मेसोकोस्म और प्राकृतिक प्रयोगों से पता चला है कि गर्मियों में प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया के कारण क्रायोकाइट के छिद्रों में शुद्ध डीओसी का संचयन होता है। क्रायोकाइट छिद्रों में कुल डीओसी संचयन में प्राथमिक उत्पादन का केवल 10-15% योगदान पाया गया, विषाणु-प्रेरित बैक्टीरियल लाइसिस जैसी अन्य प्रक्रियाओं सहित, अंतर्निहित तलछट से कार्बनिक कार्बन के विघटन और कण-बाध्य कार्बनिक कार्बन से डीओसी के प्रकाश रासायनिक उत्पादन भी डीओसी पूल में प्रभावी महत्वपूर्ण योगदानकर्ता हैं।



चित्र 4.1 हिम नमूनों के स्थल (लाल बिंदु) और तटीय ड्रोनिंग मोडलैंड पूर्वी अंटार्कटिका में कोवाक्स मार्क V आइस ड्रिल द्वारा हिम कोरिंग।



चित्र 4.2 डीएमएल में हिम उठानों की विशेषता समयमानक टी (बर्फ के परिवर्तन की संवेदनशीलता की माप)। एक वृत्ताकार क्षेत्र टी है, इसका रंग बर्फ की मोटाई के डेटा के स्रोत को दर्शाता है। सितारे दोहरे रेखणों के साथ चार हिम उठानों (दीर्घकालिक स्थिरता का सूचक) को दर्शा रहे हैं, जैसा कि मॉडिस इमेजरी में दिख रहा है।

4.1.5 एक्ससीटीडीएस द्वारा तटीय अंटार्कटिका के हिंद महासागर क्षेत्र का दीर्घकालिक पर्यवेक्षण

दक्षिण पश्चिम हिंद महासागर क्षेत्र में विस्तार योग्य सीटीडी के उपयोग से प्राप्त तापमान और लवणता की ऊर्ध्वाधर संरचनाएं पवन-चालित, चक्रवाती वेडेल सागर परिसंचरण का एक सशक्त प्रभाव दर्शाती हैं, जिसमें अलवणीय और शीतल जल लगभग 20–30° पूर्व की ओर पर परिवर्तित होता है। अलवणीय जल अंतःप्रवाह का ऊर्ध्वाधर विस्तार लगभग 300 मीटर था। इसी तरह, प्रिज़बे में, आइसोहेलाइन्स का उपर-ढलान, कम तापमान (-0.25°C) और सतह पर सघनित जल >27.7 kgm^{-3} बर्फ निर्माण और लवण के प्रवेश के दौरान संवर्धित लवण अस्वीकरण और सर्दियों के संवहन के दौरान मिश्रित परत में कम ऑक्सीजन वाले परिध्रुवीय गहरे जल को प्रदर्शित करते हैं।

4.1.6 ध्रुवीय सूक्ष्मपुराविज्ञान और पुरा जलवायु

अंटार्कटिक झीलों का जैवभूरासायनिक अध्ययन

लार्सेमान हिल्स, पूर्वी अंटार्कटिका (चित्र 4.5) के घुलित प्रमुख आयनों, Sr सांद्रण और 10 तटीय झीलों के 87Sr/86Sr अनुपातों का अध्ययन उनके जल ग्रहण क्षेत्रों में विलेय स्रोतों, परिवहन और हिमनदीय अपक्षय पद्धतियों को नियंत्रित करने के लिए किया गया। इन झीलों की Sr समस्थानिक संरचनाएं 0.7145 के औसत मान के साथ 0.7110 से 0.7211 तक है। विपरीत मॉडल घटनाएं घुलित केटायन और और Sr का प्रथम क्रम अनुमान उपलब्ध करवाती हैं। वे ज्यादातर समुद्री (समुद्रीजल + बर्फ) स्रोतों (केटायन-76%) और Sr-92%) के साथ जो सिलिकेट्स



चित्र 4.3 सतह परिसंचरण और स्टेशनों के स्थलों की योजनाबद्धता दर्शाता अध्ययन क्षेत्र जहां भारतीय अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान 2019-2020 के दौरान उपभोजित सीटीडी प्रेक्षित किया गया था (शीर्ष पैनल), तापमान के ऊर्ध्वाधर खंड (मध्य पैनल) और लवणता (निचला पैनल)।



चित्र 4.4 विश्व में विभिन्न स्थानों पर सिलिकेट अपक्षय दर और CO2 उपभोग दर को दर्शाने वाले भूखंड सहित अध्ययन मानचित्र।

(केटायन-15%)%); (Sr ~2%) के अपक्षय से न्यूनतम आपूर्ति के साथ खनिज (केटायन 9%); (Sr~7%).; Ca-समृद्ध खनिज हैं। स्कैंडेट लेक कैचमेंट (3.6 ± 0.3 tons/km^2/yr and 0.5×10^5 moles/km^2 /yr) के लिए सिलिकेट अपक्षय दर और इसकी संबंधित वायुमंडलीय CO_2 खपत दर का अनुमान औसत वैश्विक नदी घाटियों के लिए रिपोर्ट किए गए मानों (5.4 tons/km 2 /yr and 0.9×10^5 tons/km^2/yr) की तुलना में थोड़ा कम है।

पिछले 161,000 वर्षों के दौरान दक्षिणी महासागरीय ऊर्धवहन में होने वाले परिवर्तनों की दो डायटम प्रजातियों (फ्रैगिलियारोपिस केर्गुएलेंसिस और थैलासियोसिया लेंटिगिनोसा) द्वारा व्याख्या

दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र के स्थायी खुले महासागरीय क्षेत्र से प्राप्त पिछले 161 किलोवर्ष के एक तलछट कोर (एस के 200/33) से वाल्व आकार के फ्रैगिलियारोपिस के गुएलेंसिस और थैलासियोसिया लेंटिगिनोसा का पुनर्निर्माण सागर तल पर सिलिका वैक्टर के रूप में उनकी दक्षता को समझने के लिए किया गया था। दो डायटम प्रजातियों के आकार और प्रवाह में उल्लेखनीय वृद्धि ग्लेशियल समाप्ति के दौरान देखी गई, जो संभवतः सतही जल की स्थूल और सूक्ष्म पोषक तत्वों की उच्च मात्रा की आपूर्ति के कारण तीव्र दक्षिणी महासागर अपवृद्धि के कारण हुई।

दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र में पिछले 156,000 वर्षों में अंटार्कटिक समुद्री-बर्फ और पुराउत्पादकता विविधता

शीतकालीन समुद्र बर्फ सांद्रता (WSIC) और अवधि (WSID) के डायटम आधारित मात्रात्मक अभिलेख, समुद्र सतह तापमान (SST) और दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र से प्राप्त 156 किलोवर्ष के तलछट कोर एसके 200/33 (55°01' द-45°09' पू) की पुराउत्पादकता ~1-2°C SST और प्रत्येक ग्लेशियल अवधि के दौरान ~2 माह/वर्ष की WSID प्रकट करते हैं। यह स्पष्ट है कि जल संबंधी विशेषताएं प्रत्येक हिम नदीय अवधि के दौरान कुछ डिग्री अक्षांश तक उत्तर की ओर गमन करती हैं। यह SACCF को ~ 55° दक्षिण पर, WSI किनारे को 49° दक्षिण के निकट और माध्य APF को 46° दक्षिण पर रखना नियत करता है। यह भी स्पष्ट है कि अन्य क्षेत्रों की तुलना में शीतकालीन समुद्री बर्फ अटलांटिक क्षेत्र में उच्च आयाम भिन्नता दिखाती है, जिसे वेडेल गायर की उपस्थिति के लिए उत्तरदाई माना जाता है, जो उत्तर में समुद्री बर्फ को और आगे की ओर स्थानांतरित करता है।

4.1.7 भारतीय अंटार्कटिक स्टेशनों का संचालन और प्रबंधन

39 वें भारतीय अंटार्कटिक अभियान के दौरान सभी वैज्ञानिक परियोजनाएं और संभारिक परिचालनों को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। भोजन और रसद, ईंधन, पुर्जो आदि के स्टेशनों में पुनः आपूर्ति के बाद, अभियान पोत एमवी वासिली गोलोवनिन 26 मार्च 2020 को 28 भारतीय सदस्यों और 8 हेलिकॉप्टर चालक दल के साथ इंडिया बे से केपटाउन के मार्ग से होते हुए वापसी यात्रा के लिए रवाना हुआ। पोत 10 अप्रैल 2020 को केपटाउन पहुंचा। कोविड-19 महामारी लॉकडाउन के कारण, भारतीय अभियान दल के 28 सदस्य दक्षिण अफ्रीकी एयरवेज की उड़ान एसए 2276 की विशेष निकासी फ्लाइट द्वारा 22 मई 2020 को दिल्ली / मुंबई पहुंचे।

4.1.8 महासागर और ध्रुवीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर ब्रिक्स वर्किंग ग्रुप की बैठक

महासागर और ध्रुवीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पर ब्रिक्स वर्किंग ग्रुप की तीसरी बैठक 23 सितंबर 2020 को ऑनलाइन आयोजित की गई। ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के लगभग 50 प्रतिनिधि

बैठक में शामिल हुए और 21 वैज्ञानिक प्रस्तुतियां दी गई। महासागर और ध्रुवीय विज्ञान के साथ-साथ ब्रिक्स देशों के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय सहयोग पहल के क्षेत्र में प्रत्येक ब्रिक्स देश के वर्तमान अनुसंधान कार्यक्रम और भविष्य की गतिविधियों पर चर्चा की गई। वर्किंग ग्रुप के लिए रोडमैप, अगले ब्रिक्स एसटीआई कॉल के लिए प्राथमिकता अनुसंधान क्षेत्र/विषयों, ब्रिक्स संयुक्त परिभ्रमण, आपसी सहयोग और क्षमता निर्माण की योजना और सतत विकास के लिए महासागर विज्ञान के दशक में संयुक्त राष्ट्र की भागीदारी पर चर्चा की गई और बैठक में हुई कार्रवाईयों पर सहमति हुई।

4.2 आर्कटिक में वैज्ञानिक अध्ययन

कोविड-19 महामारी के कारण पूरे वर्ष भर आर्कटिक अभियान संचालित नहीं किए जा सके। हालांकि, स्वालबार्ड में काम कर रहे वैज्ञानिकों की सहायता से वायुमंडलीय वेधशाला के प्रचालन, इंडार्क मूरिंग और ग्रीष्मकालीन हाइड्रोग्राफिक समय सारणी प्रेक्षणों को संचालित करने संबंधी कार्य किए गए।

4.2.1 भारतीय आर्कटिक स्टेशन पर बादल और वर्षा माप (नी अलसंड, स्वालबार्ड)

मेघ विभिन्न जटिल प्रतिक्रिया प्रक्रियाओं के माध्यम से विकिरण संतुलन को प्रभावित करके आर्कटिक जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 2013 से नी अलसंड, स्वालबार्ड में मापे गए मेघ, वर्षा और अन्य मौसम संबंधी मापदंडों से संकेत मिलता है कि ध्रुवीय स्थल पर निम्न मेघ प्रमुख होते हैं, और मेघ आधार ऊँचाइयों (सीबीएच) और भारी वर्षा की घटनाओं के मध्य संबंध होता है।

4.2.2 ग्रीनलैंड सागर शेल्फ क्षेत्र में आंतरिक ज्वार मिश्रण

एडीसीपी नौबंधनों (2016-2017 की अवधि में) से वेग प्रेक्षण के दौरान यह पता चला है कि महाद्वीपीय शेल्फ और उत्तरी ग्रीनलैंड सागर की ढलान (~ 80 उत्तर) में ऊर्जावान आंतरिक ज्वार और दक्षिणी पक्ष (~70 उत्तर) में मध्यम आंतरिक ज्वार आते हैं। उच्च-विभेदन (2 किमी) संख्यात्मक मॉडल ROMS के अनुसार आंतरिक ज्वार ग्रीनलैंड सागर में जल द्रव्यमान के ऊर्ध्वाधर वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। गर्म आर्कटिक परिदृश्य में, परिवर्तित होते जल द्रव्यमान गुण और AO में स्तरीकरण से भविष्य में आंतरिक ज्वार प्रेरित मिश्रण प्रक्रियाओं और इसके निहितार्थों में काफी बदलाव हो सकता है।

4.2.3. क्रॉसफ्जार्डेन में अटलांटिक मार्ग

गर्मियों में क्रॉसफ्जार्डेन में जल तापमान और लवणता के स्थानिक वितरण (चित्र 4.5) दर्शाते हैं कि पूर्वी क्रॉसफ्जार्डेन अपने पश्चिमी छोर की तुलना में गर्म-लवणीय है, जो अपने पूर्वी छोर के माध्यम से क्रॉसफ्जार्डेन में अटलांटिक जल प्रवेश के संभावित मार्ग को प्रदर्शित करता है। ऊपरी



चित्र 4.5 2013-2018 की अवधि के दौरान जल तापमान के उल्लेखनीय माध्य के संदर्भ में (ए) पश्चिम में और (बी) पूर्व क्रॉसफ्जार्डेन, और लवणता के संदर्भ में (ए) पश्चिम में और (बी) पूर्व क्रोसफजॉर्डेन

पश्चिमी क्रॉसफ्जार्डेन में ठंडा ताजा जल, वृहत् शांत और ताजे जल के निर्वहन के साथ मिलकर पश्चिमी छोर के माध्यम से पिघले हुए हिमनद से बने ताजे जल के बहिर्वाह मार्ग को दर्शाता है। क्रॉसफ्जार्डेन के साथ कांग्सफ्जार्डेन की तुलना से पता चलता है कि क्रॉसफ्जार्डेन में अटलांटिक जल की मात्रा अधिक होने के कारण इसमें हमेशा गर्म-लवणीय जल होता है। कांग्सफ्जार्डेन में गर्मियों में ताजे जल की मात्रा 0.11-1.45 घनकिमी आंकी गई जो कि क्रॉसफ्जार्डेन से 1.4-2.0 गुना अधिक थी।

4.2.4 संवर्धित अटलांटिक-जलवायु पद्धति के साथ मध्य-प्लिओसिन गर्म अवधि के दौरान आर्कटिक समुद्री बर्फ विस्तार में कमी।

अर्ध-मात्रात्मक जलद्रव्यमान विनिमय पुनर्निर्माण को स्रोत-विशिष्ट जैवसंकेतकों के आधार पर वसंत में समुद्री बर्फ की सांद्रता के आंकलन का पूरक बनाया गया। आर्कटिक महासागर में गर्म जल के आंकलित परिवहन से यह ज्ञात हुआ कि समुद्री आइसोटोप समस्थानिक अवस्था एम2 ग्लेशियल (3.312–3.264 Ma) के दौरान दीर्घकालिक परिवर्तन सबसे कम थे, जो mPWP के दौरान आर्कटिक महासागर के यूरेशियन क्षेत्र के लगभग पूर्ण अटलांटीकरण के समय के थे। ऑर्बिटल फोर्सिंग को अटलांटिक-व्युत्पन्न जल द्रव्यमान के उत्तर की ओर मात्रा परिवहन को संशोधित करने के लिए प्रमुख नियंत्रण कारक माना जाता है, जिसमें आर्कटिक वसंत समुद्री बर्फ सांद्रता में ~30–35%. की कमी आई है। परिणाम वर्तमान पीढ़ी के मॉडल के सत्यापन के लिए इनपुट प्रदान करते हैं जिसका उद्देश्य आर्कटिक में भविष्य की जलवायु मॉडलिंग की मजबूती में सुधार करना है।

4.2.5 सुदूर संवेदी अध्ययन

स्थानिक-कालवचिक परिवर्तन और आर्कटिक में बारेंट्स-कारा समुद्री बर्फ की परिवर्तनशीलता

1979-2018 की अवधि के विश्लेषण आर्कटिक सागर हिम विस्तार (SIE) की ऋणात्मक प्रवृत्तियां (−4.7 ± 0.3% decade−1) दर्शाते हैं साथ ही बारेंट्स सागर में सर्वाधिक कमी (−23 ± 2.5% दशक−1) और कारा सागर में कमी (−7.3 ± 0.9% दशक−1) देखी गयी है। (चित्र 4.6)। कारा सागर की तुलना में बारेंट्स सागर में बढ़ते ऊष्मा अवशोषण और उच्चतर समुद्र सतह तापमान (एसएसटी) के कारण कारा सागर (−0.8 ± 0.2% दशक−1) की तुलना में सर्दियों के दौरान बारेंट्स सागर में समुद्री बर्फ की गिरावट (−17.6 ± 2.2% दशक−1) बहुत अधिक दर्ज की गई। बीकेएस की समुद्री हिम सांद्रता (एसआईसी) के विश्लेषण एसएसटी (−0.75), समुद्र वायु तापमान (−0.84) और बाहर जाने वाले दीर्घ तरंग विकिरण (−0.76). के साथ उल्लेखनीय ऋणात्मक सहसंबंध दर्शाते हैं। अध्ययन से बीकेएस क्षेत्र में आर्कटिक वार्मिंग और घटती समुद्री बर्फ से जुड़ी जटिल प्रक्रियाओं का पता चला।

ग्लोबल वार्मिंग के कारण आर्कटिक समुद्री-बर्फ आवरण में आयी चेतवनीपूर्ण कमी

उत्तरी ग्रीष्म (जुलाई-सितंबर) में आर्कटिक समुद्री-बर्फ के ह्रास की तीव्रता का निर्धारण विशेष रूप से सितंबर में विभिन्न समय मानकों (दैनिक, मासिक, वार्षिक और दशकीय) पर निष्क्रिय माइक्रोवेव उपग्रह इमेजरी और मॉडल रेटालिसिस डेटासेट द्वारा किया गया (चित्र 4.7)। 1979-



चित्र-4.6 वर्ष 1979-2018 (दाएं) के लिए कुल आर्कटिक क्षेत्र और बीकेएस में वार्षिक एसआईई का प्रतिनिधित्व करने वाले बारेंट्स -कारा सागर (बाएं), और समयसारणी को दर्शाता मानचित्र।

2018 के दौरान उत्तरी ग्रीष्म में आर्कटिक समुद्री बर्फ में तेजी से गिरावट (-10.2 ± 0.8 % दशक-1)आई। जबकि, समुद्री-बर्फ विस्तार (एसआईई) में उच्चतम गिरावट (यानी, 82,300 किमी2वर्ष-1/-12.8 ± 1.1 % दशक-1) सितंबर में देखी गई। 1979 के उत्तरार्ध से, एसआईई में छठी सबसे कम गिरावट (4.71 मिलियन किमी2) सितंबर 2018 के दौरान दर्ज की गई। भूमण्डलीय और आर्कटिक भूमि-महासागर के तापमानों में पिछले 40 वर्षों (1979-2018) में क्रमश: ~0.78°C और ~3.1°C की वृद्धि हुई है, जबकि आर्कटिक महासागर (~3.5°C) में आर्कटिक भूमि (~2.8°C). की तुलना में पर्याप्त तापन दर की पहचान की गई है। आर्कटिक में प्रचलित महासागर-वायुमंडलीय तापन, समुद्री बर्फ विस्तार, सांद्रता और मोटाई कम हो गई है, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री बर्फ की मात्रा में -3.0 ± 0.2 (1000 किमी3दशक-1) की दर से की गिरावट आई है।

4.2.6 आर्कटिक में सूक्ष्मजीव वैज्ञानिक अध्ययन

स्वालबार्ड द्वीपसमूह के तीन आर्कटिक फ़्जौर्ड के पार संवर्धनीय जीवणवीय विविधता

स्वालबार्ड द्वीप समूह में स्थित तीन अलग-अलग फ़्जौर्डों की सतह के जल में संवर्धनीय जीवाणु उपस्थित हैं, आर्कटिक में चार अलग-अलग जीवणवीय माध्यमों और दो विभिन्न तापमानों (4 डिग्री सेल्सियस और 15 डिग्री सेल्सियस) के उपयोग से कुल 438 जीवणवीय पृथक कृत पाये गए हैं। 16S rRNA जीन अनुक्रम विश्लेषण के आधार पर, पृथक कृतों को एक्टिनोबैक्टीरिया (5%), बेक्टेरोएडेट्स (36%), और प्रोटोबैक्टीरिया वर्ग के कुलों जैसे α-प्रोटीओबैक्टीरिया (31%), β-प्रोटियोबैक्टीरिया (3%), और γ-प्रोटियोबैक्टीरिया (25%) से संबंधित 69 विभिन्न प्रकार की जीवाणु प्रजातियों में वर्गीकृत किया गया है। तीन फ़्जौर्डों के मध्य तुलनात्मक आंकड़ा विश्लेषण से पता चला है कि प्रत्येक फ़्जौर्ड के लिए जीवाणु समुदायों का वितरण विविध है।

4.3 हिमालयन अध्ययन

4.3.1 हिमालय में हिमनदीय अध्ययन

चंद्रा बेसिन, पश्चिमी हिमालय के 6 ग्लेशियरों (सुत्री ढाका, बाताल,, बाराशिगरी, समुद्रटापू, गेपांग गाथ और कुंजम) के व्यवस्थित दीर्घकालिक वैज्ञानिक शोध किए गए जिससे बदलती हुई जलवायु और इसके जल संबंधी प्रभावों को एकीकृत अध्ययन (बेंचमार्क ग्लेशियरों के द्रव्यमान संतुलन और गतिशीलता, ऊर्जा और जल बजट, समस्थानिक जलविज्ञान आदि) द्वारा हिमालय हिमांकमण्डल की प्रतिक्रिया को समझा जा सके। चंद्रा बेसिन के लिए एक अभियान सितंबर-अक्टूबर 2020 के दौरान शुरू किया गया और विभिन्न क्षेत्र गतिविधियां जैसे स्टेक नेटवर्किंग, हिम/बर्फ संचयन और पृथक्करण के लिए हिम गड्ढों का मापन, स्त्रावण स्थल प्रबंधन, जलस्तर आंकड़ा संग्रहण, स्वचालित मौसम स्टेशन (एडब्ल्यूएस) से आंकड़ा संग्रहण और प्रबंधन, ग्लेशियर की सतह के पिघलने पर मलबे के आवरण प्रभाव का निरीक्षण, शीर्ष चोटी पर्यवेक्षण के लिए जीएनएसएस सर्वेक्षण, और ग्लेशियर के बर्फ के वेग का मापन किया गया। सतह द्रव्यमान संतुलन के लिए चार ग्लेशियरों (सुत्रीढाका, बाताल,



चित्र 4.7 (ए) मल्टी सेंसर ने उत्तरी गोलार्ध के समुद्री बर्फ विस्तार (एमएएसआईई) का विश्लेषण किया जो सितंबर 2018 के समुद्री बर्फ विस्तार और उनके क्षेत्रीय समुद्रों को दर्शाता है। लाल और गहरे नीले रंग की रेखाएँ सितंबर 2012 और मौसमविज्ञान (1979-2010) के समुद्री बर्फ विस्तार को दर्शाती हैं। (b) समय सारणी आरेख मार्च और सितंबर में रैखिक निम्नतम-वर्ग फिट और वार्षिक समुद्री बर्फ विस्तार के साथ समुद्री बर्फ विस्तार विसंगति (1979-2018) का प्रतिनिधित्व करता है।

समुंद्रटापू और गेपांग) की निगरानी की गई और अपक्षरण डंडे लगाए गए। दो अतिरिक्त एडब्लूएस और तीन एयरोसोल उपकरण (ऐथेलोमीटर, नेफेलोमीटर और एपीएस)) भी लगाए गए हैं।

4.3.2 पश्चिमी हिमालय की चंद्रा नदी में जल निर्वहन और रुके हुए तलछट की गतिशीलता

चंद्रा बेसिन में नदी अपवाह और निलंबित तलछट की निगरानी जलबजट और बेसिन की इसकी संबद्ध प्रक्रियाओं की जांच के लिए की गई है। चंद्रा नदी का दैनिक निर्वहन 2 $m^3 s^{-1}$ to 459 $m^3 s^{-1}$ तक भिन्न होता है, और कुल मिलाकर, वार्षिक जल प्रवाह लगभग 4000 मिलियन क्यूबिक मीटर (MCM) है। तापमान, निर्वहन और निलंबित तलछट के बीच एक महत्वपूर्ण सकारात्मक सहसंबंध पिछले सर्दियों के दौरान ग्लेशियर द्वारा संग्रहीत तलछट के जमाव में वृद्धि को दर्शाता है।

4.3.3 1971-2018 के मध्य पश्चिमी हिमालय पर ग्लेशियर क्षेत्र परिवर्तन और जलवायु संबंधी रुझान से इसका संबंध

पश्चिमी हिमालय में ऊपरी सिंधु बेसिन के चार ग्लेशियर बेसिन (चंद्रा, भागा, मियार, और पार्वती) के लिए ग्लेशियर क्षेत्र के ह्रास, बर्फ आवरण परिवर्तनशीलता, और जलवायु प्रवृत्तियों का आंकलन करने के लिए उच्च-विभेदी उपग्रह डेटासेट का उपयोग किया गया। 1306 वर्गकिमी के ग्लेशियर क्षेत्र को आच्छादित करने वाले कुल 257 ग्लेशियरों, जिनकी औसत ऊंचाई समुद्र सतह से 5200 मीटर है, और औसत ढलान 18° है, का कोरोना (1971) और सेंटिनल (2018) उपग्रह आंकड़ों (चित्र 4.8) का उपयोग करके विश्लेषण किया गया। इन ग्लेशियरों में 0.2 $km^2 a^{-1}$ की दर से क्षेत्र का ह्रास हुआ है और विखंडन के कारण ग्लेशियरों की संख्या में वृद्धि हुई है। पिछले पांच दशकों में ग्लेशियर विखंडन और बड़े पैमाने पर ग्लेशियर ह्रास और बढ़ी हुई वर्षा (नम वर्षा) पश्चिमी हिमालय में ग्लेशियर के क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण प्रभाव प्रकट करते हैं।.

4.4 दक्षिणी महासागर अध्ययन

4.4.1 वेडेलसागर, दक्षिणी महासागर में सर्वाधिक समुद्री बर्फ हानि

उपग्रहीय युग में ध्रुवीय गर्मियों 2016/17 में वेडेल सागर, दक्षिणी महासागर में औसत मौसमी समुद्री-बर्फ विस्तार सबसे कम (1.88×106 किमी2, 56% दीर्घावधिक माध्य) आँका गया। एक बड़ी ऋणात्मक मौसमी विसंगति जो कि अगले तीन गर्मियों के लिए एक अभूत पूर्व फैशन में बनी रही। बर्फ के ह्रास की शुरुआत 2016 के अंत में हुई जब उत्तरी वेडेल सागर में सर्वाधिक सशक्त तेज हवाएं चलीं थीं, जिससे इस क्षेत्र से बहुवर्षीय



चित्र 4.8 चंद्रा बेसिन में 1971 और 2018 के बीच ग्लेशियर में परिवर्तन

समुद्री बर्फ उखड़ गई थी। 2017 में मॉड राइज पोलिनेया फिर से दिखा, उच्च समुद्र तापमान और सर्वाधिक गहराई के तूफानों ने गर्मियों में समुद्र हिम विस्तार को कम कर दिया।

4.4.2 दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र में क्लोरोफिल का मौसमी विकास

उप-उष्णकटिबंधीय अग्रांश, उप-अंटार्कटिक अग्रांश और दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र के ध्रुवीय अग्रांश से तीन बायो-आरगो उत्प्लावकों का उपयोग करके एकत्र किए गए आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इन सभी अग्रांशीय क्षेत्रों में क्लोरोफिल ए का मौसमी विकास समान है (चित्र 4.9)। वसंत के दौरान प्रकाश जोखिम में वृद्धि के कारण; वसंत खिलने की शुरुआत से चलाता है। वसंत के दौरान प्रकाश में वृद्धि और वसंत की शुरुआत की पहल से विकट गहराई पर मिश्रित परत की गहराई उथली हो रही है।

4.4.3 ध्रुवीय ग्रीष्मकाल के दौरान प्रिंज़ बे में प्राणीप्लवक समुदाय संरचना की ऊर्धवार्धर प्रोफाइल

दक्षिण ध्रुवीय ग्रीष्मकाल के दौरान प्रिंज़ बे के नेरिटिक क्षेत्र से 500 मीटर तक पूरे जल स्तंभ में असतत गहराई से एकत्र किए गए प्राणीप्लवकों के



चित्र 4.9 दक्षिणी उप-उष्णकटिबंधीय अग्रांश पर जैव-भौतिकीय प्राचलों का मौसमी विकास: क्लोरोफिल ए (मिलीग्राम / घनमीटर) (ऊपरी 250 मीटर), तापमान (डिग्री सेल्सियस), लवणता (पीएसयू) (ऊपरी 400 मीटर), ब्रंट वैसाला आवृत्ति (s^{-2}) (ऊपरी 250 मीटर) क्रमशः ऊपर से नीचे तक। काली रेखा एमएलडी को दर्शाती है और शीर्ष पैनल में हरी रेखा विकट गहराई को दर्शाती है।

नमूनों से ज्ञात हुआ कि कोपोपोड संख्यात्मक रूप से प्रमुख प्राणीप्लवक समूह है। अंटार्कटिक सतही जल में कैलानोइड्सएक्यूटस, कैलानसप्रोपिंकस और ओथोनासिमिलिस का अनुपात उच्चतर है, जबकि मेट्रिडियागेरलाची, रिनकैलनसगिगास और पैरायूचेटअंटार्कटिका ज्यादातर मग्नतटीय जल में पाए जाते हैं। कैलोनोइड्स एक्यूटस की बहुलता 0 -100 मीटर परत में अधिकतम पाई गई लेकिन इसके नीचे तेजी से इनमें कमी होती गई। कैलानसप्रोपिंकस सी. एक्युटस के समान वितरण पैटर्न दर्शाती है, जिसकी एपिपैलेजिक क्षेत्रों में उच्च बहुलता है।

4.4.4 ध्रुवीय ग्रीष्मकाल के दौरान दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र में ध्रुवीय अग्रांश पर पोषक गत्यात्मकता और जल द्रव्यमान का प्रभाव

ध्रुवीय गर्मियों के दौरान, ध्रुवीय अग्रांश जल, जो संभवतः इस क्षेत्र में परिध्रुवीय गहरे जल के अंतर्भेदन के कारण होता है, में ~200-400 मीटर के बीच उच्च पोषक तत्वों का एक धब्बा देखा गया (चित्र 4.11)। परिध्रुवीय गहरे जल में पोषक तत्वों और कार्बन-समृद्ध जल द्रव्यमान है जो अक्सर अंतरभेदन क्षेत्र में पोषक तत्वों और कार्बन डाइऑक्साइड की आपूर्ति करता है। परिध्रुवीय गहरे जल के अंतर्भेदन और अंतर्क्रिया के कारण प्रमुख उच्च नाइट्रेट और फॉस्फेट बाद में ध्रुवीय अग्रांश—II पर डाइकोथर्मल परत और परिध्रुवीय गहरे जल के बीच फंस सकते हैं (चित्र 4.10), जो उत्तर की ओर कमजोर हो पड़ जाते हैं और ध्रुवीय अग्रांश-I पर लघु प्रवणता के साथ अधिक गहराई पर होते हैं।

4.4.5 बहु-शताब्दीय समय मानकों पर दक्षिणी महासागर और हिंद मानसून में पुरा समुद्र सतह तापमान के बीच स्थापित संबंद्धता

दक्षिणी महासागर (लगभग स्थिति: 40°द; 48.5°पू) के हिंद क्षेत्र से पिछले 40000 वर्षों में पहला उच्च- विभेदन समुद्री सतह तापमान अभिलेखित किया गया। अनुसंधान के दौरान यह ज्ञात हुआ कि दक्षिणी महासागर के हिंद क्षेत्र में शीतल समुद्र सतह तापमान तीव्र मानसून अंतराल के साथ जुड़ा हुआ है। दक्षिणी महासागर की मध्य अक्षांश जलवायु उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में मध्य अक्षांश क्षेत्र से तापमान विसंगतियों के महासागरीय प्रसार के माध्यम से भारतीय मानसून परिसंचरण पर नियंत्रण के रूप में कार्य करती प्रतीत होती है। समुद्र सतह तापमान रिकॉर्ड भी अध्ययन स्थल पर पिछले 9,000 वर्षों (प्रारंभिक-होलोसीन के बाद से) के



चित्र 4.10 ध्रुवीय अग्रांश (पीएफ-II) पर तापमान, नाइट्रेट, फॉस्फेट और स्पष्ट ऑक्सीजन उपयोगिता का ऊर्ध्वाधर वितरण।

दौरान शीतलन की प्रवृत्ति और अंटार्कटिक जलवायु परिवर्तनशीलता के बाद एक विक्षेपी तापमान वृद्धि को प्रकट करता है।

4.5 राष्ट्रीय ध्रुवीय डाटा केंद्र

राष्ट्रीय ध्रुवीय डाटा केंद्र समुद्र विज्ञान, हिमनदविज्ञान, संसाधन और पर्यावरण विज्ञान, जीवविज्ञान एवं पारिस्थितिकी, वायुमंडलीय विज्ञान, आदि विषयों के व्यापक क्षेत्र में किए जा रहे भारतीय ध्रुवीय अनुसंधान के डाटा के प्रबंधन और उनको साझा करने के लिए एक आधिकारिक मंच है। अंटार्कटिका स्टेशनों से सभी आंकड़ों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल करेंट मौसम सूचना प्रणाली (डीसीडब्ल्यूआईएस) स्थापित करके डाटा केंद्र को सशक्त बनाया गया है। कई डाटा सेट जैसे अंटार्कटिक अभियानों के मेटाडाटा और दक्षिणी महासागर अभियान के मेटाडाटा एकीकृत किए गए हैं।

अध्याय 5 | भूकंप विज्ञान और भू विज्ञान अनुसंधान (सेज)

5.1 प्रेक्षण संबंधी भूकंप विज्ञान, भूकंप निगरानी और सेवाएं:

राष्ट्रीय भूकंपीय नेटवर्क (एनएसएन) के तहत स्थापित सभी 115 भूकंपीय वेधशालाएं (चित्र 5.1) 90 प्रतिशत से अधिक समय तक कार्य कर रही हैं। नई दिल्ली में केंद्रीय ग्राही स्टेशन (सीआरएस) में क्षेत्र वेधशालाओं के डेटा वीएसएटी टर्मिनलों के माध्यम से वास्तविक समय में प्राप्त हो रहे हैं। आने वाले आंकड़ों को प्रारंभिक भूकंप मापदंडों, अर्थात्, घटना के समय, स्थान (क्षेत्र), परिमाण, और फोकल गहराई के बाद कुछ ही मिनटों में अनुमान लगाने के लिए अत्याधुनिक ऑटो-लोकेशन सॉफ्टवेयर द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जिसे 'सीज़कॉप 3' कहते हैं। इसकी मदद से भूकंप आने के बारे में आरंभिक मानदंड, जैसे होने का समय, स्थान (क्षेत्र), परिमाण और फोकल लंबाई का अनुमान लगा लिया जाता है। इस घटना के बाद भूकंप की जानकारी प्रयोक्ता एजेंसियों को एसएमएस, फैक्स, ईमेल, मोबाइल-ऐप (आरआईएसईएक्यू), एनसीएस की आधिकारिक वेबसाइट (http:www.seismo.gov.in) जैसे विभिन्न माध्यमों से मूल्य वर्धित उत्पादों, जैसे व्हाट्सएप, ट्विटर और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ प्रसारित की जाती है। देश में कहीं भी एम: 3.0 या उससे अधिक के भूकंप का पता लगाने के लिए परिचालन क्षमता में सुधार करने के लिए, नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) उपकरण संबंधी अंतराल (चित्र 5.1) को भरने के लिए 35 नए स्टेशनों को जोड़कर इस साल नेटवर्क को मजबूत करने की योजना बना रहा है।

देश भर में और आसपास जनवरी से नवंबर 2020 (चित्र 5.2) के दौरान 1527 भूकंप आए थे। इनमें से, 65 घटनाएं परिमाण एमः 5.0 और उससे ऊपर की, 277 सूक्ष्म प्रकृति की घटनाएँ थीं, और शेष घटनाएं छोटे भूकंपों की श्रेणी में आती हैं। राष्ट्रीय नेटवर्क द्वारा नियमित रूप से मासिक राष्ट्रीय भूकंपीय बुलेटिन तैयार की जाती है, जिसमें चरण डेटा और सभी भूकंपों के फोकल मापदंडों पर संसाधित जानकारी होती है और इसे मार्च 2020 तक अपडेट कर दिया जाता है। इन बुलेटिनों की आपूर्ति नियमित रूप से अंतरराट्रीय सीस्मोलॉजिकल सेंटर (आईएससी), ब्रिटेन को उनके मासिक भूकंपीय बुलेटिन में शामिल करने के लिए की जाती है।

यह कैलेंडर वर्ष काफी चुनौतीपूर्ण रहा है, क्योंकि दिल्ली जैसे देश के विभिन्न क्षेत्रों में सूक्ष्म भूकंप / झुंड गतिविधि की कई घटनाएं हुई हैं; पालघर, महाराष्ट्र और केरल के इडुक्की जिले आदि इन गतिविधियों पर एक संक्षिप्त सारांश नीचे दिया गया है:



चित्र 5.1: भारत का राष्ट्रीय सीस्मोलॉजिकल नेटवर्क जिसमें 115 मौजूदा स्टेशनों (लाल त्रिकोण) और स्थापित किए जाने वाले 35 नए प्रस्तावित स्टेशनों (नीला त्रिकोण) को दर्शाया गया है।



चित्र 5.2: जनवरी से नवंबर 2020 की अवधि के दौरान देश में और उसके आसपास भूकंपों के स्थान को दर्शाने वाला मानचित्र।

दिल्ली क्षेत्र

दिल्ली में 12 अप्रैल 2020 को एम: 3.5 की तीव्रता का एक छोटा भूकंप महसूस किया गया, जिसे स्थानीय रूप से तेज ध्वनि के साथ महसूस किया गया। इस 12-16 अप्रैल 2020 की घटना के दौरान चार आफ्टरशॉक्स (एम 3.0 से कम) आए थे। फिर से, 10 मई 2020 को एम: 3.4 की तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप 12 अप्रैल 2020 की पिछली घटना से लगभग 5.1 किमी उत्तर पश्चिम में स्थित था। इस क्षेत्र में जुलाई 2020 तक दो सबसे महत्वपूर्ण घटनाओं के साथ गतिविधि जारी रही, 29 मई 2020 (एम 4.5) और 3 जुलाई 2020 (एम: 4.7) पर हुई। । हालांकि, इन भूकंपों की वजह से किसी भी तरह की जान-माल की क्षति नहीं हुई थी। जनवरी से नवंबर 2020 (चित्र 5.3) की अवधि के दौरान एम: 2.5 और ऊपर के साथ कुल 21 भूकंप दर्ज किए गए।

पिछले दो दशकों के दौरान (और ग्रिड क्षेत्र में 28 डिग्री से 30 डिग्री एन और देशांतर 76 डिग्री से 78 डिग्री पूर्व तक) दिल्ली के आसपास और पिछले घटनाओं पर परिमाण 2.5 और उससे अधिक के भूकंपों पर विचार करके एक विस्तृत विश्लेषण भी किया गया है। विश्लेषण से पता चला है कि 1) दिल्ली में, भूकंप की गतिविधि अप्रैल-मई-जून के दौरान भूकंप की अधिकतम आवृत्ति के साथ एक मौसमी चक्र और, इस अवधि के दौरान औसतन 2.5 या अधिक की 4-5 घटनाएं और 2) डेटा विश्लेषण की अवधि के दौरान भूकंप की घटना की आवृत्ति में कोई निश्चित पैटर्न नहीं है जिससे भूकंप गतिविधि में किसी भी वृद्धि का सुझाव मिल सकता है। पिछले वर्षों में, कई बार, दिल्ली क्षेत्र में भूकंप जैसी गतिविधियों का अनुभव हुआ। इसके अलावा, भूकंप गतिविधि की वार्षिक आवृत्ति में, वर्ष 2020 में किसी भी बढ़ती प्रवृत्ति का कोई संकेत नहीं है। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला गया है कि इस वर्ष (12 अप्रैल से) के दौरान गतिविधि असामान्य नहीं है। हालाँकि, इस गतिविधि की नजदीकी निगरानी के लिए, जुलाई-अगस्त 2020 में दिल्ली क्षेत्र में 11 अस्थायी क्षेत्र स्टेशन स्थापित किए गए थे। इसके अलावा, क्षेत्र के प्रमुख दोषों को चित्रित / चिह्नित करने के उद्देश्य से एनसीएस के साथ भूवैज्ञानिक अध्ययनों पर आधारित दो सर्वेक्षणों अर्थात मैग्नेटोटेल्यूरिक (एमटी) और सक्रिय फाॅल्ट मानचित्रण शुरू किया गया है।

केरल का इडुक्की जिला

केरल के इडुक्की जिले के नेदुमकंदम ब्लॉक में 27 फरवरी 2020 के बाद से कर्कश ध्वनि के साथ सूक्ष्म भूकंप (माइक्रो अर्थक्वेक्स) को स्थानीय रूप से बताया और महसूस किया गया, जिससे स्थानीय जनता में खलबली मच गई। गतिविधि की बारीकी से निगरानी करने के लिए, मार्च 2020 के दौरान



चित्र 5.3: जनवरी से नवंबर 2020 की अवधि के दौरान दिल्ली क्षेत्र में भूकंप की गतिविधि। अलग अलग रंगों के साथ बने गोलों द्वारा घटनाओं की भयावहता के संकेत मिलते हैं और क्षेत्र में भूकंपीय स्टेशनों को त्रिकोण द्वारा दर्शाया जाता है। पीला और नारंगी रंग क्रमशः भूकंपीय क्षेत्र 3 और 4 को इंगित करता है।

इस क्षेत्र में तीन डिजिटल पोर्टेबल सिस्मोग्राफ का एक अस्थायी नेटवर्क स्थापित किया गया था। यहां पर 12.03.2020 से 07.09.2020 तक की अवधि के दौरान परिमाण एम: 0.4 और ऊपर की कुल 137 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें एक अधिकतम परिमाण एम: 2.6 की घटना रही। विश्लेषण से पता चला कि गतिविधि एनई-एसडब्ल्यू दिशा (चित्र 5.4) के साथ केंद्रित है। हालांकि, इस क्षेत्र में भूकंप की गतिविधि, 07 सितंबर 2020 के बाद समाप्त हो गई।

महाराष्ट्र का पालघर क्षेत्र

पालघर जिले के ढुंढलवाड़ी गाँव के पास 11 नवंबर 2018 से छोटे परिमाण के भूकंपों का एक क्रम देखा गया है। भूकंप अस्थायी भूकंपीय नेटवर्क द्वारा यहां 2.0 से 3.8 तक के परिमाण में लगभग 710 भूकंप दर्ज किए गए हैं। इनमें से 238 भूकंप जी एम 2.5 के थे जो अधिकतम एम: 3.8 घटना 01 मार्च 2019 को हुई। हालांकि, भूकंपों की बड़ी संख्या (90 प्रतिशत) को 2.0 से कम उथली फोकल गहराई के साथ परिमाण 4.0 कि मी से 6.0 कि मी के बीच पाया गया। इनमें से कई घटनाओं में धमाके के साथ या बिना झटकों जैसी आवाजें आती हैं। विश्लेषण से पता चलता है कि भूकंप तालसारी गाँव के दक्षिण में लगभग 6 X 15 वर्ग कि मी के एक



चित्र 5.4: इदुक्की क्षेत्र में 12.03.2020 से 07.09.2020 तक दर्ज किए गए सूक्ष्म भूकंप का स्थान प्रदर्शित करता नक्शा। इसमें टेक्टोनिक विशेषताओं और पिछले भूकंपों को भी चित्रित किया गया है।

छोटे से क्षेत्र में सीमित रहे हैं, जैसे कि डपचारी, मोदगाँव, हलदपाड़ा, पंढरतारागाँव, करंजवीरा, ओसारवीरा, अम्बेसरी, धुन्धलवाड़ी, शिस्ने और देउर।



चित्र 5.5: बोरहोल (पूर्ण और प्रस्तावित), एमएएसडब्ल्यू स्थानों (पूर्ण और प्रस्तावित) और डीएचटी स्थानों (प्रस्तावित) के साथ-साथ संबंधित शहर (04) के लिए साइट प्रवर्धन कारक के वितरण के साथ-साथ मानचित्र दिखाने वाला नक्शा।

5.1.2 चुने हुए शहरों का भूकंपीय माइक्रोजोन

माइक्रोजोनेशन एक साइट-विशिष्ट अध्ययन है, जो बुनियादी गति विशेषताओं का यथार्थवादी और विश्वसनीय प्रतिनिधित्व प्रदान करता है। देश के भूकंपीय रूप से कमजोर क्षेत्रों में माइक्रोजोन और भूकंप के खतरे से संबंधित अध्ययन चरणबद्ध तरीके से किए जा रहे हैं। इससे भूकंप प्रतिरोधी भवनों के निर्माण, भविष्य में भूमि उपयोग की योजना बनाने और मौजूदा जीवन रेखा संरचनाओं के पुनर्निधारण आदि के बारे में संभावित सामाजिक लाभ हैं। भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर और मैंगलोर, चार शहरों के भूकंपीय माइक्रोजोनेशन कार्य पुनः पूरा होने के उन्नत चरण में है। चित्र 5.5 में मुख्य रूप से इन चार शहरों के मौजूदा भूविज्ञान के साथ प्रबलता के साथ जुड़े मैप किए गए विरोधाभासों और संबंधित शिखर प्रवर्धन कारक के आधार पर चुने गए भू-तकनीकी जांच के लिए बोरहोल्स के स्थानों को दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त, आठ और शहरों (पटना, मेरठ, अमृतसर, आगरा, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर और धनबाद) से संबंधित कार्य शुरू किया गया है।

